RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 72
नई दिल्ली, रविवार, 15 जनवरी, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



ब्रिटेन यूक्रेन को टैंक की आपूर्ति करेगा
विदेश-10

www.dailypioneer.com

### एनडीएमए व उत्तराखंड सरकार की विशेषज्ञों को सलाह

# बिना अनुमति जोशीमठ पर मीडिया से न करें कोई बात

- परामर्श का मकसद मीडिया को जानकारी देने से इंकार करना नहीं, बल्कि भ्रम से बचना
- हालात की अलग-अलग तरीके से व्याख्या होने के कारण प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



'जोशीमठ में एक होटल को गिराने जाने की तैयारियों के बीच उपस्थित एसडीआरएफ

**राष्ट्रीय** आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और उत्तराखंड सरकार ने एक दर्जन से अधिक सरकारी संगठनों और संस्थानों तथा उनके विशेषज्ञों से जोशीमठ की स्थिति पर कोई अनधिकृत टिप्पणी या बयान नहीं देने को कहा है। एनडीएमए ने इन संगठनों और संस्थानों के प्रमुखों को भेजे अपने पत्र में कहा है कि उनसे जुड़े लोगों को उत्तराखंड के जोशीमठ में जमीन धंसने के संबंध में मीडिया से बातचीत नहीं करनी चाहिए और सोशल मीडिया पर इससे संबंधित आंकड़े साझा नहीं करने चाहिए। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि इस परामर्श का मकसद मीडिया को जानकारी देने से इंकार करना नहीं, बल्कि भ्रम से बचना है क्योंकि इस प्रक्रिया में बहुत सारे संस्थान शामिल हैं और वे स्थिति के मद्देनजर अपनी-अपनी व्याख्या दे रहे हैं। एनडीएमए ने कहा कि यह देखा गया है कि विभिन्न सरकारी संस्थान इस विषय से संबंधित आंकड़े सोशल मीडिया मंचों पर जारी कर रहे हैं और साथ ही वे मीडिया के साथ बातचीत में जोशीमठ की स्थिति की अपनी तरह से व्याख्या कर रहे हैं। इसने कहा कि जोशीमठ पर बयान न केवल प्रभावित निवासियों, बल्कि देश के नागरिकों के बीच भी भ्रम पैदा कर रहे हैं। एनडीएमए ने कहा कि 12 जनवरी को केंद्र सरकार द्वारा बुलाई गई एक बैठक के दौरान यह मुद्दा उठा और बाद में उसी दिन एनडीएमए की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में भी इस पर चर्चा की गई। एनडीएमए ने कहा कि जोशीमठ में जमीन धंसने के आकलन के लिए एक विशेषज्ञ समूह का गठन किया गया है। एनडीएमए ने संगठनों से अपने विशेषज्ञों को मामले के बारे में संवेदनशील बनाने के लिए कहा। साथ ही कहा कि संगठनों और विशेषज्ञों को एनडीएमए द्वारा गठित विशेषज्ञ समूह की अंतिम रिपोर्ट जारी होने तक मीडिया मंचों पर कुछ भी साझा करने से बचना चाहिए। इसी तरह के पत्र में, उत्तराखंड सरकार ने संगठनों से कहा है कि कुछ संस्थान और एजेंसियां सक्षम प्राधिकारियों से उचित अनुमति के बिना जोशीमठ के बारे में जानकारी या रिपोर्ट प्रकाशित और साझा कर रहे हैं। इसने कहा कि यह जमीनी हालात पर प्रतिकूल प्रभाव डालने के साथ-साथ निवासियों में डर पैदा कर रहा है। पत्र में कहा गया है कि संगठनों को ऐसी किसी भी रिपोर्ट या जानकारी को प्रकाशित या सोशल मीडिया पर साझा करने से पहले संबंधित केंद्रीय मंत्रालयों या उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से पूर्वानुमति लेनी चाहिए।

## चीन में कोविड के भेंट चढ़ीं 60 हजार जानें

**एजेंसी।** बीजिंग

**चीन** ने शनिवार को बताया कि देश के अस्पतालों में पिछले 30 दिनों में लगभग 60 हजार लोगों की मौत हुई है। चीन का यह कदम विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा की जा रही उन आलोचनाओं के बाद आया है कि चीन महामारी की गंभीर स्थिति से संबंधित खबरों को दबा रहा है। आधिकारिक मीडिया में आई खबर के मुताबिक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने शनिवार को कहा कि देश के अस्पतालों में आठ दिसंबर से 12 जनवरी तक कोविड-19 के कारण 59,938 लोगों की मौत हुई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग के वरिष्ठ अधिकारी जियाओ याहुई ने बताया कि सांस संबंधी दिक्कत के कारण 5,503 और कोविड-19 के साथ अन्य बीमारियों के चलते 54,435 लोगों की मौत हुई है। आयोग ने कहा कि ए मौत अस्पतालों में हुईं। इससे यह संभावना भी है कि घरों में भी लोगों की मौतें हुई होंगी। चीन सरकार ने महामारी-रोधी कदमों को अचानक हटाने के बाद दिसंबर की शुरुआत में कोविड-19 के मामलों और इससे होने वाली मौतों का आंकड़ा देना बंद कर दिया था। डब्ल्यूएचओ ने चीन से इस बारे में अधिक जानकारी देने को कहा था। हांगकांग के समाचार पत्र साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की खबर के अनुसार, मरने वालों की औसत आयु 80.3 वर्ष है, और मृतकों में 90 प्रतिशत लोग 65 या उससे अधिक आयु के थे। चीन ने दैनिक आधार पर कोविड आंकड़े देना बंद कर दिया है। चीन ने लगभग तीन साल के बाद आठ जनवरी को अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए अपनी सीमाओं को फिर से खोल दिया। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने यहां कहा कि देश में शायद सबसे तेज गति से वायरस फैला है और हर रोज लाखों लोग संक्रमित हो रहे हैं। बीबीसी ने शुक्रवार को एक खबर में बताया था कि ऐसा अनुमान है कि देश की 64 प्रतिशत आबादी वायरस से संक्रमित है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने डब्ल्यूएचओ की (शेष पेज 8)

## सिसोदिया ने किया दावा सीबीआई ने मारा छापा

- एजेंसी के अधिकारियों ने कहा, केवल दस्तावेज इकट्ठा करने गए थे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**केंद्रीय** अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की एक टीम दिल्ली आबकारी नीति मामले से संबंधित कुछ रिकॉर्ड एकत्रित करने के लिए शनिवार को दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के कार्यालय पहुंची। यह जानकारी एजेंसी के अधिकारियों ने दी। वहीं मनीष सिसोदिया ने सीबीआई टीम के छापा मारने का दावा किया है। दिल्ली सरकार के सूत्रों ने कहा कि सीबीआई की टीम दिल्ली सचिवालय में सिसोदिया के कार्यालय में छापेमारी कर रही है, लेकिन एजेंसी के अधिकारियों ने कहा कि सीबीआई ने दस्तावेज एकत्रित करने के लिए परिसर का दौरा किया और कोई छापा या तलाशी नहीं की जा रही है। सिसोदिया ने ट्वीट करके दावा किया कि एजेंसी को पिछली छापेमारी के दौरान उनके खिलाफकुछ भी नहीं मिला था और इस बार भी ऐसा ही होगा क्योंकि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है। सिसोदिया ने ट्वीट किया कि आज फिर सीबीआई मेरे दफ्तर पहुंची है। उनका स्वागत है। इन्होंने मेरे घर पर रेड कराई, दफ़्तर में छापा माराए लॉकर तलाशेए मेरे गांव तक में छानबीन करा ली। मेरे खिलाफ न कुछ मिला हैए न मिलेगा क्योंकि मैंने कुछ ग़लत किया ही नहीं है। ईमानदारी से दिल्ली के बच्चों की शिक्षा के लिए काम किया है। एजेंसी के अधिकारियों ने कहा कि सीबीआई द्वारा उपमुख्यमंत्री के कार्यालय में कोई तलाशी या छापेमारी नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि हो सकता है कि टीम आबकारी नीति मामले में कुछ रिकॉर्ड इकट्ठा करने या स्पष्टीकरण मांगने गई हो। कथित आबकारी घोटाले की सीबीआई जांच की सिफारिश पिछले साल दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने की थी। एजेंसी ने सिसोदिया समेत कई लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सीबीआई ने इस मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सिसोदिया के सरकारी आवास पर छापेमारी के अलावा उनसे कई घंटों तक पूछताछ भी की थी। एजेंसी ने पिछले साल 25 नवंबर को सात आरोपियों के खिलाफ अपना पहला आरोपपत्र दायर किया था। उसमें सिसोदिया का नाम नहीं था। अधिकारियों ने कहा कि जांचकर्ताओं ने आप के वरिष्ठ नेता सिसोदिया और प्राथमिकी में नामजद अन्य व्यक्तियों की कथित भूमिका की जांच को खुला रखा है।आरोपपत्र में नामजद सात आरोपियों में गिरफ्तार व्यवसायी विजय नायर और अभिषेक बोइनपल्ली शामिल हैं। आरोप है कि दिल्ली सरकार की शराब व्यापारियों को लाइसेंस देने की नीति कुछ कारोबारियों के पक्ष में प्रभावित थी, जिन्होंने इसके लिए कथित तौर पर रिश्वत दी। इस आरोप का आप ने खंडन किया है।

## भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कांग्रेस सांसद का निधन

- रोकी गई यात्रा, जालंधर से एमपी संतोख सिंह चौधरी को पड़ा था दिल का दौरा

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



संतोख सिंह चौधरी के पार्थिव शरीर के पास बैठे कांग्रेस नेता राहुल गांधी

**कांग्रेस** नेता एवं जालंधर से सांसद संतोख चौधरी का भारत जोड़ो यात्रा के दौरान दिल का दौरा पड़ने के कारण शनिवार को निधन हो गया, जिसके बाद यात्रा 24 घंटे के लिए रोक दी गई। चौधरी 76 वर्ष के थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत विभिन्न दलों के नेताओं ने चौधरी के निधन पर शोक जताया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चौधरी के शोकसंतप्त परिवार से मुलाकात की। राहुल गांधी ने शनिवार सुबह यात्रा के दौरान चौधरी के उनके साथ चलने की तस्वीरें साझा कीं। गांधी ने ट्वीट किया, श्री संतोख सिंह चौधरी के आकस्मिक निधन से स्तब्ध हूं। वह जमीन से जुड़े परिश्रमी नेता, एक नेक इंसान और कांग्रेस परिवार के मजबूत स्तंभ थे जिन्होंने युवा कांग्रेस से सांसद तक अपना जीवन जनसेवा के लिए समर्पित किया। शोकसंतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। कांग्रेस के पूर्व प्रमुख राहुल गांधी ने भी 15 जनवरी को जलंधर में होने वाले अपने संवाददाता सम्मेलन को स्थगित कर दिया है और अब यह 17 जनवरी को होशियारपुर में होगा। पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रताप सिंह बाजवा ने बताया कि दो बार सांसद रहे चौधरी कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व वाली पदयात्रा में जलंधर के फिल्लौर में भाग लेते समय बेहोश हो गए थे। यात्रा में मौजूद रहे बाजवा ने बताया कि चौधरी को एम्बुलेंस के जरिए फगवाड़ा के एक अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। बाद में उनका पार्थिव (शेष पेज 8)

## गडकरी को हत्या की धमकी, सुरक्षा बढ़ायी गयी

**भाषा।** नागपुर

**केंद्रीय** मंत्री नितिन गडकरी को एक व्यक्ति द्वारा खुद को दाऊद इब्राहिम गिरोह का सदस्य बताकर धमकी भरे कॉल करने और 100 करोड़ रुपए की मांग करने के बाद शनिवार को यहां उनके आवास और कार्यालय में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस अधिकारी ने शनिवार रात को बताया कि फोन कॉल करने वाले व्यक्ति की पहचान कर ली गई है और अपराध शाखा को उसके कर्नाटक में होने की जानकारी मिली है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि खामला में गडकरी के जनसंपर्क कार्यालय में सुबह 11 बजकर 25 मिनट से दोपहर साढ़े 12 बजे के बीच तीन धमकी भरे फोन कॉल आए जिसके बाद नागपुर से सांसद और भारतीय जनता पार्टी के नेता गडकरी की नागपुर स्थित आवास और कार्यालय की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। उन्होंने बताया, कॉल करने वाले ने फोन ऑपरेटर से कहा कि वह दाऊद इब्राहिम गिरोह का सदस्य है और उसने गडकरी (शेष पेज 8)




### बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,261 | |
| निफ्टी | 17,956 | |
| सोना | 56,236 | /10g |
| चांदी | 68,729 | /kg |

### क्विक न्यूज

#### चौदह लाख श्रद्धालुओं ने लगाई संगम में डुबकी

**प्रयागराज।** माघ मेला के दूसरे स्नान पर्व, मकर संक्रांति पर शनिवार को शाम छह बजे तक करीब 14.20 लाख श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई। प्रयागराज मेला प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि मकर संक्रांति पर शाम छह बजे तक करीब 14.20 लाख लोगों ने गंगा और संगम में स्नान किया। गंगा और संगम के तट पर बनाए गए सभी 14 घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ भोर चार बजे से ही बनी हुई है। उन्होंने बताया कि चूंकि मकर संक्रांति 15 जनवरी को भी मानाया जा रहा है, इसलिए कल दोपहर तक लोग गंगा में स्नान करेंगे। इससे पूर्व, प्रथम स्नान पर्व पौष पूर्णिमा पर पांच लाख से अधिक लोगों ने गंगा में स्नान किया था। एक अधिकारी ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए इस वर्ष 14 घाट बनाए गए हैं जिनकी कुल लंबाई 6000 फुट से अधिक है।

## लक्षद्वीप के सांसद मोहम्मद फैजल अयोग्य ठहराए गए

**पायनियर समाचार सेवा।** तिरुवनंतपुरम, नई दिल्ली

**लोकसभा** सचिवालय ने हत्या के प्रयास के एक मामले में हाल में दोषी ठहराए गए लक्षद्वीप के सांसद मोहम्मद फैजल को अयोग्य करार देने वाली अधिसूचना जारी की है। केंद्रशासित प्रदेश में एक अदालत ने फैजल को हत्या की कोशिश के मामले में सजा सुनाई थी। शुक्रवार को जारी अधिसूचना के अनुसार, फैजल को कवरत्ती में एक सत्र अदालत द्वारा दोषी ठहराए जाने की तारीख 11 जनवरी से लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य करार दिया जाता है। यह फैसला भारत के संविधान के अनुच्छेद 102 (1) (ई) के प्रावधानों तथा जनप्रतिनिधि कानून, 1951 की धारा आठ के तहत लिया गया है। इसमें कहा गया है, लक्षद्वीप, कवरत्ती की सत्र अदालत द्वारा दोषी ठहराए जाने के परिणामस्वरूप मामला संख्या 0112017 केंद्रशासित प्रदेश लक्षद्वीप के लक्षद्वीप (शेष पेज 8)

## एसजीपीजीआई ने रोबोटिक्स विधि से निकाला थायरॉइड कैंसर का ट्यूमर

- संपूर्ण भारत के किसी भी सरकारी संस्थान में होने वाली ऐसी पहली सर्जरी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश में पहली एवं संपूर्ण भारत के किसी भी सरकारी संस्थान में होने वाली पहली ऐसी सर्जरी की गई जिसमें थायरॉइड कैंसर को रोबोटिक सर्जरी द्वारा निकाला गया है। प्रयागराज निवासी 21 वर्षीय अविवाहित युवती के गले में थायरॉइड की गांठ हो गई थी, जो लगातार बढ़ रही थी।

प्रयागराज के कमला नेहरू कैंसर अस्पताल में आवश्यक जांचो के बाद वहां के डाक्टरों ने उन्हें बताया गांठ काफी बढ़ चुकी है और गांठ में कैंसर है। इन जटिलताओं के चलते इसकी सर्जरी बिना गले में चीरा लगाए संभव नहीं है। ऐसे में सर्जरी के बाद चीरे-टांके के निशान को लेकर रोगी और उसका परिवार बहुत असहज और निराश था। बिना गले में चीरा लगाए सर्जरी कराने के लिए कमला नेहरू अस्पताल के डाक्टरों ने रोगी को एसजीपीजीआई लखनऊ के रोबोटिक थायरॉइड सर्जन डॉ. ज्ञान चन्द के पास रेफर किया।

डॉ. ज्ञान द्वारा आवश्यक जांच के पश्चात पाया गया कि रोगी को पैपिलरी थायरॉइड कैंसर है। जिसे रोबोटिक विधि द्वारा बिना गले में चीरा लगाए निकाला जा सकता है। परिवार की सहमति के बाद डॉ. ज्ञान ने बीते शुक्रवार को चार घंटे चले ऑपरेशन में रचना के गले में कैंसर से ग्रसित थायरॉइड ग्रंथि समेत कई गाठों को बिना गले में चीरा लगाए सफलता पूर्वक निकाल दिया। इस ऑपरेशन में डॉ. ज्ञान के साथ डॉ. अभिषेक प्रकाश, (शेष पेज 8)

# सड़क के अलावा पानी-पहाड़ पर दौड़ेगी ई.जीप

## इंडियन आर्मी के लिए जीप पेश, 30 मिनट में चार्ज होकर छुड़ाएगी दुश्मनों के छक्के

**ऑटो एक्सपो 2023**

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में शुरू हुए ऑटो एक्सपो में कंपनियों ने एक से बढ़कर एक दमदार वाहन पेश किए है। एक कंपनी ने सेना और वन विभाग की मांग पर अपनी दमदार इलेक्ट्रिक जीप लॉन्च की है। यह जीप सड़क के अलावा पानी और पहाड़ पर भी दौड़ेगी। झ



कंपनी द्वारा इसका माइलेज भी दमदार दिया है। कंपनी प्रावेग ने सेना के लिए तैयार की गई जीप का श्वीर नाम दिया है। यह जीप 30 मिनट में चार्ज होकर 400 किलोमीटर की दूरी तय कर सकती है। कंपनी द्वारा इसकी छत पर सीसीटीवी कैमरा लगाया है। जीप की छत पर लगे कैमरे से आगे होने वाली गतिविधि को अंदर लगी डिस्प्ले पर देखा जा सकता है। पुलिस का दावा है कि 30 मिनट में 80 प्रतिशत चार्ज हो जाएगी।

कंपनी प्रावेग का दावा है कि यह जीप सड़क के अलावा करीब एक मीटर गहरे पानी और ऊंचे नीचे पहाड़ों में आसानी से चल सकती है। इसके अलावा भी इस जीप में कई खासियत दी गई है। वन विभाग द्वारा नेशनल पार्क और अन्य जंगल सफारी में इसका इस्तेमाल किया जा सकता है। छत पर लगे कैमरे से जंगल में आगे आने वाले जंगली जानवरों को देखकर पहले ही पता चल जाएगा। जिसके चलते वन विभाग ने भी इस जीप की मांग की है। कंपनी द्वारा कार की बॉडी काफी मजबूत बनाई गई है, जिससे पत्थर गिरने पर भी गाड़ी में कोई नुकसान नहीं हो सकता।

ऑटो एक्सपो-2023 में सीएनजी, एलएनजी, एथनॉल और हाइड्रोजन से चलने वाले वाहनों को को पेश किया है। हालांकि, इथनॉल और हाइड्रोजन से जो वाहन चलेंगे, उन्हें प्रोटोटाइप में प्रदर्शित किया गया है। इस तरह का इंजन डिजाइन कर लिया गया है कि अब पेट्रोल में 85 प्रतिशत इथनॉल मिलाया जा सकता है। हाइड्रोजन ईंधन वाले ट्रक अधिक भार लेकर चल सकेंगे। अशोक लेलैंड ने भी भविष्य के व्यावसायिक वाहनों से पर्दा उठाया है।

कंपनी ने एफसीईवी को ऑटो एक्सपो में पेश किया। इसमें हाइड्रोजन के 4 टैंक लगे हैं। इसमें 34 किलो हाइड्रोजन आएगी। इससे करीब 500 किलोमीटर का सफर तय हो सकेगा। इसमें हाइड्रोजन गैस फ्यूल सेल में जाएगी और वहां बिजली बनेगी।

इससे ट्रक चलेगा। कंपनी ने एक और ट्रक प्रदर्शित किया है। इसमें हाइड्रोजन के लिए 3 टैंक लगे हैं। इसमें 25 किलो हाइड्रोजन आएगी। इससे 350 किलोमीटर का सफर हो सकेगा। इन ट्रकों में सुरक्षा का बेहतर इंतजाम किया गया है। अगर गैस लीक करती है तो आपूर्ति अपने आप बंद हो जाएगी। साथ ही चालक को चेतावनी भी मिल जाएगी।

### भविष्य के ट्रक न धुंआ देंगे और न आवाज करेंगे

ऑटो एक्सपो दिखाया गया कि आने वाले समय में किस तरीके के वाहन होंगे। वाहनों का भविष्य ऑटो एक्सपो 2023 में पेश किया गया है। इलेक्ट्रिक वाहनों के अलावा हाइड्रोजन ट्रकों ने भी लोगों का ध्यान अपनी तरफ आकर्षित किया है। आने वाले समय ऐसा होगा कि ट्रक ना तो धुंआ देंगे और ना ही आवाज करेंगे। सड़कों पर दहाड़ते और धुआं उगलते ट्रक बीते जमाने की बात हो जाएगी। वाणिज्यिक वाहन निर्माता की दिग्गज कंपनियां टाटा और अशोक लीलैंड ने वैकल्पिक ऊर्जा से चलने वाले ट्रक प्रदर्शित किए हैं।

# ऑटो एक्सपो के हॉल नंबर में 10 शार्ट सर्किट से लगी आग

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा के एक्सपो मार्ट में चल रहे ऑटो एक्सपो में शुक्रवार को एक बड़ा हादसा टल गया। जहां हॉल नंबर 10 में अचानक से शॉर्ट सर्किट होने के चलते आग लग गई।

गनीमत यह रही कि आग को समय रहते ही बुझा दिया गया। इस हादसे में कोई जनहानि या किसी भी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ है। नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक्सपो मार्ट में ऑटो एक्सपो का आयोजन हो रहा है। जहां पर हॉल नंबर 10 में टोयोटा कंपनी का स्टाल लगा हुआ है। वहीं पर अचानक शाम करीब 3;00 बजे छत में हल्की सी आग लगनी शुरू हो गई। इस आग के लगते ही इसकी सूचना सुरक्षाकर्मियों और अग्निशमन कर्मियों को दी गई। जिसके बाद वह लोग मौके पर पहुंचे और फायर उपकरणों की मदद से उस आग पर काबू पाया गया। ऑटो एक्सपो में शाम के समय यह आग हॉल नंबर.10 में लगी। उस समय भारी संख्या में लोग ऑटो एक्सपो में घूम रहे थे। उस हॉल में भी काफी संख्या में लोग मौजूद थे। टोयोटा की स्टाल के ऊपर ही छत पर हल्की सी आग दिखाई दी थी। समय रहते मौके पर अग्निशमन कर्मी भी पहुंच गए और उन्होंने उस आग को बुझा दिया।

हालांकि जब आग लगी उस दौरान लोग घबरा गए लेकिन समय रहते हुए इस आग पर काबू पा लिया गया। जिस समय आग लगी वहां पर काफी लोग घूम रहे थे। उन्हीं में से किसी ने इसका वीडियो बना लिया। वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। आग लगने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। नॉलेज पार्क थाना प्रभारी ने बताया, ऑटो एक्सपो 2023 के हॉल नंबर.10 में शार्ट सर्किट के कारण हल्की सी आग लगी थी। इस आग में कोई भी जनहानि नहीं हुई है। हॉल की पूरी वायरिंग को प्रबंधन के द्वारा चेंज कर दिया गया है।

## लड़की ने फूल लेने से किया इंकार तो सिरफिरे आशिक ने कर दी पिटाई

**नोएडा।** प्यार का बुखार एक सिरफिरे आशिक पर इस कदर चढ़ा कि वह इजहार करने के लिए बुके लेकर परिचित युवती के घर पहुंच गया। बुके लेने से इनकार करने पर सिरफिरा बिफर गया और युवती की जमकर पिटाई कर दी। छेड़खानी करने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया।

थाना प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि युवती ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसका एक परिचित अमित बुके लेकर उसके घर आया। उसने जब बुके लेने से इंकार कर दिया तो अमित जबरन घर में घुसने लगा। छेडखानी का विरोध करने पर आरोपी ने उसकी पिटाई कर दी।

# साद मियां खान बनाए गए डीसीपी ग्रेटर नोएडा

- विशाल पांडे को मिला सेंट्रल नोएडा के एडिशनल डीसीपी का चार्ज, ट्रांसफर के बाद से खाली थे पद

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर से दो पुलिस अधिकारियों के ट्रांसफर के बाद खाली हुए दोनों पदों पर पोस्टिंग की गई है। ग्रेटर नोएडा के डीसीपी अभिषेक वर्मा और डीसीपी ट्रैफिक गणेश प्रसाद साहा के अन्य जनपदों में तबादले हो गए। उसके बाद दोनों पद यहां पर खाली थे। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने इन दोनों पदों पर पुलिस अधिकारियों की पोस्टिंग कर दी है। सेंट्रल नोएडा के एडिशनल डीसीपी साद मिया खान को अब डीसीपी ग्रेटर नोएडा बनाया गया है। साद मिया खान आईपीएस अधिकारी हैं, जो सेंट्रल नोएडा में एडिशनल डीसीपी के पद पर तैनात थे। वहीं विशाल पांडे को एडिशनल डीसीपी सेंट्रल नोएडा का चार्ज दिया गया है। विशाल पांडे चुनाव सेल और वीआईपी ड्यूटी का कार्य देख रहे थे। उससे पहले वह ग्रेटर नोएडा के एडिशनल डीसीपी थे।

विशाल पांडे को डीसीपी सेंट्रल नोएडा बना दिया गया है। वही स्टाफ ऑफिसर अनिल कुमार यादव को डीसीपी ट्रैफिक बना दिया गया है। गौरतलब है कि अभी दी दिन पहले ही पुलिस अधिकारियों के शासन स्तर से तबादले हुए थे। उसी में डीसीपी ग्रेटर नोएडा अभिषेक वर्मा को हापुड़ का पुलिस अधीक्षक बनाया गया था तो वही डीसीपी ट्रैफिक गणेश प्रसाद साहा को भी पुलिस अधीक्षक लखीमपुर खीरी बनाया गया।



**डीसीपी गणेश प्रसाद साहा को पुलिस अधीक्षक लखीमपुर खीरी व डीसीपी अभिषेक वर्मा को पुलिस अधीक्षक हापुड़ बनाए जाने पर नोएडा पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह और अन्य पुलिस अधिकारीगण विदाई देते हुए।**

## संक्षिप्त समाचार



**थाना क्षेत्रान्तर्गत सीनियर सिटीजन के साथ गोष्ठी कर पुलिस अधिकारी।**

### मोदीनगर में दिल्ली-मेरठ मार्ग पर फैली कीचड़

**गाजियाबाद।** मोदीनगर में दिल्ली-मेरठ मार्ग पर मोदी मंदिर के पास सड़क पर कीचड़ फैला हुआ है। इससे कई बाइक सवार गिरकर घायल हो गए। 24 से अधिक बाइक सवार चोटिल हो गए। इससे मार्ग पर कुछ देर के लिए जाम के हालात बने रहे। शुक्रवार शाम सात बजे से लेकर रात साढ़े नो बजे तक मेरठ से गाजियाबाद की और जाने वाले मार्ग पर मोदी मंदिर के निकट हाईवे पर कीचड़ गिर गया। इससे कई लोगों के वाहन फिसल गए। इससे कई लोग घायल हो गए। घर लौट रहे सभासद पति सूबे सिंह भी हादसे का शिकार हो गए। उन्होंने इसकी सूचना नगर पालिका परिषद के अधिकारियों को दी। सड़क से कीचड़ साफकराने को कहा। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने बैरियर लगाकर वाहनों की रफ्तार धीमी कराई।

### कंपनी से डीजल चोरी करने वाला गिरफ्तार

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की कासना थाना पुलिस ने डीजल चोरी करने के मामले में कंपनी में तैनात सुरक्षाकर्मी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी का करीब 80 लीटर डीजल भी बरामद किया है। कंपनी के सीनियर मैनेजर ने ही उस को रंगे हाथों पकड़ा और फिर पुलिस को इसकी सूचना दी गई। दरअसल, कासना थाना क्षेत्र के साइट 5 में स्थित प्रिज्म होलोग्राफी एंड सिक्योरिटी फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी है। उसके सीनियर मैनेजर सुमित कुमार के द्वारा थाने पर शिकायत दी गई कि कंपनी में सिक्योरिटी में तैनात सुभाष नाम के सुरक्षाकर्मी के द्वारा कंपनी में रखे हुए ड्राम से डीजल चोरी किया जा रहा था। सुमित ने बताया कि जब वह कंपनी पहुंचे तो देखा कि सुभाष डीजल को चोरी कर एक खाली पड़े हुए प्लॉट में झाड़ियों के बीच में रख रहा था।

### रेक्सीन बनाने की फैक्ट्री में लगी भीषण आग

**गाजियाबाद।** औद्योगिक क्षेत्र साइट.चार में शनिवार सुबह रेक्सीन बनाने की फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। फैक्ट्री में काम कर रहे 20 कामगारों को सुरक्षित बाहर निकालकर अग्निशमनकर्मियों ने आग पर काबू पाया। लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। तेल एकत्रित होने वाले स्थान पर अधिक हीट गर्मी होने के कारण आग लगी थी। साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र साइट.चार में युनाइटेड डेकोरेटिव नाम से रेक्सीन बनाने की फैक्ट्री है। बीके जैन इसके निदेशक हैं। मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे फैक्ट्री में करीब 20 कामगार काम कर रहे थे।

### नोएडा का बिशनपुरा बना सबसे साफ गांव

**नोएडा।** नोएडा में स्वच्छता सर्वेक्षण की टूलकिट के अनुसार ही शहरी क्षेत्र में होटल, विद्यालयों, अस्पतालों, आरडब्ल्यूए, एओए, सरकारी कार्यालयों, बाजार और ग्रामों के बीच स्वच्छता रैंकिंग प्रतिस्पर्धा कराई गई। प्रतियोगिता का आयोजन 8 श्रेणियों में किया गया। प्रत्येक प्रतिभागी के परिसर का जमीनी सर्वे किया गया। इसके बाद 3.3 प्रतिभागियों को विजेता घोषित किया गया। इस बार सबसे साफ गांव बिशनपुरा रहा वहीं सबसे साफ सेक्टर 15ए को चुना गया। इसके बाद कार्यक्रम में अयोध्या शोध संस्थान, संस्कृति विभाग उप्र के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती दी गई। इसके अलावा प्रशांत कुमार चतुर्वेदी मथुरा द्वारा राम भजन, स्वामी दीन उन्नाव की ओर से देश भक्ति पर आधारित आल्हा गायन और ट्री इंडिया की ओर से नुक्कड़ नाटक का मंचन भी किया गया।

# चार मंजिला इमारत में लगा सकेंगे लिफ्ट

- नोएडा प्राधिकरण ने बुजुर्गों की सहूलियत के लिए लिया फैसला, नियम-शर्तों का करना होगा पालन

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



नोएडा के विभिन्न सेक्टरों में तीन और चार मंजिला इमारत है। ये इमारत हाइराइज की श्रेणी में नहीं आते। यहां 4 फ्लोर वाले इमारतों में लिफ्ट लगाने का प्रावधान नहीं था। हालांकि इसका एक प्रस्ताव 2015 में बनाया गया, जिसे पास भी किया गया, लेकिन लोगों को इसकी जानकारी नहीं थी।

208वीं बोर्ड बैठक में इसे लाया गया और अब इसे पब्लिक डोमेन में डाला जा रहा है। प्राधिकरण ने बताया कि इन भवनों में रहने वाले बुजुर्गों निवासियों को उपरी मंजिल के फ्लैट में उतरना चढ़ने में काफी दिक्कत होती है। ऐसे में वे लगातार प्राधिकरण से संपर्क भी करते रहते थे। जिसको देखते हुए अब चार मंजिला इमारतों में लिफ्ट लगाने के ऑप्शन को पूरी तरह से खोल दिया गया है। वे लिफ्ट लगवा सकते हैं। बशर्ते इसके लिए उन्हें कुछ नियमों का पालन करना होगा। नोएडा के हाउसिंग विभाग में करीब 32 हजार फ्लैट है। ये फ्लैट प्राधिकरण की प्रॉपर्टी है। इन फ्लैट में अधिकांश तीन मंजिल के है। इसके अलावा सेक्टर.12, 20, 39, 71, 72, 62, 34, 49 व अन्य सेक्टरों में भी चार मंजिला इमारत है। इनमें लिफ्ट लगाई जा सकेगी।

लिफ्ट लगाने का खर्चा इमारत मालिक संबधित आरडब्ल्यूए या टावर ऑनर को खुद वहन करना होगा। साथ ही लिफ्ट लगाने लिए आवंटी को भवन नियमावली 2010 के नियम के अनुसार निर्धारित फीस प्राधिकरण में जमा करानी होगी।जिस ब्लाक व टावर में लिफ्ट लगाने का आवेदन किया गया है उस टावर ब्लाक के प्रथम तल व इसके ऊपरी तलों के आवंटियों के द्वारा अनापत्ति का शपथ पत्र प्रस्तुत किया जाए।

# दबंग ने युवक को मारा चाकू

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद के मोदीनगर में दो युवकों में मामूली बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि एक ने चाकू से दूसरे युवक पर कई वार कर दिए। इस दौरान युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि गेंद न देने पर विवाद हुआ था।

निवाड़ी थाना क्षेत्र के गांव सारा में शुक्रवार की रात को गेंद न देने से नाराज एक युवक ने दलित युवक पर चाकू से हमला कर दिया। उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गांव सारा में अमन कोरी अपनी मां मुन्नी देवी के साथ रहता है। उनके पड़ोस में जयंती देवी का परिवार रहता है। जयंती देवी के घर पर उनका रिश्तेदार विकास त्यागी उर्फ विक्की आया हुआ है।

बताया जा रहा है कि शुक्रवार की रात को विकास अमन के घर पर पहुंचा और कहने लगा कि मेरी गेंद तुम्हारे घर में आई है। अमन ने गेंद न आने की बात कही तो वह आग बबूला हो गया। इसके बाद गाली गलौज करने लगा। देर रात को अमन अपनी मां मुन्नी देवी के साथ जयंती देवी के घर पहुंचा और विकास की शिकायत करने लगा।

# एसटीएफ ने नकली घी बनाने की फैक्ट्री पकड़ी

- एक किलोग्राम घी तैयार करने में लगभग 200 रुपए खर्च आता था

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

खाद्य सुरक्षा विभाग और स्पेशल टास्क फोर्स एसटीएफ की टीम ने नोएडा के वाजिदपुर गांव के घर में नकली देशी घी बनाने वाली फैक्टरी का भंडाफोड़ किया। टीम ने पांच आरोपियों को हिरासत में लिया है। मौके से 240 किलोग्राम नकली घी जब्त किया गया है। कंपनियों के लेबल लगाकर घी को सस्ते दामों में बेचा जाता था।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय गोयल ने बताया कि वाजिदपुर निवासी संदीप चौहान, जसवंत चौहान और महेंद्र चौहान के संरक्षण में उनके घर पर विकास अग्रवाल निवासी बदरपुर दिल्ली फैक्ट्री चला रहा था। वह मिलावटी घी तैयार करता था। उसके पास फैक्ट्री चलाने के लाइसेंस भी नहीं था। फैक्ट्री से करीब 20 पेटी घी बरामद हुआ है। प्रत्येक पेटी में एक.एक किलोग्राम के 12 डिब्बे थे। फैक्ट्री में वनस्पति घी में केमिकल डालकर देशी घी तैयार किया जाता था। एक किलोग्राम घी तैयार करने में लगभग 200 रुपए खर्च आता था। जबकि उक्त घी को बाजार में 500 से 700 रुपए में बेच देता था। डिब्बों पर नामचीन कंपनियों का लेबल चिपका होने के कारण बाजार में घी बिक रहा था। टीम को फैक्ट्री में आरोपी संदीप के अलावा चार अन्य व्यक्ति काम करते मिले। टीम ने दावा किया है कि फैक्ट्री जनवरी को ही शुरू हुई थी। उनके खिलाफ एक्सप्रेस.वे थाने में मामला दर्ज कराया जाएगा। आरोपियों ने कुछ व्यापारियों के नाम भी बताए हैं, जिनके यहां माल सप्लाई होता था। ये लोग मॉल तैयार कर दुकानों पर सप्लाई करते थे इसके बाद वहां से इनको ग्राहकों को असली बताकर बेच दिया जाता था।

## बिसरख पुलिस ने बाइक चोर को किया गिरफ्तार

**नोएडा।** बिसरख थाना पुलिस ने बुलेट मोटरसाइकिल चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वाहन चोर की निशानदेही पर तीन चोरी की बुलेट बरामद की है। आरोपी की का एक साथी अभी फरार चल रहा है। जिसकी तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है।

एनसीआर और आसपास के जिलों में वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले एक शातिर चोर को बिसरख थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बिसरख थाना पुलिस ने दिल्ली के रहने वाले जतिन नाम के आरोपी को चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है।



**पुलिस के हत्थे चढ़े वाहन चोर।**

# ऑटो चालक की पिटाई से मौत के मामले में नया मोड़

- घायल साइकिल सवार ने अस्पताल में तोड़ा दम

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



इंदिरापुरम में पुलिस की पिटाई से आटो चालक धर्मपाल यादव की मौत के मामले में नया मोड़ आ गया है। हादसे में घायल साइकिल सवार की बृहस्पतिवार शाम को मौत हो गई है। उसके जीजा की तहरीर पर मृत धर्मपाल यादव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई थी। उस पर लापरवाही पूर्वक तेज गति में आटो चलाने का आरोप है। हालांकि उसकी मौत हो जाने के कारण यह मुकदमा समाप्त हो जाएगा।

ग्राम अमरोली रतनपुर थाना अलीगंज जिला एटा के जवर सिंह के अनुसार, छिजारसी के जगत सिंह उनके साले थे। वह कनावनी पुश्ता रोड पर पूड़ी की ठेली लगाते थे। आठ जनवरी की रात करीब 10 बजे वह साइकिल से घर जा रहे थे।

रास्ते में कनावनी पुश्ता रोड पर शनि मंदिर के पास धर्मपाल यादव ने लापरवाही पूर्वक व तेज गति से आटो चलाकर उन्हें टक्कर मार दी थी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनका दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में उपचार चल रहा था। बृहस्पतिवार शाम करीब चार बजे उनकी मौत हो गई। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव को गृह जनपद ले गए। जगत सिंह की मौत से यह साफहो गया कि हादसा बड़ा था। उसे अधिक चोट आई थी। इससे इस बात को भी बल मिलेगा कि धर्मपाल को भी हादसे में ही चोट आई रही होगी।

धर्मपाल यादव के खिलाफ 10 जनवरी को रिपोर्ट दर्ज हुई है। उसके मुताबिक जवर सिंह ने 10 जनवरी को ही तहरीर दी। वहीं, इस मामले में कनावनी पुलिस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अमित कुमार, सिपाही रविंद्र व दो अन्य सिपाहियों के खिलाफ दर्ज गैरइरादतन हत्या के मुकदमे की जांच लिंक रोड थाना पुलिस ने शुरू कर दी है। पुलिस उपायुक्त ट्रांस हिंडन डा दीक्षा शर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी। ग्राम नागला थाना बांसगांव जिला कासगंज के 28 वर्षीय धर्मपाल यादव यहां कनावनी में किराए पर रहते थे। वह आटो चलाकर अपना जीवनयापन करते थे। आठ जनवरी की रात कनावनी पुश्ता पर उनकी आटो से साइकिल सवार जगत सिंह से टक्कर हो गई थी।

पुलिस उन्हें कनावनी पुलिस चौकी लाई थी। रात में एक बजे छोड़ा था। सोमवार सुबह करीब साढ़े छह बजे उनकी मौत हो गई थी। स्वजन ने पिटाई से मौत होने का आरोप लगाकर करीब साढ़े आठ घंटे तक प्रदर्शन किया था। मामले में इंदिरापुरम कोतवाली की कनावनी पुलिस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अमित कुमार, सिपाही रविंद्र व दो अज्ञात सिपाहियों के खिलाफगैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ था।

# गाजियाबाद में आवारा कुत्तों को लेकर धरना-प्रदर्शन जारी

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद की रिवर हाइट्स सोसाइटी में स्ट्रीट डॉग को लेकर 11 जनवरी से शुरू हुआ विवाद थम नहीं रहा है। सोसाइटी के रेजिडेंट्स दूसरे दिन शुक्रवार को भी देर रात तक धरने पर बैठे रहे। रेजिडेंट्स का साफ तौर पर कहना है कि स्ट्रीट डॉग को सोसाइटी में एंट्री नहीं दी जाएगी।

यदि किसी को स्ट्रीट डॉग से ज्यादा प्यार है तो वो अपने घर में उसे पाल सकता है। सोसाइटी प्रेजिडेंट सुबोध त्यागी ने कहा है कि सोसाइटी में स्ट्रीट डॉग की नो एंट्री के पोस्टर दूसरी सोसाइटीज के बाहर भी चिपकाए जाएंगे। राजनगर एक्सटेंशन में रिवर हाइट्स सोसाइटी है। सोसाइटी अध्यक्ष सुबोध त्यागी के अनुसार, करीब 20 से ज्यादा स्ट्रीट डॉग थे। ये आए दिन किसी न किसी व्यक्ति को काट लेते थे।

सोसाइटी के ज्यादातर लोगों की मांग थी कि स्ट्रीट डॉग्स को यहां से दूर किया जाए। इस पर 11 जनवरी को स्ट्रीट डॉग्स को पकड़कर दूर स्थान पर री-लोकेट करवा दिया गया। इस दौरान सोसाइटी में रहने वाली एनिमल लवर पूनम कश्यप पहुंच गईं। उन्होंने इस कार्रवाई का विरोध किया। इसके बाद एनिमल के लिए काम करने वाली संस्था पीपल्स फॉर एनिमल्स की अध्यक्ष सुरभी रावत भी वहां पहुंच गईं। स्ट्रीट डॉग्स को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी, हाथापाई और फिर मारपीट हुई।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।
पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 15 जनवरी , 2023



# आतंकी होने के शक में दो गिरफ्तार हथियारों के साथ मिले शव के टुकड़े

- एक आरोपी जगजीत सिंह के संबंध खालिस्तानी आतंकवादी अर्शदीप सिंह गिल उर्फ अर्श दल्ला से पाए गए
- आतंकी संगठन हरकत उल अंसार से जुड़ा था दूसरा आरोपी नौशाद, दोनों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा



मौके पर पहुंची लोगों की भीड़। इनसेट में गिरफ्तार आरोपी।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में जघन्य अपराधों का सिलसिला रुक नहीं रहा है। दिल्ली पुलिस ने शनिवार को टुकड़ों में कटा एक और शव बरामद किया है। आतंकवाद के आरोप में गिरफ्तार दो लोगों ने इस संबंध में पुलिस को जानकारी दी थी।

पुलिस मौके पर पहुंची तो क्षत-विक्षत शव मिला। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शव के तीन से ज्यादा टुकड़े किए गए थे।

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने बीते गुरुवार की रात उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के जहांगीरपुरी में एक घर पर छापा मारा था। वहां से दो लोगों को पकड़ा गया और उनके पास से दो हथगोले, तीन पिस्तौल एवं 22 कारतूस बरामद किए गए। पुलिस को शक है कि इन लोगों के आतंकी संगठनों से संबंध हो सकते हैं। पुलिस को छानबीन के दौरान आरोपियों के घर से मानव रक्त के निशान भी मिले तो अधिकारियों ने तफ्तीश का दायरा बढ़ाया। यह गिरफ्तारी राष्ट्रीय राजधानी में गणतंत्र दिवस समारोह से पहले हुई है, जब हर तरफ सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद होती है।

गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों की पहचान जगजीत सिंह उर्फ जग्गा (29) और नौशाद (56) के रूप में हुई है। दिल्ली पुलिस ने दोनों के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत मामला दर्ज किया है। पूछताछ के दौरान आरोपी पुलिस टीम को थाना भलस्वा डेयरी के तहत श्रद्धानंद कॉलोनी में ले गए जहां दोनों किराए पर रहते हैं।

वहां दोनों की निशानदेही पर हथगोले मिले। जांच के दौरान घर की दीवारों पर खून के धब्बे मिले तो पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की जिसमें वे पुलिस को एक खाली भूखंड में ले गए जहां शव के टुकड़े मिले। दिल्ली पुलिस के प्रवक्ता सुमन नलवा ने कहा कि आरोपियों को शुक्रवार को अदालत में पेश किया गया और 14 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया।

पुलिस ने कहा कि जग्गा उत्तराखंड में हत्या के एक मामले में पैरोल जम्पर है। दिल्ली पुलिस की जांच में खुलासा हुआ कि जगजीत सिंह खालिस्तानी आतंकवादी अर्शदीप सिंह गिल उर्फ अर्श दल्ला के संपर्क में था और उसे दूसरे देशों में बैठे आतंकियों से निर्देश मिलते रहते थे। गिल को सरकार ने आतंकवादी घोषित कर दिया था। वह पंजाब में लक्षित हत्याओं, आतंक के वित्तपोषण और जबरन वसूली में शामिल रहा है। नौशाद आतंकी संगठन हरकत उल अंसार से जुड़ा था और दोहरे हत्याकांड के मामले में सजा काटकर जेल से बाहर आया था। नौशाद पहले ही दो हत्याओं और विस्फोटक रखने के मामले में 10 साल की सजा काट चुका है।

गृह मंत्रालय ने सोमवार को कहा था कि लुधियाना में पैदा हुआ गिल उर्फ अर्श डाला वर्तमान में कनाडा में रहता है और बड़े पैमाने पर ड्रग्स और हथियारों की तस्करी में संलिप्त है।

वह प्रतिबंधित खालिस्तान टाइगर फोर्स (केटीएफ) से जुड़ा हुआ है और कुख्यात आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की ओर से आतंकी मॉड्यूल चलाता है।

## जन्मदिन की पार्टी में हर्ष फायरिंग, एक घायल

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के जौनापुर गांव में जन्मदिन समारोह के दौरान जश्न के तौर पर गोलियां चलाने और एक व्यक्ति को घायल करने के आरोप में 34 वर्ष के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने शनिवार को बताया कि आरोपी की पहचान रणपाल उर्फ शूटर के रूप में की गई है। पुलिस ने बताया कि इस घटना के बारे में शुक्रवार शाम आठ बजकर 24 मिनट पर सूचना मिली। पुलिस ने बताया कि इस घटना में प्रमोद नामक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि घर में जन्मदिन समारोह आयोजित किया गया था जबकि कुछ लोग छत पर शराब पी रहे थे। अधिकारी ने बताया कि प्रमोद ने अपने बयान में कहा कि आरोपी द्वारा हर्ष फायरिंग के दौरान एक गोली उसके चेहरे पर लगी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि घायल को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया।

## ग्राहकों के खातों से निकाले 19 करोड़, गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली में एक बैंक के एक पूर्व सहायक उपाध्यक्ष को ग्राहकों के तों से 19 करोड़ रुपये से अधिक की राशि अपने खाते में अंखातरित करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि आरोपी की पहचान नागेंद्र कुमार के रूप में हुई है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि बैंक के सतर्कता विभाग ने शिकायत दर्ज कराई है कि नागेंद्र कुमार उनका कर्मचारी था और बाराखंभा रोड स्थित बैंक की शाखा में तैनात था। पुलिस अधिकारी के मुताबिक, सात अगस्त, 2020 को दो खाताधारकों ने बैंक के नकद प्रबंधन पोर्टल (सीएमएस) के माध्यम से अपने खातों से कुछ डेबिट लेन-देन को विवादित बताया।

दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा के उपायुक्त जितेंद्र कुमार मीणा के मुताबिक, बैंक को बाद में पता चला कि नागेंद्र कुमार ने इन खातों से अलग-अलग बैंकों में अपने खातों में 19.80 करोड़ रुपए अंतरित किए।

शिकायतकर्ता बैंक ने उन बैंकों से संपर्क किया, जिनमें आरोपी द्वारा धनराशि अंतरित की गई थी और ठगे गए पैसे को पीड़ितों के खातों में वापस कर दिया गया। पुलिस उपायुक्त के मुताबिक, नागेंद्र कुमार को शुक्रवार को वसंत कुंज इलाके से गिरफ्तार किया गया था।

## सबसे तेज कूल्हा प्रतिरोपण सर्जरी का विश्व रिकॉर्ड बनाने का दावा



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के एक अस्पताल ने शनिवार को दुनिया की सबसे तेज कूल्हा प्रतिरोपण सर्जरी करने का दावा किया।

अस्पताल के मुताबिक, उसने लगभग 15 मिनट में यह सर्जरी पूरी कर दी। ओखला स्थित फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल ने दावा किया कि उसके डॉक्टरों की एक टीम ने 86 वर्षीय एक मरीज की कूल्हा प्रतिरोपण सर्जरी महज 15 मिनट और 35 सेकेंड में करने की उपलब्धि दर्ज की, जो वैश्विक स्तर पर इस तरह के ऑपरेशन में लगी सबसे कम अवधि है। अस्पताल के मुताबिक, बिहार के गया जिले की रहने वाली सुमित्र शर्मा फिसलकर गिर गई थीं, जिससे उनके कूल्हे की हड्डी टूट गई थी। शर्मा को तीन दिन बाद दिल्ली ले आया गया था।

## बोनट पर लटका रहा युवक, कई सौ मीटर तक घसीटा



- रोडरेज का मामले में आरोपी गिरफ्तार, हत्या के प्रयास का केस दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने चलती कार के बोनेट से लटके व्यक्ति का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद कार चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि वीडियो में दिख रहा है कि सफेद रंग की चलती कार के बोनेट पर व्यक्ति लटका हुआ है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि रोड रेज का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) घनश्याम बंसल ने बताया कि भारतीय दंड संहिता की धारा-279 (लापरवाही से वाहन चलाना), धारा-323 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना), धारा-341 (गलत तरीके से बंधक बनाना) और धारा- 308 (गैर इरादतन हत्या का प्रयास) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि आरोपी की पहचान कर ली गई है और पूछताछ की जा रही है।

### रिंग रोड पर ड्यूटी में तैनात एएसआई की हादसे में मौत

*नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस के 59 वर्षीय उपनिरीक्षक लातूर सिंह की कथित तौर पर एक कार की चपेट में आने से ड्यूटी के दौरान ही मौत हो गई। वह कुछ दिन बाद सेवानिवृत्त होने वाले थे। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि यह घटना शुक्रवार रात करीब साढ़े आठ बजे हुई। पुलिस उपायुक्त (मध्य) श्वेता चौहान ने बताया कि मध्य जिले में चांदनी महल थाने में तैनात लातूर सिंह को रिंग रोड पर राजघाट और शांतिवन सिग्नल के बीच एक कार ने टक्कर मार दी जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि घटना के वक्त सिंह ड्यूटी पर तैनात थे। इस संबंध में दरियागंज थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 279 (लापरवाही से गाड़ी चलाना) और धारा 304 ए (लापरवाही से मौत) का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि घटना में शामिल कार को जब्त कर लिया गया है और चालक को भी पकड़ लिया गया है। उन्होंने कहा कि गाड़ी पर हरियाणा की पंजीकरण संख्या दर्ज है।*

## ऑटोप्सी में खुलासा, पूनावाला ने आरी से किए शव के टुकड़े

श्रद्धा हत्याकांड



- एम्स ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट पुलिस को सौंपी
- जंगल में मिले शव के टुकड़े श्रद्धा के होने की पुष्टि

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग के प्रमुख डॉ. सुधीर के गुप्ता ने शनिवार को बताया कि श्रद्धा वालकर के अवशेषों का पोस्टमार्टम करने वाले एम्स चिकित्सा दल ने कहा है कि मौत के बाद श्रद्धा की हड्डियां किसी धारदार वस्तु से काटी गई थीं।

श्रद्धा (27) की उसके लिव-इन पार्टनर आफताब पूनावाला ने पिछले साल दिल्ली में कथित तौर पर हत्या कर दी थी और उसके शव के 35 टुकड़े कर उन्हें राष्ट्रीय राजधानी के अलग-अलग हिस्सों में ठिकाने लगाया था। दिल्ली पुलिस को सौंपी रिपोर्ट में एम्स चिकित्सा दल ने पुष्टि की है कि एक वन क्षेत्र से बरामद निचले जबड़े के अवशेष सहित अन्य हड्डियां और अवशेष महिला के ही हैं। चिकित्सा बोर्ड का नेतृत्व करने वाले डॉ. गुप्ता ने बताया कि अवशेषों की जांच से मृतक की उम्र 20 साल से अधिक होने की पुष्टि हुई है। उन्होंने कहा कि मौत के बाद हड्डियों को किसी धारदार वस्तु से काटा गया था, संभवत: शव के अलग-अलग टुकड़े करने के लिए ऐसा किया गया। दिल्ली पुलिस ने 15 दिसंबर 2022 को कहा था कि एक वन क्षेत्र से बरामद हड्डियों से लिए गए डीएनए के नमूने और जिस घर में श्रद्धा की हत्या हुई थी, वहां मिले खून के निशान के नमूने मृतका के पिता के नमूनों से मेल खाते हैं।

पुलिस ने बताया था कि दो स्वतंत्र प्रयोगशालाओं-हैदराबाद स्थित डीएनए फिंगरप्रिंटिंग एंड डायग्नोस्टिक सेंटर और दिल्ली में सीबीआई की केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला ने नमूनों की जांच के बाद इस बात की पुष्टि की थी। श्रद्धा की हत्या पिछले साल मई में हुई थी, लेकिन यह मामला कई महीनों बाद सामने आया था। पुलिस ने आफताब को 12 नवंबर 2022 को में गिरफ्तार कर लिया था।

## सफदरजंग अस्पताल में आईवीएफ से गूंजी किलकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



- दिल्ली में किसी सरकारी अस्पताल में पहली बार सफल रही तकनीक

दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में पहली बार इन विट्रो फर्टिलाइजेशन (आईवीएफ) तकनीक से किसी बच्चे का जन्म हुआ है। अभी तक आईवीएफ तकनीक को बेहद महंगा और निजी

छह साल से संतान सुख पाने की कोशिशों में जुटे एक दंपती को 13 जनवरी को सफदरजंग अस्पताल में एक बेटा पैदा हुआ। जच्चा और बच्चा दोनों ही स्वस्थ बताए जा रहे हैं।

केंद्र सरकार द्वारा संचालित सफदरजंग अस्पताल की आईवीएफ इकाई की प्रमुख डॉ. बिंदू बजाज ने कहा, दंपती ने कई अन्य अस्पतालों में आईवीएफ तकनीक आजमाई, लेकिन उन्हें कोई सफलता नहीं मिली। लगभग डेढ़ साल पहले उन्होंने सफदरजंग अस्पताल का रुख किया और सहायक प्रजनन तकनीक (एआरटी) के तहत इलाज शुरू कराया। सफदरजंग अस्पताल में स्त्री एवं प्रसूति रोग की प्रोफेसर डॉ. दिव्या पांडे ने कहा, यह एक मुश्किल केस था। आखिरकार, मरीज गर्भधारण में सफल रही और आईवीएफ के तहत पहली ही कोशिश में एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। सफदरजंग अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बी एल शेरवाल ने बताया, सफदरजंग अस्पताल में आईवीएफ सुविधा स्थापित करने की कवायद 2015 में शुरू हुई थी, जब स्त्री एवं प्रसूती रोग विभाग में उससे संबंधित केंद्र के लिए जगह निर्धारित की गई थी। बुनियादी ढांचा और रसद संबंधी पहलुओं को 2019 में पूरा कर लिया गया था। लेकिन, कोविड-19 महामारी के कारण यह केंद्र तब शुरू नहीं किया जा सका था।

डॉ. शेरवाल ने कहा कि अस्पताल में पहली बार आईवीएफ पद्धति से बच्चे के जन्म में कामयाबी मिली है। अस्पताल के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग में सोमवार से शनिवार तक रोजाना प्रजनन संबंधी समस्याओं को समर्पित ओपीडी का संचालन किया जा रहा है।

## झुग्गियां गिराने आदेश के खिलाफ आप का प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

धौला कुआं के पास स्थित झुग्गियों को गिराने के आदेश के खिलाफ आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को दिल्ली प्रदेश भाजपा कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन किया।

कुछ दिन पहले ही दिल्ली सरकार ने अपने लोक निर्माण विभाग को धौला कुआं के पास स्थित झुग्गियों को गिराने के आदेश को तुरंत वापस लेने का निर्देश दिया था। पीडब्ल्यूडी ने 29 दिसंबर को नोटिस जारी कर धौला कुआं इलाके के झुग्गीवासियों को 15 दिनों के भीतर जमीन खाली करने को कहा था। आप विधायक सोमनाथ भारती ने कहा कि उनकी पार्टी किसी का घर नहीं टूटने देगी। उन्होंने आरोप लगाया, भाजपा को क्या परेशानी है। वे दिल्ली के लोगों के खिलाफ काम क्यों कर रहे हैं।

आदिल ने कहा कि भाजपा ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में यह कहा था कि सभी झुग्गीवासियों को जहां झुग्गी है वहीं पर मकान दिया जाएगा, लेकिन अब वे झुग्गियों को गिराने के लिए नोटिस भेज रहे हैं। सरकार ने अपने नोटिस में तोडफ़ोड़ आदेश वापस लेने को कहा था कि ठंड में वैकल्पिक व्यवस्था किए बिना ऐसा करना अमानवीय है।



भाजपा कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन करते आप नेता और कार्यकर्ता।

## संक्षिप्त समाचार




तीन दिवसीय छात्र संसद को संबोधित करते वक्ता व अन्य पदाधिकारी।

### हंसराज कॉलेज में यूथ पार्लियामेंट का आयोजन

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित हंसराज कॉलेज में युवक परिषद् एवं हंसराज कॉलेज की डिबेटिंग सोसायटी प्रस्ताव के संयुक्त तत्वाधान तीन दिवसीय छात्र संसद का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में चार देशों समेत पूरे भारत से 500 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। नेपाल के 20 छात्रों के विशेष दल ने भी इस संसद में प्रतिभागिता की। अगले तीन दिनों तक ये युवा सांसद संसद की कार्य प्रणाली और सांसद की जिम्मेदारियों को समझेंगे। सांसद के रूप में बिल पेश करेंगे। उद्घाटन सत्र में न्यायधीश सुधीर अग्रवाल ने किया। जो अयोध्या में राम मंदिर से जुड़े निर्णय के कारण चर्चाओं में रहे हैं। प्रो. रमा ने हंसराज कॉलेज की उस परम्परा जिक्र किया जिसके मूल में त्याग और नैतिकता है और सांसदों के निर्माण में हंसराज उसी संकल्प के कारण इस संसद का आयोजन कर रहा है। इस दौरान युवक परिषद् के अखिल भारतीय संयोजक सुरेश जैन, दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रॉक्टर प्रो. रजनी अब्बी, ब्रम्हकुमारीज से बीके साधना एवं डिबेटिंग सोसायटी के संयोजक डॉ. प्रभांशु ओझा उपस्थित रहे ।

### गंभीर ने शुरू की एक और जन रसोई

**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद गौतम गंभीर ने शनिवार को अपने निर्वाचन क्षेत्र पूर्वी दिल्ली में एक और जन रसोई का उद्घाटन किया। यह एक रुपये में जरूरतमंद लोगों को ताजा भोजन देने की पहल का हिस्सा है। लक्ष्मी नगर के किशन कुंज स्थित नगर निगम के बेकार पड़े ढलाव केंद्र को पुनर्विकसित करके यह रसोई खोली गई है। गंभीर ने बताया कि इस जन रसोई में रोजाना करीब एक हजार लोगों को दोपहर का भोजन उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसी तरह की जन रसोई विनोद नगर और शकरपुर में भी खोली गई थी, जिन्हें नगर निगम चुनाव की वजह से बंद कर दिया गया था, लेकिन अब उन्हें दोबारा खोल दिया गया है। गंभीर ने बताया कि न्यू अशोक नगर और गांधी नगर स्थित रसोई अभी बंद रहेगी, क्योंकि जिन इमारतों में इनका परिचालन होता था वहां पर निर्माण कार्य की योजना है। क्रिकेट से राजनीति में आए गंभीर ने कहा कि इन सामुदायिक रसोई घरों में रोजाना एक रुपए की दर से तीन हजार से अधिक लोगों को भोजन मिलता है, जिनमें से अधिकतर लाभार्थी समाज के गरीब वर्ग से हैं, जो कोविड-19 महामारी और उसके बाद लागू लॉकडाउन से सबसे अधिक प्रभावित हुए थे।

### पुलिस के असंवेदनशील रुख पर कोर्ट की फटकार

**नई दिल्ली।** अदालत ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) से सेवानिवृत्त 85 वर्षीय व्यक्ति की अस्वभाविक मौत की जांच में लचर, गैर पेशेवर और असंवेदनशील रुख को लेकर दिल्ली पुलिस के अधिकारियों को फटकार लगाई। अदालत ने यह भी टिप्पणी की कि बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार के प्रति संस्थागत उदासीनता को क्षमा नहीं किया जा सकता है और अपने बुजुर्गों की उपेक्षा और शोषण करने वालों को छूट नहीं दी जा सकती। पुलिस ने दावा किया कि जम्मू निवासी उजागर सिंह सडक़ हादसे में मारे गए जबकि अदालत ने पाया कि बुजुर्ग अपने ही बच्चों के उत्पीडऩ का शिकार था और अस्वभाविक परिस्थितियों में उसकी मौत हुई। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण की पीठासीन अधिकारी कामिनी लाउ सिंह की मौत संबंधी मामले की सुनवाई कर रही थीं जो 10 दिसंबर को झंडेवालाना मंदिर के नजदीक घायल अवस्था में मिले थे। सिंह की उसी दिन अस्पताल में मौत हो गई जिसके बाद दुर्घटना में मौत की प्राथमिकी दर्ज की गई और जांच अधिकारी ने अधिकरण के समक्ष प्रथम दुर्घटना रिपोर्ट (एफएआर) जमा की।

## दिल्ली-एनसीआर में फिर चार दिन सताएगी शीतलहर

### हल्की बूंदाबादी व हवा चलने से बढ़ी ठंड, 18 तारीख तक जारी रहेगी कड़ाके की सर्दी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



हल्की बूंदाबादी के बाद राजधानी में शनिवार शाम से फिर सर्दी बढ़ गई। हवा की बढ़ी गति के कारण मौसम बदला है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले चार दिन कड़ाके की ठंड पड़ेगी और 18 जनवरी तक शीतलहर चलेंगी। इस दौरान न्यूनतम तापमान तीन डिग्री सेल्सियस तक गिरने की संभावना है।

मौसम विभाग ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री अधिक 10.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अधिकारियों के अनुसार दिल्ली में दिन के दौरान आंशिक रूप से बादल छाए रह सकते हैं। आईएमडी ने बताया कि सुबह साढ़े आठ बजे हवा में नमी का स्तर 88 प्रतिशत दर्ज किया गया। आईएमडी ने कहा कि दिल्ली-एनसीआर में 16 जनवरी और 18 जनवरी के बीच शीतलहर चलेगी। आयानगर और रिज इलाके में मंगलवार और बुधवार को न्यूनतम तापमान तीन डिग्री सेल्सियस तक बना रह सकता है। मौसम विभाग ने कहा कि अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार, दिन में शहर में आंशिक रूप से बादल छाए रहने की संभावना है। 15 जनवरी से दिल्ली और इसके पड़ोसी राज्यों के अलग-अलग हिस्सों में फिर से शीतलहर की स्थिति बनने की संभावना है।

हवा की गति बढ़ने से कोहरे और प्रदूषण से कुछ निजात मिली है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के मुताबिक, सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 374 (बहुत खराब) दर्ज किया गया।

## एयर इंडिया मामले में झूठ फैला रहा मिश्रा : पीड़ित

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया की उड़ान के दौरान सहयात्री शंकर मिश्रा द्वारा खुद पर (महिला पर) पेशाब करने का आरोप लगाने वाली महिला ने शनिवार को आरोपी के उस दावे को खारिज कर दिया जिसमें कहा गया था कि प्रतीत होता है कि महिला ने खुद अपने ऊपर पेशाब किया था।

महिला ने कहा कि मिश्रा का यह दावा पूरी तरह से झूठा और मनगढ़ंत होने के साथ ही अपमानजनक भी है। मिश्रा के वकील रमेश गुप्ता ने अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरज्योत सिंह भल्ला के समक्ष दिल्ली पुलिस की एक याचिका पर बहस करते हुए यह दलील दी थी।

पुलिस ने अपनी याचिका में आरोपी से हिरासत में पूछताछ करने की अनुमति न देने के मजिस्ट्रेट अदालत के आदेश में संशोधन का आग्रह किया था।

# आईएलडी ग्रीन्स परियोजना में खरीदारों को न्याय देने में रेरा गुरुग्राम विफल

### 254 पीड़ित खरीदार 10 साल से अपने घरों के लिए कर रहे इंतजार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**आईएलडी** ग्रीन्स परियोजना में समय पर प्रॉपर्टी तैयार नहीं होने के मामले में रेरा, गुरुग्राम से न्याय नहीं मिलने पर खरीदारों ने अब केंद्रीय शहरी मंत्री हरदीप पुरी और केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू से इस मामले में हस्तक्षेप की मांग की है। ग्रीन फ्लैट बायर्स एसोसिएशन ने शिकायत में लिखा है कि वे इस मामले में रेरा को निर्देश दें कि पीड़ितों को जल्द से जल्द न्याय दिया जाए। इस मांग को लेकर कई बार खरीदारों ने साइट पर प्रदर्शन भी किया है। ग्रीन फ्लैट बायर्स एसोसिएशन एसोसिएशन के अध्यक्ष राजन सोनी ने बताया कि करीब 10 साल पहले काफी लोगों ने आईएलडी ग्रीन्स परियोजना में अपनी कमाई का बड़ा हिस्सा खर्च किया था। पिछले 10 साल से बिल्डर ने यह प्रोजेक्ट पूरा नहीं किया है। बुकिंग के सात साल बाद बायर्स ने कानूनी लड़ाई लड़नी शुरू की। पिछले तीन साल से वे यह लड़ाई लड़ रहे हैं। काफी पैसा खर्च करने के बाद भी उन्हें उनका हक मिला पाया है। अभी



गुरुग्राम में निर्माणाधीन आईएलडी ग्रीन्स परियोजना की साइट पर अपनी प्रॉपर्टी की मांग को लेकर प्रदर्शन करते खरीदार।

तक 254 पीड़ित खरीदार प्रॉपर्टी मिलने का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सेक्टर-37सी गुरुग्राम में परियोजना आईएलडी ग्रीन्स में टावर-2 के निर्माण कार्यों को भी अधूरा छोड़ा गया है।

एसोसिएशन के अधिवक्ता अभय जैन ने कहा कि आज तक हरेरा गुरुग्राम इस मामले में आखरी फैसला सुनाने में विफल रहा है। राजन सोनी ने आगे बताया कि रेरा में 17 अक्टूबर, 2022 को अध्यक्ष के नेतृत्व में पीठ द्वारा यह मामला सुना गया था। एसोसिएशन ने कहा कि डेवलपर आईएलडी मिलेनियम प्राइवेट लिमिटेड की ओर से आवंटियों से लगभग 170 करोड़ रुपये की बड़ी राशि एकत्र की गई, लेकिन उन्हें आवंटन अभी तक नहीं किया गया है।

रेरा गुरुग्राम चेयरमैन केके खंडेलवाल और तीन सदस्य, संजीव कुमार अरोड़ा, अशोक सांगवान व विजय कुमार गोयल के समक्ष इस विषय पर बहस भी हुई।

दोनों पक्षों की दलीलों पर विचार करते हुए फाइनल निर्णय की घोषणा के लिए 27 अक्टूबर, 2022 को निर्णय देने के लिए निर्धारित किया गया। 27 अक्टूबर, 2022 को 80 दिन बीत जाने के बाद भी यह चिंताजनक है, हताश करने वाला है कि इस पर कुछ कार्रवाई नहीं हुई। यह निराशाजनक है कि 254 बायर्स के अधिकारों के लिए एक लंबी कानूनी लड़ाई के बाद रेरा की लचर रवैये के कारण आवंटियों को न्याय मिलने में देरी हो रही है।

# देश की आर्थिक उन्नति में गुरुग्राम का महत्वपूर्ण योगदान, सीए अहम कड़ी

### इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंटस ऑफ इंडिया की उत्तरी भारत का उप-क्षेत्रीय सम्मेलन आयोजित

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**केंद्रीय** मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि देश की आर्थिक उन्नति में गुरुग्राम का महत्वपूर्ण योगदान है। जिसमें चार्टर्ड अकाउंटेंटस एक अहम कड़ी है। उन्होंने कहा कि आज जिस रफ्तार से देश की इकॉनमी का विस्तार हो रहा है। उसमें किसी ना किसी रूप में चार्टर्ड अकाउंटेंटस का भार भी बढ़ गया है। ऐसे में देश की आर्थिक उन्नति में आपके योगदान को नजरअंदाज नही किया जा सकता। वे शनिवार को यहां एक होटल में इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंटस ऑफइंडिया की उत्तरी भारत क्षेत्रीय परिषद द्वारा आयोजित दो दिवसीय उप क्षेत्रीय सम्मेलन के शुभारंभ कार्यक्रम में बोल रहे थे। राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि हरियाणा प्रदेश को कभी पंजाब का छोटा भाई कहा जाता था, जोकि आर्थिक रूप से पंजाब से काफी पीछे था। फिर भी बिना नदी वाले इस छोटे से प्रदेश ने आज अपने लोगों की मेहनत व लगन से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी एक अलग पहचान बनाई है। गुरुग्राम पूरे प्रदेश में सर्वाधिक राजस्व देने के साथ साथ प्रदेश का सवाज़्धिक इनकम टैक्स देने वाला जिला भी है। उन्होंने गुरुग्राम जिला द्वारा दिए जाने वाले इनकम टैक्स के आंकड़ों का जिक्र करते हुए कहा कि गुरुग्राम जिला करीब 48 हजार करोड़ रुपये सालाना बतौर इनकम टैक्स केंद्र सरकार को देता है जोकि पूरे हरियाणा प्रदेश का 65 प्रतिशत है। राव ने कहा हरियाणा की उन्नति में उन सभी लोगों का भी योगदान है जिन्होंने हरियाणा की भूमि को अपने रहने व कार्यक्षेत्र के रूप में चुना है।



गुरुग्राम के एक होटल में इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंटस ऑफ इंडिया की उत्तरी भारत क्षेत्रीय परिषद द्वारा आयोजित दो दिवसीय उप-क्षेत्रीय सम्मेलन में अतिथि केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह को स्मृति चिन्ह देते परिषद् के सदस्य।

**एग्रीकल्चर वाले हरियाणा में हो रही है जी-20 समूह की बैठक :** केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एक समय था जब हरियाणा के बारे में कहा जाता था कि यहां एग्रीकल्चर तो है, लेकिन कल्चर नहीं है। आज उन लोगों को देखना चाहिए कि हरियाणा ने अपने लोगों के दम पर क्या उन्नति की है। उन्होंने जी-20 समूह की गुरुग्राम में होने वाली बैठक का जिक्र करते हुए कहा कि यह हमारे लिए गवज़् का विषय है कि हमने स्वयं को इस काबिल बनाया है कि आज अंतरराष्ट्रीय स्तर की बैठकों के लिए गुरुग्राम का चयन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा सरकार ने गुरुग्राम में ऐसा विकास का मॉडल स्थापित किया है जिसे देश के अन्य राज्य अपने यहां लागू करने के लिए आतुर दिख रहे है। कहा, यह निर्णय लेने वाली सरकार है जो भारत की तरक्की व आमजन की उन्नति के हक में लिए जाने वाले फैसलों से पीछे नही हटती। इस अवसर पर गुरुग्राम की पूर्व मेयर मधु आजाद, इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंटस ऑफ इंडिया के पूर्व अध्यक्ष सीए अतुल कुमार गुप्ता, उत्तर भारत क्षेत्रीय परिषद (आईसीएआई) के अध्यक्ष सीए नवीन गर्ग, पंजाब एंड सिंध बैंक की स्वतंत्र निदेशक सीए रश्मि खेत्रपाल, गुरुग्राम शाखा के अध्यक्ष सीए मोहित सिंघल व उपाध्यक्ष सीए अमित गुप्ता सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

# गुरुग्राम हेल्थ हब बना, लोगों को क्या मिला, यह विचारणीय विषय



गुरुग्राम के कादीपुर स्थित रोटरी ब्लड केंद्र में रोटरी चैरिटेबल पैथ लैब का उद्घाटन करते राव इंद्रजीत सिंह।

**गुरुग्राम।** केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि आज गुरुग्राम भले ही एक हेल्थ हब बन चुका है, जहां विभिन्न देशों से लोग अपना इलाज कराने के लिए गुरुग्राम का रुख कर रहे है। स्थानीय लोगों को इन सुविधाओं का क्या लाभ मिला यह सोच का विषय है। यह बात उन्होंने शनिवार को कादीपुर स्थित रोटरी ब्लड केंद्र में रोटरी चैरिटेबल पैथ लैब के उद्धघाटन अवसर पर कही।

राव इंद्रजीत सिंह कहा कि रोटरी क्लब द्वारा ब्लड बैंक के माध्यम से किया जा रहा सेवा कार्य निश्चित रूप से उत्कृष्ट सेवा का श्रेष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि समाज के लिए रोटरी क्लब का कार्य सराहनीय है, जिसके लिए रोटरी क्लब के पदाधिकारी व सदस्य बधाई के पात्र हैं। इस दौरान क्लब के सदस्यों ने केंद्रीय मंत्री को क्लब द्वारा समाजहित में किए गए कार्यों से अवगत कराया व उनसे कहा कि भविष्य में क्लब के विस्तार के लिए नए भवन की आवश्यकता है। वहीं क्लब की बिजली की जरूरतों को पूरा करने के लिए क्लब को करीब 50 किलोवाट के सोलर पैनल भी लगवाने है। जिसका करीब 30 लाख रुपये अनुमानित खर्च है।

केंद्रीय मंत्री ने क्लब के सदस्यों को आश्वस्त करते हुए कहा कि क्लब के विस्तार के लिए वे सरकार से स्वयं इसकी पैरवी करेंगे। वहीं क्लब में सोलर पैनल लगाने के लिए उन्होंने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि जनहित के लिए कार्यरत गुरुग्राम रोटरी क्लब का यह कार्य निगम से करवाया जाए। यदि किन्ही कारणों से यह कायज़् निगम से नहीं हो पाया तो वे इस कार्य को अपने एमपी लेड फण्ड से करवाना सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर क्लब के प्रेजिडेंट मुकेश शर्मा, असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन रविन्द्र जैन, मानव आवाज संस्था के संयोजक एडवोकेट अभय जैन, रोटरी क्लब गुरुग्राम के वाईस प्रेसिडेंट मुनीश खुल्लर, जनरल सेक्रेटरी केएस यादव आदि थे।

## संक्षिप्त समाचार

### सोहना में प्रकाश पर्व को लेकर तैयारियां शुरू



प्रकाश पर्व की तैयारी को लेकर रंगीन लाइटों से सजाया सोहना का गुरुद्वारा।

**सोहना।** सोहना में 21 जनवरी को प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। प्रकाश पर्व की तैयारी को लेकर गुरुद्वारा को रंगीन लाइटों से सजाया जा रहा है। सिंह साहिब गुरुद्वारा कमेटी द्वारा 21 जनवरी को मनाए जाने वाले प्रकाश पर्व की तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी दिन दोपहर एक बजे शहर में नगर कीर्तन निकाला जाएगा। प्रकाश पर्व को लेकर पुराने बस स्टैंड पर स्थित गुरुद्वारा में तैयारियों का जोर शुरू हो गई हैं। गुरुद्वारा को रंगीन लाइटों से सजाया गया है। जल्द ही गुरुद्वारा से बाजार के मुख्य मार्गों पर भी रंगीन लाइट और गुरुवाणी प्रचार-प्रसार के लिए लाउड स्पीकर लगाएं जाएंगे।

### सिलानी में किसानों के लाखों रुपये के कृषि उपकरण चोरी

**सोहना।** सोहना सदर थाना के गांव सिलानी में बरसाती नाले पर रखे किसानों के इंजन, पंखा, फ्रेम और बेंड चोरी हो गए। जिससे किसानों का 4 से 5 लाख रुपये का नुकसान हो गया। सिलानी निवासी योगेश ने पुलिस को बताया कि गांव के पास से जा रहा बरसाती नाले से किसान अपने खेतों में फसलों को पानी लगाते हैं। उसके अलावा गांव के निवासी अशोक और जगपाल ने भी इंजन, पंखा, फ्रेम और बैंड रखें हुए थे। लेकिन 9 जनवरी की रात को उनका सभी सामान चोरी हो गया। तीनों ही किसान अब तक अपने स्तर पर चोरी हुए सामान को खोज रहे हैं, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। पुलिस ने किसान की शिकायत पर चोरी हुआ सामान का मामला दर्ज करने के बाद तलाश शुरू कर दी है।

### मकर संक्रांति पर किया सुन्दर कांड का पाठ

**सोहना।** भोंडसी के आरबीएसएम स्कूल में मकर संक्रांति के अवसर पर सुन्दर कांड का पाठ किया। इस अवसर ब्राह्मण भोज दिया गया। शनिवार को भोंडसी के आरबीएसएम स्कूल में 21वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मकर संक्रांति मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत सुन्दर कांड का पाठ करके की गई। यह आयोजन आरबीएसएम स्कूल की कौटिल्य वर्ल्ड अकेडमी शाखा में आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्कूल के निर्देशक भागीरथ राघव, निर्देशिका विमला राघव, प्रधानाचार्या मंजू जांगिड़, सभी अध्यापक गण व भोंडसी ग्राम वासियों ने सुंदरकांड का पाठ व हवन किया गया। विद्यालय की 21वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में 101 ब्राह्मणों को भोज दिया गया।



भोंडसी के आरबीएसएम स्कूल में मकर संक्रांति के अवसर पर आयोजित सुन्दर कांड पाठ कार्यक्रम में मौजूद लोग।

### ठाकुर रतिराम फाउंडेशन ने गरीबों को बांटे कंबल



मकर संक्रांति पर्व पर वजीरपुर गांव में गरीबों को कंबल वितरित करते ठाकुर रतिराम फाउंडेशन के डायरेक्टर राजेश कुमार चौहान।

**गुरुग्राम।** मकर संक्रांति के अवसर पर गांव वजीरपुर में ठाकुर रतिराम फाउंडेशन ने 450 कम्बल गरीबों को किए वितरित किए। हर वर्ष की तरह इस बार भी यह पर्व आपसी सौहार्द से मनाया गया। फाउंडेशन के डायरेक्टर राजेश कुमार चौहान ने बताया कि फाउंडेशन समय-समय पर असहाय लोगों की जरूरत पर काम करता रहता है। आगे भी इस दिशा में काम किया जायेगा। इस अवसर पर ठाकुर रतिराम फाउंडेशन के डायरेक्टर राजेश कुमार चौहान के साथ वजीरपुर गांव के जाने-माने लोग प्रदीप सरपंच, प्रमोद चौहान, मनोज शर्मा, हर्ष चौहान, कंवर सिंह एवं गोरधन आदि लोग भी उपस्थित थे।

### अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में कार्यशाला आयोजित

**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के अंग्रेजी विभाग द्वारा बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि डॉ. कृष्णकांत गुप्ता, प्राचार्य, अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ रहे। इस कार्यशाला में विभागाधक्ष्या अंग्रेजी कमल टंडन, संयोजक डॉ. सारिका कांजलिया, डॉ. गीता गुप्ता, डॉ. इनायत चौधरी, सुभाष कैलोरिया, डॉ. दीप्ति गोयल, विजया और शैली नेमहत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ इस तरह की कार्यशालाओं का समय-समय पर आयोजन करता रहता है।

# वृद्धा आश्रम में सांसद कार्तिकेय शर्मा ने मनाया लोहड़ी का पर्व

### गुरुग्राम के बंधवाड़ी में द अर्थ सेवियर्स फाउंडेशन में पहुंचे सांसद

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**समाज** सेवा ही सबसे उत्तम कार्य है। जो लोग इस कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं उन्हें भगवान हमेशा आशीर्वाद देते हैं। यह कहना है सांसद कार्तिकेय शर्मा का। जिन बुजुर्गों को उनकी मुश्किल घड़ी में इन बुजुर्गों के अपनों ने वृदा आश्रम में छोड़ दिया था। यह बात उन्होंने द अर्थ सेवियर्स फाउंडेशन में बुजुर्गों के साथ लोहड़ी मनाने के दौरान कही।

सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि समाज में आज ऐसे संस्थानों के आवश्यकता है जो बेसहारा लोगों की दिल खोलकर मदद करें। सांसद ने कहा कि बुजुर्गों की सेवा से सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। इसी कार्य को द अर्थ सेवियर्स फाउंडेशन के यश कालरा अपने पिता स्व. रवि कालरा की विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं। संस्थान में जिस तरह से सुविधाएं लोगों को दी जा रही हैं, उससे बेसहारा लोगों का जीवन सुगम हो रहा है। कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि जो भी जरूरतमंद हैं, उनकी सहायता करना समाज के प्रत्येक व्यक्ति का फर्ज बनता है। युवाओं से सांसद की अपील सांसद कार्तिक शर्मा ने कहा कि आज के दौर में बच्चों की अनदेखी के कारण बुजुर्गों को घर छोड़ने पर मजबूर होना पड़ रहा है। युवाओं से अपील करते हुए सांसद ने कहा कि युवा इस बात को समझें कि बुजुगोज़् के कारण ही घर में रौनक होती है और वे ही वास्तव में घर के संरक्षक होते हैं।



गुरुग्राम के बंधवाड़ी स्थित द अर्थ सेवियर्स फाउंडेशन गुरुकुल में बुजुर्गों से मिलते सांसद कार्तिकेय शर्मा।

ऐसे में युवाओं को बुजुर्गों की भावनाओं को समझते हुए उन्हें संभाल कर रखना चाहिए। जिस घर में बुजुर्ग नहीं, भले ही वह आलीशान हो, उसका कोई मतलब नहीं रह जाता है। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों की सेवा में ही सच्चा सुख मिलता है। सांसद कार्तिक शर्मा ने आश्रम के सभी सदस्यों के साथ मिलकर लोहड़ी कार्यक्रम में सभी को शुभकामनाएं दीं।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 11 फरवरी को: सीजेएम

**फरीदाबाद।** सीजेएम कम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुकिर्ती गोयल ने कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आगामी 11 फरवरी को न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि परिवादी इस राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह व समझौते के लिए स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने केसों का निस्तारण करा सकते हैं। जानकारी देते हुए आगे बताया कि न्यायालय में लंबित मामलों को परस्पर सहयोग व सौहार्दपूर्ण माध्यम से निपटाने के लिए पिछले लगभग डेढ़ दशक से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता है।

# कांग्रेस हरियाणा में पार्टी सिंबल पर लड़ेगी नगर निगम का चुनाव

### प्रदेश अध्यक्ष ने की ऑब्जर्वर्स की नियुक्ति

### गुरुग्राम की करण सिंह दलाल फरीदाबाद में अशोक अरोड़ा को जिम्मेदारी

**गुरुग्राम/चंडीगढ़।** हरियाणा कांग्रेस ने नगर निगम चुनाव पार्टी सिंबल पर लड़ने का फैसला लिया है। अभी से पार्टी ने चुनाव की तैयारियों और रणनीति को जमीन पर उतारना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में प्रदेश अध्यक्ष उदयभान की तरफसे मानेसर, गुरुग्राम और फरीदाबाद के लिए ऑब्जर्वर्स की नियुक्ति की गई। निगम चुनावों के लिए पूर्व मंत्री गीता भुक्कल को मानेसर के लिए चीफऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है। उनके साथ चार और वरिष्ठ नेताओं को बतौर ऑब्जर्वर जिम्मेदारी सौंपी गई है।

गुरुग्राम में वरिष्ठ नेता करण सिंह दलाल को मुख्य ऑब्जर्वर बनाया गया है। उनके साथ चार और विधायकों को ऑब्जर्वर की जिम्मेदारी दी गई है। फरीदाबाद में वरिष्ठ नेता अशोक अरोड़ा को चीफ ऑब्जर्वर और उनके साथ 5 और वरिष्ठ नेताओं को ऑब्जर्वर बनाया गया है।प्रदेश अध्यक्ष उदयभान का कहना है कि जनता बीजेपी जेजेपी सरकार की कुनीतियों से परेशान हो चुकी है। आज पूरा हरियाणा बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, महंगाई, बढ़ते अपराध और नशे की समस्याओं से जूझ रहा है। प्रदेश में आने वाली सरकार कांग्रेस की बनने जा रही है। नगर निगम चुनाव से जनता प्रदेश से बीजेपी जेजेपी का सफ ाया शुरु कर देगी।

# बिश्वजीत दुबे लॉ सीखो डायलॉग में अतिथि वक्ता के रूप में शामिल हुए



पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**प्रमुख** एडटेक ब्रांड लॉ सीखो ने लॉ सीखो डायलॉग पहल के तहत शुक्रवार को भारत में उत्पाद दायित्व कानून और इसके विकसित होते अभ्यास पर चर्चा करने के लिए ऑफलाइन मीटिंग आयोजित की। इस आयोजन में सिरिल अमरचंद मंगलदास एंड कंपनी के पार्टनर बिश्वजीत दुबे, जो कि मुकदमेबाजी और मध्यस्थता के विशेषज्ञ हैं, अतिथि वक्ता के रूप में शामिल हुए। बिश्वजीत दुबे को विवाद समाधान में 18 से अधिक वर्षों का अनुभव है और उन्हें वर्ष 2022 का एक्रोमिक प्वाइंट विवाद समाधान वकील घोषित किया गया है। उन्हें वर्ष 2021 में फोर्ब्स के सर्वोच्च 100 व्यक्तिगत वकीलों की लिस्ट में भी शामिल किया गया था।

भारत में, उत्पाद दायित्व के मामलों में उपभोक्ताओं द्वारा तुरंत कानूनी सहारा नहीं लिया जाता है। कारण स्पष्ट हैं, बहुत से उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों के बारे में पता नहीं है और साथ ही साथ उत्पाद दायित्व कानूनों का क्षेत्र उपेक्षित रहा है। दरअसल, भारत में उत्पाद दायित्व कानून अभी प्रारंभिक अवस्था में हैं। इसलिए इस पर जितनी अधिक चर्चा हो, उतना अच्छा है। मीटिंग में बतौर स्पीकर बिश्वजीत दुबे ने कहा, जब एक व्यक्ति या संस्था के द्वारा किसी दूसरे व्यक्ति या संस्था को प्रदान किए जाने वाले उत्पाद या सेवा में कोई दोष अथवा त्रुटि निकले तो ग्राहक को नुकसान पहुंचा सकता है, यहीं से उत्पाद दायित्व उत्पन्न होता है।

सेवा अथवा उत्पाद में त्रुटि से पीड़ित ग्राहक निर्माता, विक्रेता या सेवा प्रदाता के खिलाफ दावा दायर कर सकता है। हालांकि उदाहरण के तौर पर मान लें कि एक नर्स या डॉक्टर को इंजेक्शन का उपयोग करना चाहिए, लेकिन आप स्वयं इसका उपयोग करना शुरू कर देते हैं। ऐसे में अगर इससे संबंधित जोखिमों को पहले ही बता दिया जाए, तो यह एक बचाव का आधार बन जाता है। उन्होंने आगे कहा कि आजकल मैं उत्पाद दायित्व और उपभोक्ताा संबंधी मुकदमों में भारी वृद्धि देख रहा हूं, जो वकीलों के लिए बड़े अवसर प्रस्तुत करता है। दरअसल, 2019 में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम ने पहली बार उत्पाद दायित्व को परिभाषित किया। इसके अनुसार किसी भी उत्पाद या सेवा के उत्पाद निर्माता या उत्पाद विक्रेता तब जिम्मेदार होते हैं जब इस तरह के दोषपूर्ण उत्पाद निर्माण या बेचे जाने या सेवा में कमी से उपभोक्ता को किसी किस्म का नुकसान होता हो। उत्पाद दायित्व की बारीकियों को समझने के लिए वकीलों और अन्य अनुपालन पेशेवरों में पर्याप्त सूचना होना अति आवश्यक है ताकि वे निर्माताओं, थोक विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं को दोषपूर्ण या असुरक्षित उत्पादों के लिए कानूनी रूप से जिम्मेदार ठहरा सकें। लॉ सीखो के सीईओ रामानुज मुखर्जी ने कहा, उत्पाद दायित्व एक नया और उभरता हुआ क्षेत्र है।

# नगर परिषद ने पथ विक्रेताओं के लिए लगाया प्रशिक्षण शिविर



सोहना के राजीव गांधी पार्क में लगाये गये शिविर में पहुंचे पथ विक्रेता।

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नगर** परिषद प्रशासन ने पथ विक्रेताओं को एक दिन का प्रशिक्षण देते हुए आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया। ऐसे दुकानदारों को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत 10 हजार रुपये का ऋण दिलाने का आश्वासन दिया गया।

शुक्रवार को शहर के राजीव गांधी पार्क में पथ विक्रेताओं की एक बैठक ली गई। जिसमें शहर के अंदर नाई, मोची, धौबी का कारोबार करने वालों से लेकर रेहड़ी लगाने वालों को बुलाया गया। बैठक का उद्देश्य प्रधान मंत्री की स्वनिधि योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों को पहुंचाना था। बैठक में नप की तरफ से पथ दुकानदारों को केन्द्र सरकार की योजना के विषय में गहराई से जानकारी दी गई। ताकि योजना का लाभ अधिक लोग ले सकें। कारोबार चलाने के लिए दी जाने वाली सहायता राशि के विषय में पूरी जानकारी दी। योजना के तहत दिए जानेवाले ऋण के वापस लौटाने की भी जानकारी दी। यह ऋण बिना ब्याज के लौटाया जाएगा।

> **कोरोना** काल में आई आर्थिक तंगी से जिन पथ कारोबारियों का रोजगार उजड़ गया था। उन्हें फि र से समर्थ बनाने के लिए केन्द्र सरकार की योजना संजीवनी का काम कर रही है।
>
> **अतर सिंह**
> **कार्यकारी अधिकारी नप**

# केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं : सुधीर सिंगला

### बैठक में सरकार की नीतियों और बीजेपी के कार्यक्रमों से जनता से रूबरू होने के लिए कहा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला ने गुड़गांव विधानसभा में सरस्वती मंडल के पदाधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने सरकार की नीतियों के साथ भारतीय जनता पार्टी के कार्यक्रमों के माध्यम से जनता से रूबरू होने के लिए प्रेरित किया।

विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि केंद्र और हरियाणा राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। दोनों ही स्तर पर जनता के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया गया है। देश के हर व्यक्ति के उत्थान के लिए सरकार प्रयासरत है। गरीबी दूर करना सरकार के एजेंडे में है। उन्होंने कहा कि सरकार की हर योजना और परियोजना को हर पदाधिकारी, कार्यकर्ता जनता के बीच प्रचार-प्रसार करें। उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में नगर निगम गुरुग्राम व मानेसर के चुनाव होने हैं। चुनावों में कमल खिलाने के लिए हम सबको कठिन परिश्रम करना है।



भाजपा सरस्वती मंडल के पदाधिकारियों की बैठक लेते विधायक सुधीर सिंगला।

विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि आमजन के बीच जाकर उन्हें बताना है कि छोटी से लेकर बड़ी सरकार में भाजपा क्यों जरूरी है। सर्वांगीण विकास के लिए भाजपा के पास ही रोड मैप है। पिछले आठ साल में यह जाहिर हो चुका है कि देश का हर तरह से विकास भाजपा की सरकार ही कर सकती है। यह सरकार मुफ्तखोरी से ज्यादा लोगों को रोजगार देकर उनका उत्थान करने की पक्षधर है। प्रदेश सरकार द्वारा पहले भी खूब नौकरियां दी गई हैं और भविष्य में भी बड़े पैमाने पर नौकरियां देने की योजना तैयार की जा रही है। प्रदेश के युवाओं को निजी और सरकारी क्षेत्र में रोजगार की कोई कमी नहीं है।

बैठक में वरिष्ठ भाजपा नेता सुमेर सिंह तंवर, मंडल अध्यक्ष अभिषेक गुलाटी, महामंत्री अशोक डबास, अंकुर गुलाटी, मोहित वजीराबाद, आरपी सिंह, शक्ति केंद्र प्रमुख स्वाति टंडन, कर्मवीर यादव, सिद्धार्थ सिंह सिद्धू, सिद्धार्थ भाटिया, दीपक शर्मा, मोनिका स्वामी, जेके शर्मा, शक्ति केंद्र सहयोगी योगेन्द्र कुमार मौजूद रहे।

# बीके अस्पताल : लाखों की चोरी, नहीं हुई शिकायत दर्ज

कविता। फरीदाबाद

**बादशाह** खान सिविल अस्पताल में इलेक्ट्रिशियन और उसके एक साथी ने सात घंटे तक जनरेटर रूम में करीब पांच लाख रुपये के सामान की चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

यह घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई, लेकिन इस मामले को पूरी तरह से दबा दिया गया। अभी तक कोई मामला अस्पताल प्रबंधन की तरफ से किसी के खिलाफ भी दर्ज नहीं कराया गया। और तो और

### आखिर अस्पताल प्रबंधन क्यों दबा है चोरी की वारदात को

अस्पताल में चोरी की वारदात को कवर करने वाले कैमरों के तार तक घटना के बाद काट दिए गए। वहीं सूत्रों की माने तो जो उपकरण चोरी किए गए है, वह सभी कम्पनी के हैं, जोकि लाखों रुपये की कीमत के बताए जा रहे हैं।

**यह है पूरा मामला :** बीके सिविल अस्पताल में गत दस जनवरी की



बीके अस्पताल में लगे वह पैनल जिनमें से हुई चोरी, वहीं आग जलाने का स्थान और तार से निकाल कर फैंकी पाईप।

रात को ड्यूटी पर पहुंचा एक कर्मचारी अपने एक साथी के संग जनरेटर रूम में पहुंचा। जहां उसने जनरेटर रूम के अंदर मौजूद पैनल समेत मरम्मत के दौरान निकाल कर रखे पुराने चार पैनलों में से एमसीबी समेत कॉपर और एल्मुनियम का सामान चोरी कर लिया। उसने पहले कैबल को काटा उसके बाद उसे जनरेटरों के निकट ही जलाया और उसके ऊपर लगी रबड़ को एक कदम दूर मौजूद कचरे और झाड़ियों में फैंक दिया, ताकि किसी को पता न चले। सात घंटे तक आरोपियों ने इस पूरी वारदात को अंजाम दिया। यह पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद है, लेकिन घटना के बाद कैमरे के तार को किसी ने जानबूझकर अस्पताल में मौजूद दवा केन्द्र के बाहर से काट दिया गया है। सूत्रों की माने तो इस पूरी वारदात को दबा दिया गया।

**नहीं दी शिकायत :** इस विषय में जब एनएच-तीन चौकी इंचार्ज सोहनपाल से बात की गई तो उन्होंने कहा कि उनके पास इस मामले की कोई शिकायत नहीं आई है। जहां एक तरफ सरकारी अस्पताल से बिजली के उपकरण चोरी अस्पताल के ही एक इलेक्ट्रीशियन ने किए। वहीं दूसरी तरफ अस्पताल प्रबंधन की तरफ से इस चोरी की वारदात से संबंधित किसी तरह की कोई शिकायत पांच दिन बाद भी पुलिस को नहीं दी गई है। सूत्रों का कहना है कि अस्पताल प्रबंधन की तरफ से मामले को पूरी तरह से दबा दिया गया है।

# भाजपा सरकार को लोकतंत्र पर विश्वास नहीं : कुमारी सैलजा

### पूर्व विधायक आनंद कौशिक के जन्मदिवस समारोह में पहुंची पूर्व कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



पूर्व विधायक आनंद कौशिक के जन्म दिन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेतीं कुमारी सैलजा।

**अखिल** भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव एवं छत्तीसगढ़ की प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा है कि भाजपा सरकार को लोकतंत्र पर विश्वास नहीं है। इसलिए फरीदाबाद नगर निगम चुनाव नहीं हो रहे, दोबारा वार्डबंदी करके इन चुनावों को आगे बढ़ाया जा रहा है, लेकिन जनता इस सरकार को वोट की चोट से जवाब देने का काम करेगी।

उन्होंने कहा कि फरीदाबाद में व्यापक रूप से भ्रष्टाचार फैला हुआ है, शहर बदहाली के दौर से गुजर रहा है और स्माट सिटी के नाम पर लोगों को ठगा जा रहा है, लाखों-करोड़ों रुपया व्यर्थ बहाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अमीर और या गरीब शहर के हर नागरिक को ढंग से रहने का अधिकार है, लेकिन इस सरकार में लोग दयनीय अवस्था में जीवन जी रहे है। कुमारी सैलजा फरीदाबाद के पूर्व विधायक आनंद कौशिक के जन्मदिवस पर उनके कार्यालय सेक्टर-9 में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करने के उपरांत पत्रकारों से रूबरू हो रही थीं। कुमारी सैलजा ने कहा कि स्माट सिटी फरीदाबाद की सडक़ें बरसातों में नदियों का रूप ले लेती है, जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हुए हैं। क्या सही विकास है। इंडस्ट्रीज की बात करे तो कभी प्रदेश में इंडस्ट्रीज हब कहलाने वाले फरीदाबाद में इंडस्ट्रीज दूसरे प्रदेशों में पलायन कर रही है, यहां इंफ्रास्ट्रक्चर का बुरा हाल है, अफसरशाही हावी और सुविधाओं के नाम पर लोगों को गंदगी, धूल और भ्रष्टाचार दिया जा रहा है।

भारत जोड़ो यात्रा को लेकर पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा कि इस यात्रा को सभी वर्गों का समर्थन मिल रहा है और फरीदाबाद में इस यात्रा में जिस प्रकार जनसमूह उमड़ा, उससे यह साबित हो गया है कि इस यात्रा को लेकर लोगों में उत्साह है। कन्याकुमारी से शुरू हुई यह यात्रा अपना संकल्प पूरा करके ही रहेगी। इससे पूर्व फरीदाबाद आगमन पर पूर्व विधायक आनंद कौशिक, प्रदेश महासचिव बलजीत कौशिक सहित अन्य कांग्रेसजनों ने उनका बुके भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर एसएल शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता योगेश ढींगड़ा, मोहन ढिल्लो, वंदना, संजीव चौधरी, गौरव धींगड़ा, सत्यवीर डागर, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुनीता फागना, सरला, पम्मी, जमना देवी, अजय बहल, वासदेव अरोडा, रामबीर गोयल, बीडी शर्मा, नवीन चौधरी, प्रदीप मोहंती, लाल सैनी, अनिल शर्मा पूर्व पार्षद, अर्जुन तंवर, राजेश सैनी, राजा सैनी, टिंकू सैनी, मनोज बंसल, गौरव वशिष्ठ वाइस प्रेसीडेंट आईवाईसी फरीदाबाद असेम्बली, अनुज शर्मा एडवोकेट, आकाश शर्मा, आईवाईसी प्रेसीडेंट बल्लभगढ़, विकास फागना, मेहंरचंद फागना, महेश बैंसला, जुल्फीकार, दिनेश, ब्राह्मण सभा के प्रधान सुरेंद्र शर्मा बबली, अरूण शर्मा, राजेश दहिया, कंवर सिंह मलिक, नंदलाल विष्णु, सुनील मान, नरेश शर्मा सहित अनेकों कांग्रेस कार्यकर्ता व सामाजिक लोग मौजूद थे।

# भाजपा नेता ने साथियों संग थामा आम आदमी पार्टी का दामन



आम आदमी पर्टी का दामन थामते बीजेपी के प्रवीण मौर्य।

**फरीदाबाद।** एनआईटी विधानसभा-86 से भाजपा नेता प्रवीण मौर्या ने अपने सैकड़ों साथियों के जिला अध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी का दामन थामा। प्रवीण मौर्य सैकड़ों साथियो के पार्टी में शामिल हुए और पार्टी की टोपी एवं पटका धारण किया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की नीतियों एवं कार्यशैली से प्रभावित होकर जिस प्रकार पंजाब में लोगों ने सत्ता सौंपी है। उसी तर्ज पर हरियाणा में भी आम आदमी पार्टी की सुनामी आएगी और निरंकुश भारतीय जनता पार्टी के शासन को हिलाकर रख देगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली एमसीडी चुनावों में जीतने के बाद लोगों का मोह तेजी से आम आदमी पार्टी की तरफ बढ़ रहा है। भड़ाना ने कहा कि बीजेपी जहां धर्म की राजनीति करती है, वहीं आम आदमी पार्टी काम की राजनीति करती है। लोग अरविंद केजरीवाल के काम और उनकी नीतियों से प्रभावित होकर आम आदमी पार्टी का दामन थाम रहे हैं।

फरीदाबाद में होने वाले नगर निगम चुनावों को लेकर भड़ाना ने कहा कि हमारा प्रयास होगा कि मजबूत प्रत्याशियों को मैदान में उतारा जाए, जो जीत पार्टी की झोली में डाल सके। इन चुनावों के साथ-साथ आम आदमी पार्टी पूरे हरियाणा में तैयारी कर रही है और कार्यकर्ताओं को पार्टी से जोडऩे का प्रयास किया जा रहा है। हम चाहते हैं 2023 तक पार्टी पूरे प्रदेश में मजबूती के साथ खड़ी हो जाए और अधिक से अधिक लोग पार्टी से जुड़ें। इस मौके पर जिला सचिव भीम यादव, हरियाणा प्रवक्ता राकेश भाडऩा, प्रदेश महिला सचिव मंजु गुप्ता, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी राजेंद्र शर्मा, ओल्ड विधानसभा प्रभारी प्रवेश मेहता, वार्ड नं. 8 से प्रभारी संदीप, सुभाष बघेल आदि मौजू रहे।

# बार-बार पैरालाइसिस के मरीज का किया उपचार



मरीज के संग डॉ. एसएस बंसल।

**फरीदाबाद।** एक 40 वर्षीय व्यक्ति बार-बार पैरालाइसिस की समस्या से ग्रस्त होकर परेशानी से जूझ रहा था, जिसका एसएसबी अस्पताल ने सफलतापूर्वक इलाज कर उसे नया जीवन दिया। मरीज को यह परेशानी दिल में हुए एक छोटे से छेद के कारण हो रही थी, जिसके चलते उसे पिछले तीन सालों में बार-बार पैरालाइसिस (शरीर के आधे हिस्से की बार-बार कमजोरी) की शिकायत होती थी।

इसी शिकायत के चलते उसे अस्पताल की ओपीडी में लाया गया। उससे पहले मरीज को कई अस्पतालों और न्यूरोलॉजिस्ट को दिखाया था और कई स्कैन (एमआरआई, सीटी ब्रेन, 24 घण्टे होल्टर मॉनिटरिंग, 2 डी इको आदि) करवाए थे। इन तमाम जांचों के बाद भी पैरालिसिस का कारण स्पष्ट नहीं हो सका। इस बीमारी को क्रिप्टोजेनिक स्ट्रोक कहते है। परेशान मरीज एसएसबी अस्पताल की कार्डिएक ओपीडी में लाया गया और फिर अस्पताल में उसका टीईई (ट्रांस एसोफैगल इको) कराया, जहां पता चला कि उन्हें पीएफओ (पेटेंट फोरामेन ओवले) है, दिल में एक छोटा सा छेद, उसके पैर की नसों से छोटे-छोटे थक्के दिल के छोटे से छेद से होते हुए दिमाग में चले जा रहे थे, जिससे पैरालाइसिस हो गया। डा. एसएस बंसल और उनकी हृदय रोग विशेषज्ञ की टीम ने जांघ में एक छोटे से पंचर से बिना सर्जरी के पीएफओ तकनीक से (हार्ट होल) को बंद कर दिया। मरीज अब पूरी तरह से ठीक हो चुका है और वह अपने सामान्य जीवन में लौट आया है। डा. बंसल ने बताया कि समय पर मरीज का इलाज करके भविष्य में पैरालाइसिस को रोकने में मदद की।

# सरकार स्वीकृत मांगें पूरी करें अन्यथा आंदोलन करेंगे तेज

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**डिप्लोमा** वैटरनरी एसोसिएशन हरियाणा संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान बिजेंद्र सिंह बैनीवाल, महासचिव रामफल राहड़ एवं कोषाध्यक्ष नरेंद्र सांगवान ने बताया कि वीएलडीए कर्मचारियों एवं पशुपालकों की मांग मुद्दों को लेकर एसोसिएशन द्वारा 15 जून से आंदोलन चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत पंचकुला में अनिश्चितकालीन धरना दिया जा रहा है।

अब तक क्रमिक अनशन, जिलावार धरना प्रदर्शन से लेकर सभी विधायकों और सांसदों को ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं। यहां तक कि दो बार विधानसभा सत्र के दौरान भी आंदोलन का मुद्दा सरकार के समक्ष विधायकों द्वारा उठाया जा चुका है। पिछले सात महीनों से चल रहे अनिश्चितकालीन आंदोलन के दौरान अलग-अलग माध्यमों से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजे जा चुके हैं लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं किया गया है। न तो पशुपालन मंत्री के स्तर पर आंदोलनरत कर्मचारियों से कोई बातचीत की गई है और न ही मुख्यमंत्री द्वारा कोई बातचीत की गई है। जिसको लेकर कर्मचारियों में कड़ा रोष व्याप्त है। उन्होंने बताया कि पशुपालन विभाग में महानिदेशक के पद पर आईएएस अधिकारी को नियुक्त करने व पंचकुला मुख्यालय पर संयुक्त निदेशक एवं हरियाणा पशुधन विकास बोर्ड के प्रबंध निदेशक के पद पर एचसीएस अधिकारी को नियक्त करने, खण्ड पशुधन विस्तार अधिकारी के पद को राजपत्रित करने, वीएलडीए का पदनाम बदलकर वैटरनरी लाइवस्टाक इक्सटेंशन आफिसर करने, डिप्लोमा वैटरनरी काउंसिल का गठन करने,वीएलडी डिप्लोमा की अवधि तीन वर्ष करने, डिप्लोमा का नाम डीवीएससी एण्ड एएच करने, ग्रेड पे 4600 करने, जोखिम भत्ता लागू करने,ओनलाइन ट्रांसफर में नियमों को अनदेखा करते हुए मनमर्जी से रेशनेलाइजेशन करने व नई पोस्टिंग करते समय करोड़ों रुपये लेकर मनमर्जी से पोस्टिंग करने के मामले की जांच करने और ओनलाइन ट्रांसफर के दौरान दूर दराज ट्रांसफर किए गए वीएलडीए कर्मचारियों को उनके नजदीकी रिक्त स्टेशनों पर समायोजित करने व पशु अस्पतालों में फिनाइल, लाल दवाई, पट्टी, तारपीन का तेल, खनिज मिश्रण इत्यादि उपलब्ध करवाने जैसी मांगों को लेकर आंदोलन जा रहा है।

## तलवार और हथियारों के बल पर चेन व नकदी लूटी

**फरीदाबाद।** बसंतपुर इलाके में घर के बाहर बैठे युवक पर तलवार व अन्य हथियारों से हमला कर बदमाश सोने की चेन व नकदी लूटकर ले गए। वारदात से समय पीड़ित अपने घर के बाहर बैठा था। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

बसंतपुर निवासी नकुल ने नवीन नगर चौकी में दी शिकायत में कहा वह सविता विहार मे ड्यूटी करता है। 7 जनवरी को वह अपने घर के पास पंचशील रोड पर बैठा था। तभी रमन, अज्जु, नाहर, जुगला, धर्मी और 8-10 लडकों ने आकर नकुल पर तलवार, रॉड, लाठी, डन्डे से वार कर दिया। रमन ने तलवार व अज्जु उसके सिर पर फर्से से हमला कर हाथों में चोट मार दी। इसके बाद अन्य युवकों ने हाथ पैरों में लाठी डंडों और रॉड से मारना शुरू कर दिया। आरोपियों ने नकुल के गले से दो तोले की चेन व 8000 रुपये निकाल लिये। आसपास के लोगों को एकत्रित होता देख आरोपी भागने लगे। लोगों को डराने के लिए रमन ने पिस्टल निकालकर हवा में लहराई और पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया।

# सरकारी विद्यालयों से बनेंगे इंजीनियर, डॉक्टर एवं अच्छे नागरिक : नवीन मिश्रा

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद



सेक्टर 14 स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में एनएमएमएस के हरियाणा के टापर लोकेश सिंह के साथ बातचीत करते विकल्प फाउडेशन के प्रमुख नवीन मिश्रा।

**सेक्टर**-14 स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल के सभागार में मिशन बुनियाद की जिला काउंसिल की बैठक डॉक्टर मुनेश चौधरी जिला शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में तीन सत्रों में जिले के सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों, वर्तमान के बुनियाद के विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों के उपस्थिति में रखी गई।

इस जिला काउंसिल बैठक के दौरान मिशन बुनियाद के निदेशक प्रदीप संसनवाल ने आने वाले मिशन बुनियाद कार्यक्रम के नए बैच के नौवीं कक्षा के विद्यार्थी जो अभी आठवी कक्ष में पढ़ रहे हैं। उनकी शैक्षिक सत्र की समय रेखा, पंजीकरण की प्रक्रिया आदि के बारे में जागरूक किया और इस विषय पर विस्तारपूर्वक चर्चा भी की गई। इसके साथ-साथ मिशन बुनियाद के वर्तमान सत्र के पंजीकृत विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के साथ अभिभावक-अध्यापक सभा का आयोजन किया गया जिसमें उनके सभी प्रश्नों के समाधान किए गए। बुनियाद में अध्ययनरत विद्यार्थियों और अभिभावकों ने अपने अनुभव कथन के दौरान इस कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि अब हमें अपने बच्चों के सपने पूरे होने का विश्वास होने लगा है।

मिशन बुनियाद में सरकार का सहयोग करने वाले विकल्प फाउंडेशन के मुखिया नवीन मिश्रा, जो कि स्वयं आईआईटी दिल्ली से पढ़कर निकले हैं, ने सभी प्रधानाचार्यों, छात्रों तथा अभिभावकों को गरीब परिवार से निकलकर आई आई टी तक के अपने संघर्ष की यात्रा की कहानी सुनाई। उन्होंने एन एम एम एस के हरियाणा टॉपर, राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर-55 के छात्र लोकेश सिंह को मंच पर अपने साथ बिठाकर बात चीत की तथा बधाई दी। राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर 55 के प्रधानाचार्य ने उपस्थित प्रधानाचार्यों, अभिभावकों से मिशन बुनियाद में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से गरीब एवं सामान्य परिवारों के बच्चों का आईआईटी और मेडिकल कॉलेज में प्रवेश का मार्ग प्रशस्त होगा तथा एक अच्छा जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रबल संभावना है। इस सभा में जिला विज्ञान विशेषज्ञ कृष्ण कुमार ने बताया कि बुनियाद के दोनों केन्द्रों में पढ़ने वाले बच्चों को यात्रा भत्ता, टैबलेट तथा सिम दे दी गई हैं तथा बचे हुए बच्चों को भी शीध्र दे दी जायेंगी।

## डीएलएफ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने आयोजित किया कार्यक्रम

**फरीदाबाद।** एक्सपोर्ट क्रेडिट गारंटी कारपोरेशन के नार्दन रीजनल हैड एवं डिप्टी जनरल मैनेजर गौरव अंशुमन ने कहा है कि कारपोरेशन विशेष रूप से छोटे निर्यातकों को निर्यात से जुड़ी पूरी जानकारी और सभी प्रकार के रिस्क की जानकारी उपलब्ध कराता है। कारपोरेशन विभिन्न प्रकार की बीमा पालिसी द्वारा खतरा कम करने की जानकारी तो देता है परंतु किसी प्रकार की गारंटी नहीं लेता।

डीएलएफ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि निर्यातकों के भुगतान का अच्छे समय में भी रिस्क ही रहता है। युद्ध या गृह युद्ध से भुगतान बंद या लेट हो सकता है। मिल्ट्री सत्ता परिवर्तन या विद्रोह की स्थिति में भी यही होता है। देश की आर्थिक तंगी के कारण भुगतान की समस्या देश में आयात पर पाबंदी या पेमेंट ट्रांसफर करने पर पाबंदी लगा देता है। कारपो. ऐसे रिस्क से निर्यातक को बचाने हेतु भले ही कमर्शियल हो या राजनीतिक बीमा पालिसी बनवाना है ताकि निर्यातक का रिस्क कवर रहे और वह अपने व्यापार को बढ़ा सके।

# उद्योगपति लाइफ टाइम लीजेंडरी अवार्ड से हुए अलंकृत



**फरीदाबाद।** यमुना रक्षक दल तथा डीएवी प्रबंधन संस्थान फरीदाबाद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मकर संक्रांति महोत्सव सह सम्मान समारोह में शहर के सुप्रसिद्ध उद्योगपति ओपी पाण्डेय को 'लाइफ टाइम लीजेंडरी अवार्ड' प्रदान किया गया।

यह सम्मान उनके द्वारा इक्यावन (51) वर्षों से औद्योगिक एवं व्यवसायिक क्षेत्र के साथ-साथ समाजिक सेवाओं में समर्पित एवं उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया। यमुना रक्षक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत जय कृष्ण दास महाराज, शहीद-ए-आजम भगत सिंह के पौत्र यादविन्दर सिंह संधू, पद्मश्री ब्राह्मदत्त भाटी, यमुना रक्षक दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. आरआरएन सिंह, डीएवी प्रबंधन संस्थान के निदेशक डॉ. सतीश आहूजा तथा भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अनुशासन समिति की चेयरमैन नीरा तोमर ने संयुक्त रूप से उन्हें यह सम्मान प्रदान किए। इस अवसर औद्योगिक, व्यवसायिक, पत्रकारिता तथा समाजिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि हर्षोल्लास के साथ सम्मलित हुए जिनका शाल तथा पुष्प माला से भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ओपी पाण्डेय ने अपने औद्योगिक एवं व्यवसायिक जीवन के साथ-साथ समाजिक पहलुओं पर विस्तार से चर्चा किए। डीएवी प्रबंधन संस्थान के निदेशक डॉ. सतीश आहूजा ने स्वागत भाषण में आए हुए अतिथियों का स्वागत किए तथा मकर संक्रान्ति की शुभकामनाएं प्रेषित किए। यमुना रक्षक दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ.आरआरएन सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी अतिथियों एवं छात्र-छात्राओं के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अमन गोयल, प्रोफेसर एस के नारंग, नागेश सिंह, राज नाथ सिंह, सुनील सिंह, रघुबर दयाल, सुदीश यादव, प्रणव शुक्ला, राजेश खटाना, जेपी सिंह, सीपी पांडेय, बीके सिंह सहित सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों से एचआईवी की दी जानकारी



गांव धौज के अस्पताल से एचआईवी के प्रति जागरुकता रैली को झंडी दिखातीं डिप्टी सिविल सर्जन रिचा बत्रा।

**फरीदाबाद।** धौज गांव में डिप्टी सिविल सर्जन डॉक्टर रिचा बत्रा ने जागरूकता कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाई। टीम ने धौज गांव में हेल्थ वैलनेस सेंटर पर और गांव में एसएमओ डॉ. परीक्षित की देखरेख में गांव में जाकर विभिन्न तरह से सांस्कृतिक प्रोग्राम के तहत लोगों को एचआईवी के बारे में जानकारी दी। लोगों को एचआईवी के बारे में बताया कि एचआईवी कैसे फैलता है तथा इससे बचाव कैसे किया जा सकता है। इस मौके पर कलाकार करमजीत और उनके साथी और बच्चू, रोहतास आदि समेत वैलनेस सेंटर के सभी सदस्य मौजूद थे।

### पोस्टर मेकिंग का किया आयोजन





**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय में शनिवार को सड़क सुरक्षा सप्ताह के चलते एनएसएस के तत्वावधान में पोस्टर मेकिंग का आयोजन किया गया। सड़क सुरक्षा आज भारत में अत्यधिक ज्वलंत विषय है, क्योंकि भारत में सड़क दुर्घटनाओं में मरने वालों का आंकड़ा बहुत ही दिल दहलाने वाला है। इसलिए भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया जाता है। जिसमें लोगों को सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता फैलाई जाती है। प्राचार्य डॉ कृष्ण कांत ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि निजी वाहन की उपलब्धता ने यात्रा को आसान बनाने के साथ-साथ सड़कों पर भीड़ भी बढ़ा दी है, जिसमें यातायात के नियमों का पालन न करने आदि के कारण सड़क दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। उन्होंने युवाओं को यातायात के नियमों को खुद पालन करने और जनमानस को भी जागरूक करने का आग्रह किया द्य इस गतिविधि में एनएसएस यूनिट 2 के लगभग 30 स्वयंसेवक-सेविकाओं ने भाग लिया। बहुत ही आकर्षक और प्रेरणात्मक पोस्टर बनाए। प्राचार्य ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए एनएसएस प्रभारी डॉ. शोभना गोयल को बधाई दी। एनएसएस की प्रत्येक गतिविधियों में बढ़चढ़ कर भाग लेने के लिए कुमारी स्वेता, प्रीति, दिव्या, गौरी, पीयूष, प्रांजल और विवेक की भी प्रशंसा की।

### परम ही संपूर्ण शक्ति हैं : भारती शर्मा



**फरीदाबाद।** परम ही संपूर्ण शक्ति है, जो व्यक्ति को सद्मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करती है। इसलिए हमें हमेशा अपनी सुख-समृद्धि और कल्याण के लिए परमजी के बताए पप्र (11 वाक्य) का स्मरण करना चाहिए। यह बात सेक्टर 19 स्थित अग्रसेन भवन में पी3वाई की टीचर एवं प्रेरक भारती शर्मा ने पी3वाई शाख फरीदाबाद द्वारा आयोजित मकर संक्रांति महोत्सव पर अंतराज्यीय शिविर में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कही। इस शिविर में फरीदाबाद, पलवल, होडल, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, मध्य प्रदेश सहित अनेक राज्यों के प्रतिनिधि और श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि परमजी द्वारा बताए गए परम स्वांस, परमनाद तथा परम ध्यान से मन और मस्तिष्क को शांति मिलती है। किसी भी कार्य को करने से पूर्व हमें परमनाद और परम स्वांस का अनुसरण करना चाहिए। विद्यार्थियों और रोगियों के लिए यह विशेष लाभप्रद है। इस अवसर पर पी3वाई की प्रचारक कृतिका शर्मा ने कहा की हमें परम शक्ति का तभी लाभ मिल सकता है जब हम पूर्ण रूप से समर्पित उनके प्रति रहे। इस अवसर पर सर्वेश्वर दत्त शर्मा, संजय कक्कड़, श्रेय शर्मा, संगीता कक्कड़, विभी मल्होत्रा, जान्हवी कपूर, कल्पना पंत सहित अनेक शहर के गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

### सातवें पूर्व सैनिक दिवस में पूर्व सैनिकों ने की भागीदारी



**फरीदाबाद।** सातवां सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस मनाया गया। वर्ष 1953 में इसी दिन भारतीय सेना के पहले भारतीय कमांडर-इन-चीफ फील्ड मार्शल के एम करिअप्पा, जिन्होंने 1947 के युद्ध में भारतीय सेना का नेतृत्व किया था, औपचारिक रूप से सेवानिवृत्त हुए थे। पहला सशस्त्र सेना पूर्व सैनिक दिवस 14 जनवरी, 2016 को मनाया गया था। रक्षा मंत्रालय के पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के सम्मान में इंटरैक्टिव कार्यक्रमों की मेजबानी कर हर साल इस दिन को मनाता है। इस वर्ष तीनों सेना मुख्यालयों द्वारा नौ स्थानों, झुनझूनू, जालंधर, पानागढ़, नई दिल्ली, देहरादून, चेन्नई, चंडीगढ़, भुवनेश्वर और मुंबई में पूर्व सैनिक दिवस मनाया गया। नई दिल्ली स्थित मानेकशॉ सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में पूरे दिल्ली एनसीआर के साथ साथ फरीदाबाद से भी बड़ी संख्या में सेना, वायु सेना व नौ सेना के पूर्व सैनिकों ने भाग लिया। सतिंदर दुग्गल, पूर्व सैनिक, विंग कमांडर ने बताया की समारोह के दौरान वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी और नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे के साथ मंच साझा किया। इस अवसर पर सतिंदर दुग्गल, विंग कमांडर ने तीनों सेना प्रमुखों से अग्निवीरों की भर्ती सम्बंधित पूरे वर्ष का कैलेंडर वर्ष के आरंभ में ही जारी करने व नव युवकों व युवतियों के लिए हेल्प लाइन का टोल फ्री नंबर जारी करने का अनुरोध किया। नौसेना प्रमुख ने स्टाफ अधिकारी कमोडर पंकज शर्मा को इस समस्या का निदान करने के आवश्यक निर्देश दिए।

### पोर्टल से मुख्यमंत्री को मिले उपहार खरीदें 28 फरवरी तक

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपने जीवन में सादगी की एक और मिसाल प्रस्तुत करते हुए अपने विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान सामाजिक संस्थाओं या व्यक्तियों द्वारा सम्मान स्वरूप भेंट किए गए उपहारों को नीलाम करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव एवं सूचना, लोक सम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग के महानिदेशक डा. अमित कुमार अग्रवाल ने गत दिवस उपहार पोर्टल का विधिवत शुभारंभ किया। डीसी विक्रम सिंह ने मुख्यमंत्री उपहार पोर्टल के शुभारंभ बारे विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी अपने जीवन में मिले उपहारों की नीलामी पोर्टल के माध्यम से की है। इससे मिली धनराशि को नमामि गंगे सफाई अभियान में लगाया। ऐसे में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच को आगे बढ़ाते हुए उपहारों से प्राप्त धनराशि मुख्यमंत्री राहत कोष में प्रयोग में लाने का निर्णय लिया है। डीसी ने बताया कि रविवार से महानिदेशक डा. अमित कुमार अग्रवाल की देखरेख में ऑनलाइन पोर्टल ***cmuphaarhry.com*** की शुरूआत हो गई है। यह पोर्टल 28 फरवरी 2023 तक खुला रहेगा। उसके बाद साल में तीन या चार बार पोर्टल को चरणबद्ध तरीके से दोबारा खोला जाएगा। उन्होंने बताया कि पहले चरण में 51 उपहारों की नीलामी की जाएगी। डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि आमजन इस पोर्टल के माध्यम से मुख्यमंत्री को मिले उपहार खरीद सकते हैं।

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 15 जनवरी, 2023



# अच्छे आचरण के चलते उम्रकैद की सजा काट रहा बंदी हुआ रिहा

## मंजूनाथ हत्याकांड

**लखीमपुर खीरी( भाषा )।** इंडियन आयल कॉरपोरेशन के अधिकारी मंजूनाथ की हत्या के मामले में लखीमपुर खीरी जिला जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे एक सजायाफ्ता बंदी को अच्छे चाल-चलन और आचरण के कारण जेल से रिहा कर दिया गया।

लखीमपुर खीरी जिला जेल के जेलर पंकज कुमार सिंह ने शनिवार को पीटीआईभाषा को बताया, मंजूनाथ हत्याकांड में आजीवन कारावास की सजा काट रहे शिवकेश गिरी उर्फ लल्ला को 16 साल से अधिक की सजा काट चुकने के बाद उसके अच्छे चाल-चलन और व्यवहार के कारण आठ जनवरी को जिला जेल से रिहा कर दिया गया। आईआईएम लखनऊके पूर्व छात्र और कर्नाटक निवासी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के एक्जीक्यूटिव एस मंजूनाथ (27) की 19 नवंबर, 2005 को लखीमपुर खीरी के गोला इलाके में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके पहले उन्होंने नकली ईंधन बेचने के लिए पेट्रोल पंप का लाइसेंस रद्द करने की चेतावनी दी थी। मंजूनाथ की हत्या के मामले में पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया। मामले की सुनवाई जिला एवं सत्र न्यायाधीश एसएम आब्दी की अदालत में हुई। अदालत ने मुख्य आरोपी पवन उर्फ मोनू मित्तल को फांसी की सजा और बाकी सात आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। इसके बाद आरोपियों ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय का रुख किया, जिसने 12 दिसंबर, 2009 को मुख्य आरोपी पवन उर्फ मोनू मित्तल की फांसी की सजा को उम्रकैद में बदल दिया और आरोपी हरीश मिश्रा और संजय अवस्थी को बरी कर दिया था। दोषी पाए गए अन्य पांच आरोपी शिवकेश गिरी उर्फ लल्ला, विवेक शर्मा, देवेश अग्निहोत्री, राकेश व राजेश वर्मा की उम्र कैद की सजा बरकरार रखी थी। गोला निवासी शिवकेश गिरि उर्फ लल्ला समेत दो आरोपी जिला कारागार लखीमपुर में सजा भुगत रहे, जिनमें अच्छे आचरण के लिए शिवकेश को रिहा कर दिया गया।

**गाली गलौज कर मारने की धमकी देने का लगाया आरोप:**कोंच(जालौन)। गांव के ही युवक व उसके मामा पर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने पुलिस से कार्यवाही किये जाने की गुहार लगाई है।कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भदेवरा निवासी शानू पुत्र अशरफ ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि शुक्रवार की रात करीब 8 बजे वह अपने घर पर बैठा था तभी गांव के ही असलम व उसका मामा मोबाइल पर फोन कर उसके साथ गाली गलौज करने लगे उसने गाली गलौज का विरोध करते हुए सामने आकर बात करने को कहा तो शनिवार की सुबह उक्त दोनों उसके घर पर आये और बगैर कुछ बातचीत किये ही फिर से गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उक्त दोनों जान से मारने की धमकी देकर भाग गये।

# पंचायत मित्र दो दिनों से लापता पत्नी ने पुलिस को दी सूचना

**माधौगढ़** (जालौन)। माधौगढ कोतवाली के कुंवरपुरा सिहारी का है। जहां कुँवरपुरा निवासिनी ने बताया कि 12 जनवरी को 8 बजे से मेरे पति गायब है जिन्हें ढूढ़ने का प्रयास किया गया लेकिन अभी तक उनका कोई पता नहीं चला सका जबकि मेरे पति ग्राम पंचायत मित्र है और वह सुवह से अपने कार्य मे रहते है लेकिन उनका पता नही चल पा रहा है। जिनका नाम करन सिंह पुत्र हरकिशुन उम्र 35 वर्ष निवासी कुँवरपुरा सिहारी जिनके चार बच्चे है सबसे बड़ी लड़की है जिसका नाम सोनी उम्र 16, लड़का रितेश 14 वर्ष लड़की शिवानी 12 वर्ष लड़का रितिका उम्र 7 साल बतायी जा रही है जो अपने पिता के गायब होने के बाद से ही गुमशुम नजर आ रहे हैं।

**संदिग्ध परिस्थितियों में 20 वर्षीय युवती फांसी पर झूल गयी**

माधौगढ़ (जालौन)। माधौगढ कोतवाली के चितौरा गांव का है। जहां 20 वर्षीय युवती ने फांसी के फंदे से लटकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली, परिजनों ने शव फांसी से लटकता देख दंग रह गए,परिजनों ने पुलिस को दी सूचना इसके बाद एसआई जितेंद्र सिंह व पुलिस स्टाप के साथ पहुंचे जहां शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच पड़ताल में जुट गई। मिली जानकारी के अनुसार अर्चना पुत्री जितेंद्र कुशवाहा उम्र 20 वर्ष निवासी चितौरा है। जो कि अपने माता पिता व भाई के साथ रायपुर रहती है। वहां पर उसके भाई मंगल, अभिषेक, राजपाल पानीपुरी का काम करते है। वही से शुक्रवार को अपने गांव चितौरा आयी थी तभी रात्रि में उसने अज्ञात कारणों के चलत टूपट्टा से फंदा बनाकर कमरे के अंदर कुंदे से लटकर फांसी लगा ली और अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। वही मौके पर पहुची विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम जांच पड़ताल में जुट हुयी थी।

## समाजवादी छात्र सभा के पूर्व प्रदेश सचिव की करंट लगने से मौत

**बलिया।** समाजवादी पार्टी (सपा) की छात्र सभा के पूर्व प्रदेश सचिव मनीष दुबे की शनिवार सुबह करंट लगने से मौत हो गई। सपा के एक पदाधिकारी ने यह जानकारी दी। सपा के मीडिया प्रभारी सुशील पांडेय ने बताया कि समाजवादी छात्र सभा के पूर्व प्रदेश सचिव मनीष दुबे (35) की शनिवार को सुबह फेफना थाना क्षेत्र के गड़वार मार्ग स्थित मकान पर करंट लगने से मौत हो गई। दुबे अपने घर की छत पर सफाई करते समय बिजली की तार की चपेट में आ गए। उन्होंने बताया कि दुबे को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पांडेय ने बताया कि दुबे जिला मुख्यालय पर स्थित टाउन डिग्री कॉलेज छात्र संघ के पूर्व महामंत्री भी थे। समाजवादी पार्टी ने ट्वीट कर दुबे की मौत पर गहरा दुख प्रकट किया है।

## पाठा के गरीबों को ठंड से बचाने को एसपी वृंदा शुक्ला ने बांटे स्वेटर

**चित्रकूट।** जिले में बीते कई दिनों से जारी शीत लहर के प्रकोप को देखते हुए पाठा के गरीबों को ठंड से बचाने के लिए पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने सराहनीय कार्य किया है। एसपी ने मारकुंडी पहुँचकर अमचूर नेरुआ पंचायत में आदिवासी बच्चों और बजुर्ग महिलाओं को स्वेटर वितरित करने के साथ-साथ उन्हें पूर्ण सुरक्षा का भरोसा दिलाया है। इस दौरान एसपी शुक्ला ने वहाँ उपस्थित आदिवासी कोल समुदाय की बहनों और माताओं से बात करते हुए कहा कि किसी भी तरह के अन्याय का विरोध करिए। इसके अलावा घरेलू हिंसा का भी डटकर मुकाबला करिये। आप सभी घर में अपने साथ हो रहे अन्याय और शोषण के खिलाफ चुप्पी तोड़िये और आवाज बुलंद करिए चित्रकूट पुलिस आपके साथ है। गौरतलब कि एसपी वृंदा शुक्ला ने स्वयं पाठा के ग्रामीण इलाकों में पहुंचकर महिलाओं से बात की। साथ ही पुलिस की विभिन्न गतिविधियों का औचक निरीक्षण किया। एसपी की इस अनूठी पहल का मकसद जनता के प्रति पुलिस का विश्वास बढ़ाकर अपराध पर अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाना है।

## स्वच्छ भारत समृद्ध भारत का नगर पालिका का संदेश

**चित्रकूट।** रामघाट में नगर पालिका परिषद चित्रकूट धाम कर्वी द्वारा स्वच्छ धरोहर कार्यक्रम के अंतर्गत रामघाट को चयनित किया गया है। इस पर्यटन स्थल पर सर्वप्रथम सम्मानित जनप्रतिनिधियों, प्रसिद्ध समाजसेवियों एवं ब्रांड एंबेसडर द्वारा स्वच्छ भारत समृद्ध भारत का संदेश देने के लिए, विभिन्न तरह की स्वच्छता संबंधित कलाकृतियों से आच्छादित पतंगों को उड़ा कर, उपस्थित जनसमूह को प्रतीकात्मक संदेश दिया गया। साथ ही साथ इस विरासत स्थल पर, नगरपालिका कर्मचारियों द्वारा हरी डस्टबिन तथा नीली डस्टबिन की स्थापना की गई, और लोगों को संदेश दिया गया कि गीला कूड़ा हरी डस्टबिन में तथा सूखा कूड़ा नीली डस्टबिन में रखें। स्वच्छता कर्मचारियों द्वारा संपूर्ण विरासत स्थल मेला क्षेत्र की विधिवत साफसफाई की गई। स्वच्छता संबंधित स्लोगन के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का कार्य किया गया, विरासत स्थल पर सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करने के लिए वर्जित किया गया और उपस्थित लोगों को इसके दुष्प्रभाव के बारे में भी विस्तार से बताया गया। स्वच्छता अभियान चलाकर 'स्वच्छता परमो धर्मः' की परिकल्पना को बताया गया व मकर संक्रांति पर पतंग उड़ा कर तीर्थ यात्रियों व लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर शिवा कुमार जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन, सफाई एवं खाद निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, राकेश केसरवानी ब्रांड एंबेसडर स्वच्छ भारत मिशन, शुभम केसरवानी, श्रेयांश गुप्ता, अमित सिंह, आशीष मलिक अधिकारी एवं कर्मचारी गण आदि उपस्थित रहे।

## चेकिंग अभियान में चार व्यक्ति बिजली चोरी करते पकड़े

**जालौन ( उरई )।** बिजली विभाग द्वारा चलाए गए सघन चेकिंग अभियान में 4 लोग चोरी से बिजली जलाते हुए मिले। जिनके खिलाफप्राथमिकी दर्ज कराई जा रही है। विद्युत उपखंड अधिकारी कौशलेंद्र सिंह के नेतृत्व में जेई पी राम, टीजीटू नरेंद्र सोलंकी, कमलेश कुमार आदि की टीम ने नगर के विभिन्न मोहल्लों में चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान मोहल्ला चौधरयाना में अनुरूद्ध का बिजली बिल बकाया होने के चलते मीटर निकाल लिया गया था। इसके बाद वह डायरेक्ट केबिल डालकर बिजली चोरी कर रहे थे। नारोभास्कर में रमेशचंद्र, खंडेराव में अजब सिंह व राजबहादुर मीटर के पहले केबिल में बाइपास कर चोरी से बिजली जला रहे थे। इस संदर्भ में एसडीओ ने बताया कि चोरी से बिजली जलाने वालों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दी गई है। कहा कि चेकिंग लगातार जारी रहेगी। इसलिए चोरी से बिजली न जलाएं और बकाया बिलों का समय से भुगतान करें।

## परती भूमि पर कब्जा करने की शिकायत

**जालौन ( उरई )।** परती की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर बाउंड्रीवाल का निर्माण कराने की शिकायत ग्रामीण ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर की है। तहसील क्षेत्र के ग्राम हथना बुजुर्ग निवासी रामसहाय कुशवाहा ने एसडीएम सना अख्तर को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके गांव में गाटा संख्या 525 सरकारी अभिलेखों में बंजर भूमि के रूप में दर्ज है। उक्त परती की भूमि पर गांव के ही एक व्यक्ति ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। इतना ही नहीं अवैध कब्जा कर उन्होंने उक्त भूमि पर बाउंड्री बाल का का भी निर्माण करा लिया है। जब उन्हें अवैध कब्जा हटाने के लिए कहा जाता है तो वह झगड़े पर आमादा हो जाते हैं। ग्रामीण ने एसडीएम से परती की भूमि से अवैध कब्जा हटवाने की मांग की है।

## पुलिस ने की शांतिभंग की कार्रवाई

**जालौन ( उरई )।** शराब के नशे में ग्रामीणों के साथ गाली, गलौज व झगड़ा करने की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफशांतिभंग की कार्रवाई की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सहाव निवासी धीरेंद्र कुमार शराब के नशे में ग्रामीणों के साथ गाली, गलौज व झगड़ा कर रहे थे। ग्रामीणों के समझाने के बाद भी न मानने पर उन्होंने इसकी सूचना डायल 112 को दी। मौके पर पहुंची पुलिस आरोपी को पकड़कर कोतवाली ले आई। जहां उसके खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की गई।

## आर्थिक तंगी से बेहाल युवक ने फांसी लगाकर जान दी

**हमीरपुर।** स्थानीय हमीरपुर शहर में आर्थिक समस्या से जूझ रहे एक अविवाहित युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक किराए के कमरे में रहकर एक नेटवर्क कंपनी में काम करता था। पुलिस के मुताबिक पड़ोसी जनपद जालौन के खरका गांव निवासी प्रद्युम(25) पुत्र रामकेश सविता एक नेट वर्क कंपनी में काम करता था, वह स्थानीय रहुनिया मोहाल में कमरा किराये में लेकर रहता था, पैसे से हमेशा परेशान रहने से वह डिप्रेशन में रहता था। आज उसने कमरे में पंखे से लटक कर फांसी लगा ली। जानकारी होने पर पुलिस ने मौके पर पहुच कर लाश को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

## मुकेश पहलवान ने बलबीर मानपुरा को चटाई धूल

**कुसमिलिया ( जालौन )।** डकोर ब्लॉक के बंधौली गांव में अलखराम बाबा स्थान पर दो दिवसीय दंगल का आयोजन किया गया। दंगल के प्रथम शनिवार को आधा सैंकड़ा पहलवानों ने अपने दावपेंच दिखाए। दंगल का उद्घाटन ग्राम प्रधान रघुवीर यादव ने पहलवानों के एक-दूसरे से हाथ मिलवाकर किया व कुश्ती का शुभारम्भ कराया। कुश्ती के इस पुराने एवं पारंपरिक खेल को देखने दूरदराज के गांवों से ग्रामीण भी शामिल हुए। दंगल की उद्घाटन कुश्ती मुकेश कन्नौज और बलवीर मानपुरा के साथ हुई। जिसमें मुकेश पहलवान कन्नौज ने बलवीर मानपुरा को हराया। लोकेश ताडपुरा और गोलू औरैया की कुश्ती में बराबरी हुई। अमन पहलवान गढर और विवेक फरीदा के बीच कुश्ती बराबरी पर छूटी। आस पास के कुसमिलिया, मुहम्मदाबाद, कुठौंदा, चिल्ली , ऐरी रमपुरा आदि गांवों से दंगल का आनंद उठाते हुए दर्शकों ने तालियां बजाकर पहलवानों का उत्साह बर्धन किया। इस मौके पर दंगल समिति से प्रदीप, प्रकाश, शिवनंदन, मानिक, जहार सिंह, संतोष, राजेंद्र, कल्लू राजपूत,समेत सैंकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे। रेफरी की भूमिका चरण सिंह, पहलवान व धीरेंद्र ने निभाई।

## 15-16 को आरएसएस का खिचड़ी भोज

**जालौन ( उरई )।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के तत्वावधान में मकर संक्रांति कार्यक्रम के अंतर्गत 15 जनवरी दिन रविवार को स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर एवं 16 जनवरी को आवास विकास कॉलोनी में खिचड़ी भोज का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी नगर प्रचार प्रमुख अंशुल सक्सेना ने दी है।

## मकर संक्राति पर्व पर भक्तों ने स्नान कर सूर्य को चढ़ाया जल

**जालौन ( उरई )।** सूर्य के मकर राशि में प्रवेश के साथ ही मकर संक्रांति के पर्व पर श्रद्धालुओं ने स्नान कर सूर्य को जल चढ़ाया। लोगों ने घरों में तिल के लड्डू व दाल के पकौड़े खिलाए। वहीं बाजार बैठगंज में अग्रवाल बंधुओं द्वारा राहगीरों को खिचड़ी भोज कराया गया। मकर संक्रांति के पर्व पर नगर व ग्रामीण क्षेत्र में श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। मकर संक्रांति के पावन पर्व पर लोगों ने सुबह से ही मंदिरों में पहुंचकर पूजा अर्चना की। लोगों ने स्नान कर सूर्य देवता के मकर राशि पर आने पर सूर्य देवता को जल चढ़ाकर उनकी भी पूजा अर्चना की। इसके बाद खिचड़ी दान कर कन्याओं को खिचड़ी खिलाई गयी। ग्रामीण क्षेत्रों के खनुआं, औरेखी, कुंवरपुरा, लौना, उदोतपुरा, पहाड़पुरा, सुढ़ार सालाबाद, छिरिया सलेमपुर आदि गांवों भी मकर संक्रांति का पर्व मनाया गया।

# वाहन चालकों का हुआ नेत्र परीक्षण, दृष्टि दोष पाए जाने पर जांच के निर्देश

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद



**आज** सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत रोडवेज बस अड्डा फर्रुखाबाद में वाहन चालको के लिए नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया इस कैंप में नेत्र चिकित्सक सुनीत रंजन मिश्रा द्वारा 57 चालको के नेत्रों का परीक्षण किया गया जिसमें से 9 चालकों में दृष्टि दोष पाए जाने पर लोहिया अस्पताल में जाकर उच्चतर जांच कराने एवं चश्मे की सलाह दी गई। निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में क्षेत्राधिकारी नगर प्रदीप सिंहएथानाध्यक्ष कोतवाली फर्रुखाबाद विनोद कुमार शुक्लाए यातायात प्रभारी रजनेश कुमारए वरिष्ठ स्टेशन इंचार्ज उर्मिला दुबेए स्टेशन इंचार्ज गौरी शंकर तथा नेत्र चिकित्सक सुनीत कुमार मिश्रा मौजूद रहे। चालकों तथा परिचालकों को संबोधित करते हुए क्षेत्राधिकारी नगर प्रदीप सिंह ने कहा की सड़क सुरक्षा के नियमों के पालन के साथ.साथ सभी चालक परिचालक अपने नेत्रों की समय से जांच कराते रहें ताकि दुर्घटना से बचा जा सके।

थानाध्यक्ष कोतवाली फर्रुखाबाद विनोद कुमार शुक्ला द्वारा चालकों को बताया गया की जरा सी सावधानी हटने से दुर्घटना घटित हो जाती हैएअतः गाड़ी की लाइट्स जैसे हेड लाइट ए बैक लाइट ए ब्रेक लाइटए पार्किंग लाइट आदि सही स्थिति में रखें एवं यातायात नियमों का पालन करें एतीव्र गति से वाहन ना चलाएं एवाहन निर्धारित लेन में चलाएं ताकि सड़क पर पैदल चलने वाले भी सुरक्षित चल सके। एआरटीओ प्रशासन वीएन चौधरी ने चालकों को बताया की संवेदनशीलता एवं धैर्य दुर्घटना से बचाव का मार्ग है यदि चालक मार्ग पर वाहन चलाते समय पैदल चलने वालों एवं अन्य वाहनों की सुरक्षा के प्रति संवेदनशील होंगे तो निश्चित रूप से उनका गति पर नियंत्रण होगा। इसके अतिरिक्त मार्ग पर धैर्य के साथ वाहन चलाएं जब आप क्रोधित हो अथवा नशे की हालत में हो तब वाहन ना चलाएं। उन्होंने यह भी कहा कि वाहन चलाते समय सोच लें कि कहीं आप वाहन अंतिम बार तो नहीं चला रहे हैं क्योंकि जिसको रोज वाहन चलाना है वह धैर्य एवं अनुशासन के साथ वाहन चलाएगा। बस ऑपरेटर यूनियन के सहयोग से सातनपुर मंडी के पास एआरटीओ प्रशासन वीएन चौधरी द्वारा बसों के चालकोंए परिचालकों तथा ऑटोए टेंपोए टैक्सी के चालकों को सड़क सुरक्षा के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया तथा उन्हें जागरूक किया गया। चालको को सड़क सुरक्षा से संबंधित यातायात के नियमों का पालन करनेए सड़क संकेतों का पालन करनेए सीट बेल्ट पहनकर वाहन चलाने एनशे की हालत में वाहन न चलाने एअपनी लेन में वाहन चलाने पर जोर दिया गया। एआरटीओ ने यह भी बताया कि वाहन का बीमा होना अति आवश्यक है तथा चालक का ड्राइविंग लाइसेंसए फिटनेस सर्टिफिकेट प्रमाण पत्र भी वैध होना चाहिए तथा वाहन का प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र अद्यतन होना चाहिए। भारतीय बीमा नियामक प्राधिकरण के आदेशानुसार यदि वाहन का प्रदूषण प्रमाण पत्र वैध नहीं है तो बीमा कंपनी द्वारा वाहन का बीमा क्लेम देने से इनकार किया जा सकता है ।अतः दुर्घटना की स्थिति में हानि को कम करने के लिए बीमा अवश्य करवाएं एवं समस्त प्रपत्र पूर्ण रखें। बस यूनियन की ओर से पंकज मिश्रा तथा अन्य द्वारा भी चालकों को संबोधित किया गया।

## बांदा में आपसी विवाद में दंपति ने की आत्महत्या

**बांदा।** जिला मुख्यालय के कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में आपसी विवाद के चलते कथित तौर पर जहरीला पदार्थ खाकर एक दंपति ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। बांदा नगर क्षेत्र की पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) अंबुजा त्रिवेदी ने बताया कि शहर कोतवाली क्षेत्र के मवई बुजुर्ग गांव में शुक्रवार रात आपसी विवाद के चलते प्रीति (27) ने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। उन्होंने बताया कि उसे अस्पताल ले जाने पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि जैसे ही महिला के पति रामरूप (30) को उसकी मौत की सूचना मिली तो उसने भी जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी भी मौत हो गई। सीओ ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के बाद उनके परिजनों को सौंप कर जांच आरंभ कर दी गई है। त्रिवेदी ने बताया कि प्रथम दृष्टया सामने आया कि रामरूप शराब पीने का आदी था, इसी को लेकर पति-पत्नी के बीच शुक्रवार दोपहर से विवाद शुरू हो गया था और रात में पहले प्रीति ने जहर खाकर जान दे दी। इसके बाद उसके पति ने बचा हुआ जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी भी मौत हो गई।

## गौवंशों के बीच मकर संक्रांति का पर्व मना दिया अनूठा संदेश

**पहाड़ी** ( चित्रकूट)। जिले के पहाड़ी विकास खंड की ग्राम पंचायत कलवारा बुजुर्ग के प्रधान ने अनौखे तरीके से मकर संक्रांति का पर्व मना कर जनपदवासियों को गौसेवा का अनूठा संदेश दिया है। जानकारी के अनुसार के अनुसार विकास खंड पहाड़ी अंतर्गत ग्राम पंचायत कलवारा बुजुर्ग में ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी ने मकर संक्रांति पर्व पर एक नई पहल कर जनप्रतिनिधियों को एक नया संदेश देते हुए कहा कि अगर इंसान चाहे तो हर कार्य संभव है। कुछ ऐसा ही आज ग्राम पंचायत कलवारा बुजुर्ग स्थित गौशाला में देखने को मिला जहां ग्राम प्रधान जवाहर सिंह व ग्राम विकास अधिकारी विश्व प्रधान मिश्र ने मकर संक्रांति पर्व ग्रामीणों को साथ लेकर गौशाला पहुंच गौवंशो को गुड़ खिचड़ी खिलाया व गौशाला में ही भजन कीर्तन का आयोजन किया।

# हादसों में पिता-पुत्र समेत सात की मौत

## शाहजहांपुर में अलग-अलग हादसों में पिता-पुत्र समेत चा की जान गई

शाहजहांपुर । शाहजहांपुर जिले में शनिवार की शाम दो अलग-अलग सड़क हादसों में पिता-पुत्र समेत चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) संजय कुमार ने बताया कि शनिवार की शाम हरदोई निवासी राकेश (45) तथा उनका बेटा पिंटू (22) बाइक से निगोही से वापस लौटकर हरदोई जा रहे थे कि तभी शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र के बरेली मोड़ पर ओवर ब्रिज के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनके बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में पिता-पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई।

कुमार ने बताया कि दूसरी घटना जिले के थाना पुवायां में मोहम्मदी मार्ग पर धर्मागतपुर गांव के पास की है। उन्होंने कहा कि रितिका (10) सड़क के किनारे बकरी चरा रही थी कि तभी पुवायां की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उसे कुचल दिया। रितिका की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि तेज रफ्तार कार आगे एक साइकिल सवार को टक्कर मारते हुए फरार हो गई। हादसे में साइकिल सवार की भी मौत हो गई जिसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है। कुमार ने बताया कि दोनों घटनाओं में वाहनों का पता नहीं लग पाया है और पुलिस द्वारा वाहनों की तलाश की जा रही है।

## गोंडा में ट्रेन व सड़क हादसों में तीन ने जान गंवाई

**गोंडा।** गोंडा जिले में अलग-अलग ट्रेन की चपेट में आने से एक किशोरी और एक युवक की मौत हो गई जबकि सड़क पर एक वाहन की टक्कर से पांच वर्षीय मासूम की जान चली गई। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) मनकापुर, के चौकी प्रभारी हरिनाथ यादव ने बताया कि शनिवार सुबह मनकापुर-अयोध्या रेल खण्ड पर टिकरी रेलवे स्टेशन के पास अयोध्या से मनकापुर की तरफ जा रही पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की जान चली गई। उन्होंने बताया कि युवक की पहचान अब्दुल रहमान उर्फ अमन (20) के रूप में हुई है, मृतक के भाई मोहम्मद गनी ने बताया कि वह आज सुबह रेलवे स्टेशन गया था। स्टेशन मास्टर उमेश कुमार पाल की सूचना पर चौकी प्रभारी यादव ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बालपुर के चौकी प्रभारी विनय कुमार पाण्डेय ने बताया कि कर्नलगंज थाना क्षेत्र के राजापुर गांव निवासी कृष्ण कांत दुबे की पुत्री (15) शुक्रवार देर शाम शौच के लिए निकली थी और घर के बगल से जा रही गोंडा-लखनऊरेलवे लाइन पार करते समय वह किसी ट्रेन की चपेट में आ गई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। काफी देर तक उसके घर न लौटने पर परिजनों के तलाश करने पर उसका क्षत विक्षत शव रेल पटरी पर पाया गया। पाण्डेय ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया है। कटरा बाजार थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) मनोज कुमार राय ने बताया कि मोहम्मद शकील का पुत्र शोएब (पांच) शनिवार सुबह करीब आठ बजे मैजापुर डीहा गांव के पास सड़क के किनारे खेल रहा था,तभी किसी वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। परिजन की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। उन्होंने कहा कि शकील की तहरीर पर अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## हमारा आचरण संविधान के अनुकूल होना चाहिए: आरिफ मोहम्मद खान

**अलीगढ़।** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने शनिवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत के हाल के एक बयान से उपजे कुछ संदेहों को दूर करने की कोशिश की और कहा कि हमारा आचरण हमारे संविधान के अनुकूल होना चाहिए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने हाल ही में कहा था कि हिन्दू हमारी पहचान, राष्ट्रीयता और सबको अपना मानने एवं साथ लेकर चलने की प्रवृत्ति है और इस्लाम को देश में कोई खतरा नहीं है, लेकिन उसे हम बड़े हैं का भाव छोड़ना पड़ेगा। अलीगढ़ के हैवीटैट सेंटर में शनिवार को कल्याण सिंह की जयंती समारोह में पहुंचे केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने पत्रकारों के सवाल के जवाब में मोहन भागवत के बयान को अपने ढंग से परिभाषित करते हुए कहा, भागवत जी के बयान का मतलब है कि आज जो हमारा संविधान है, हमारा आचरण उसके अनुकूल होना चाहिएउ जहां पर किसी को यह हक हासिल नहीं है कि मैं पैदाइश की बुनियाद पर बड़ा हूं और पैदाइश की बुनियाद पर कोई छोटा है। खान ने कहा, भागवत ने वास्तव में इस बात पर जोर दिया था कि किसी को भी अपने जन्म के आधार पर किसी भी प्रभुत्व का दावा करने का अधिकार नहीं है। आरएसएस प्रमुख भागवत ने कहा था, हिन्दू हमारी पहचान, राष्ट्रीयता और सबको अपना मानने एवं साथ लेकर चलने की प्रवृत्ति है। सरसंघचालक ने कहा, हिन्दुस्थान, हिन्दुस्थान बना रहे, सीधी सी बात है। इससे आज भारत में जो मुसलमान हैं, उन्हें कोई नुकसान नहीं है। वह हैं। रहना चाहते हैं, रहें। पूर्वज के पास वापस आना चाहते हैं, आएं। उनके मन पर है। भगवन ने कहा था, इस्लाम को कोई खतरा नहीं है, लेकिन हम बड़े हैं, हम एक समय राजा थे, हम फिर से राजा बने...यह छोड़ना पड़ेगा... साथ ही, भागवत ने कहा, ऐसा सोचने वाला अगर कोई हिन्दू है, उसे भी (यह भाव) छोड़ना पड़ेगा। कम्युनिस्ट है, उनको भी छोड़ना पड़ेगा। आरिफ मोहम्मद खान ने कहा हमारे समाज में सामाजिक विषमताएं हैं लेकिन समानता हमारा पोषित आदर्श है और एक आकांक्षा है जो भारत के संविधान में गहराई से परिलक्षित होती है।

# उधार दिए रुपये मांगने पर गर्भवती महिला के साथ की जमकर मारपीट

## बचाने आयी किशोरी के साथ की छेड़छाड़

**कोंच**(जालौन)। उधार दिए रुपये मांगने पर गर्भवती महिला के साथ लात घूसों से मारपीट किये जाने और मां को बचाने आयी बेटी के साथ छेड़छाड़ किये जाने की घटना सामने आयी है। वहीं जानकारी में आया है कि लेनदेन के इस मामले में दूसरे पक्ष द्वारा भी कुछ दिन पहले पुलिस को एक प्रार्थना पत्र दिया गया था।नगर के मोहल्ला नया पटेल नगर निवासी महिला खुशबू पत्नी बृजेश ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि मुहल्ले के ही मिठाईलाल ने अपना खुद का मकान बनबाने के लिए 1 वर्ष पूर्व उसके पति से 50 हजार रुपये 6 माह के लिए उधार लिए थे लेकिन समय बीत जाने के बाद भी वह रुपये नहीं लौटा रहा है। शुक्रवार की शाम करीब 6 बजे वह खेत से मजदूरी कर अपने घर जा रही थी तभी रास्ते में मिठाईलाल को खड़ा देख उसने अपने रुपये मांगे।रुपये मांगे जाने से गुस्साए मिठाईलाल गाली गलौज करने लगा जिसके बाद वह चुपचाप अपने घर चली गई।रात्रि 11 बजे मिठाईलाल अपनी पत्नी व बेटे के साथ उसके घर में घुस आये और पति की गैरमौजूदगी में उसके साथ गाली गलौज कर लात घूसों से उसे मारने लगे।मिठाईलाल ने उसके पेट में लात मार दी। गर्भवती होने के कारण उसे पेट में दर्द होने लगा और वह नीचे जमीन पर गिर पड़ी।वहीं उसे बचाने आयी 17 वर्षीय बेटी के साथ मिठाईलाल के बेटे ने पकड़कर छेड़छाड़ की। शोरगुल सुनकर आस पड़ोस के लोग मौके पर आ गये जिसके बाद उक्त लोगों ने घर में रखी टीवी सहित अन्य सामान छतिग्रस्त कर दिया और फिर जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गये।

## पर्व और ठंड के चलते थाना समाधान दिवस में नहीं आये फरियादी

**कोंच ( जालौन )।** शनिवार को ठिठुरन भरी सर्दी के साथ ही मकर संक्रांति पर्व होने के चलते थाना समाधान दिवस में फरियादी नहीं आये। कोंच कोतवाली और थाना नदीगांव में तो एक भी फरियादी अपनी समस्या शिकायत लेकर नहीं पहुंचा जिसके चलते कोतवाल नागेंद्र त्रिपाठी व थानाध्यक्ष वीरेंद्र पटेल सहित संबंधित राजस्वकर्मी निर्धारित समय पर खाली बैठे रहे और फरियादियों के आने का इंतजार करते दिखे।थाना कैलिया में एसडीएम कृष्णकुमार सिंह ने आये हुए फरियादियों की शिकायतें सुनी। राजस्व व पुलिस विभाग से संबंधित 3 शिकायतें दर्ज कराई गयीं जिन्हें निस्तारण हेतु गठित टीमों के सुपुर्द कर दी गयीं।

## प्रताड़ना से त्रस्त दलित ने लगाई थी फांसी

**कोंच ( जालौन )।** करीब एक माह पहले चंदुर्रा गांव में 40 वर्षीय एक दलित ने फांसी पर लटक कर आत्महत्या यूं ही नहीं कर ली थी बल्कि उसे इतना प्रताड़ित किया गया था कि उसे फांसी पर लटक कर जान देनी पड़ गई। इस प्रकरण में पुलिस ने 7 लोगों के खिलाफआत्महत्या के लिए उकसाने और इसमें शामिल गैर दलित आरोपियों के खिलाफ एससीएसटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चंदुर्रा निवासी अनिल कुमार अहिरवार पुत्र देवेंद्र ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसके पिता देवेंद्र कुमार को नरेंद्र सिंह, कृष्णपाल सिंह, कप्तान सिंह, कृष्ण गोपाल निवासीगण ग्राम चंदुर्रा, दयाराम निवासी चांदनी, संतराम निवासी इमलौरी व कन्हैयालाल निवासी दाढ़ी द्वारा जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए प्रताड़ित किया।

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 15 जनवरी, 2023



## बदलाव की आहट

भगवा दल में बीते कई दिनों से राष्ट्रीय स्तर के नेताओं से लेकर प्रदेश स्तर के नेताओं की बैठकों का लंबा दौर चला। केंद्रीय पदाधिकारी भी लखनऊ आकर दो दिन रूके और अपने इस प्रवास के दौरान उन्होंने आगामी चुनाव को लेकर चिंतन मंथन किया और अब चिंतन मंथन के बाद संगठन में व्यापक बदलाव की तैयारी है। एक पद एक व्यक्ति के सिद्धांत पर संगठन में कई बदलाव होंगे जो बहुत जल्द ही सामने आ जाएंगे क्योंकि भगवा दल हर बदलाव से पहले तिथि और दिन को अवश्य देखता है इसलिए बीजेपी की राष्ट्रीय कार्यसमिति की दिल्ली में होने वाली बैठक के बाद संगठन में बड़ा बदलाव होगा। इस बदलाव की सुगबुगाहट के बाद अब कई माननीय और पदाधिकारियों को ठंडक में भी पसीना आने लगा है। वह इसलिए क्योंकि उन्हें लगता है कहीं उनका पद न छीन लिया जाए। एक चर्चा अब यह भी हो रही है कि रामनवमी के बाद मंत्रिमंडल में फेरबदल भी होगा इसलिए जो मंत्री हैं और उनके साथ संगठन का भी दायित्व है वे इस बात को लेकर परेशान हैं कि क्या बदलाव में उनका नाम भी है। एक माननीय हैं जिनको चुनाव प्रबंधन के लिए विशेष तौर से जाना जाता है। वह सब से ज्यादा चिंतित हैं और यह भी चर्चा है कि उन्हें वापस पूरी शिद्दत के साथ संगठन में चुनाव प्रबंधन में लगाया जाएगा।



## धन व पशु

पंडित जी परेशान है दिन काटे नहीं कट रहा। सुबह ऑफिस आना शाम को घर चले जाना। अब बस यही दिनचर्या है। काफी लंबे समय तक खाली बैठाने के बाद बड़े महाराज ने पशुधन जैसा विभाग दे दिया है जहां पशु तो है लेकिन धन नहीं है। पंडित जी की इस हालत के पीछे स्वयं पंडित जी ही जिम्मेदार हैं। एक समय था पंडित जी का जलवा था। जिले के आलाकमान थे। जैसे देवों में इंद्र होते हैं वैसे ये भी जिले में देवेंद्र थे। पूरे जिले में पंडित जी की हुकूमत चलती थी। जो चाहते थे वह करते थे। पंडित जी अपने पद के जलवे में यह भूल गए कि ऊपर बड़े महाराज बैठे हैं और सब कुछ देख रहे हैं। आखिर एक दिन बड़े महाराज की दृष्टि पड़ ही गई। फिर क्या था। पंडित जी हो गए चारों खाने चित। काफी सिफारिश के बाद पंडित जी पर महाराज जी की कृपा हुई और महाराज जी ने पशु रूपी धन दे दिया। पंडित जी काफी लंबे समय से इस पशु रूपी धन को संजोए बैठे हैं और इस उम्मीद में हैं कि महाराज जी की अच्छी कृपा बन जाए और और उनके दिन ठीक हो जाए।




## समझौते वाले मास्टर

अपने संस्थान में कानून व्यवस्था देख रहे गुरुजी अपने पद से कम समझौते वाले गुरुजी के रूप में ज्यादा जाने जा रहे हैं। कैम्पस में मारपीट हो या कोई अन्य घटना। गुरुजी समझौते की राह पकड़ना आसान समझते हैं। चाहे भुक्तभोगी की इच्छा भले ही बदला लेने की हो। लेकिन गुरुजी पहले प्यार फिर धमकी के सहारे अंततः अपने मकसद में सफल हो ही जाते हैं। न एफआईआर न हिरासत। फैसला आन द स्पॉट। अभी कुछ दिनों पहले परिसर में अपने को फ्रेंडली साबित करने के लिए चाय पर चर्चा शुरू की गयी थी। गुरुजी की चाय तो खत्म हो गई पर भिड़ने भिड़ाने का क्रम जारी है। अभी दो दिन पूर्व की ही बात है। एक छात्रावास में मारपीट हुई। गुरुजी ने अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर भुक्तभोगी को ही समझा दिया। अच्छा एक बात है। मारपीट करने वाले बच्चे भी गुरुजी की ही विचारधारा से सम्बन्ध रखते हैं। क्योंकि गुरुजी के रहते किसी अन्य विचारधारा की दाल तो गलती नहीं है। अगर किसी ने गलाने की कोशिश भी की तो गुरुजी का कानून भारी पड़ जाता है। अब समझौता कराकर गुरुजी क्या साबित करना चाहते हैं कि आल इज वेल है। रोजनामचा पर कोई घटना नहीं दर्ज होती है। एक दिन गुरुजी से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि आखिर में बच्चे समझौता कर लेते हैं तो क्या जरूरत है कारवाई की। गुरुजी की नजर में परिसर में कोई घटना होती ही नहीं है। अब यह नहीं समझ मे आ रहा है कि गुरुजी समझौता में यकीन रखते हैं या अपने को पॉस ऑन करते हैं।



## गौने की दुल्हन

सूबे के सरकारी विभागों में खाकी वाला महकमा ही एक मात्र ऐसा है जिसके कर्मचारियों को सर्वाधिक परेशानी अवकाश को लेकर रहती है। एक तो इन कर्मचारियों को उनके गृह जनपद में तैनात न किए जाने का कड़ा नियम चला आ रहा। वहीं इनकी ड्यूटी साल के 365 दिन रहती है। घर परिवार से बहुत दूर नौकरी कर रहे खाकी कर्मियों को किसी भी तीज-त्यौहार अथवा राष्ट्रीय पर्व पर अवकाश मिलना तो दूर की बात ड्यूटी की जिम्मेदारी आम दिनों की अपेक्षा कहीं अधिक बढ़ जाती है। यही वजह है कि ये लोग अवकाश अर्जित करने की खातिर तरह-तरह के बहाने पेश करते रहते हैं। ऐसा ही एक अनोखा आवेदन पत्र इस समय सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रहा है। पूर्वांचल के एक जिले में तैनात सिपाही ने अवकाश के लिए जो प्रार्थना पत्र दिया है उसमें सात दिन की छुट्टी मांगने के पीछे जो वजह बताई है उसे लेकर खूब चर्चा हो रही है। सिपाही का कहना था कि उसका गौना एक महीने पहले ही हुआ है। घर नहीं पहुंच पाने के चलते पत्नी नाराज है। वह बार-बार फोन काट दे रही है। उसे छुट्टी नहीं मिल पाने से पत्नी नाराज हो गई। सिपाही के कॉल करने पर बात नहीं कर रही है। कॉल रिसीव कर बिना बात किए मोबाइल अपनी सास यानी सिपाही की मां को दे दे रही थी। पत्नी की नाराजगी से मिल रहे दर्द को सहना मुश्किल हो गया तो सिपाही ने शब्दों के माध्यम से उसे अपने प्रार्थना पत्र पर उतार दिया। एडीशनल एसपी ने भी सिपाही के दर्द को महसूस करते हुए उसे पांच दिन का आकस्मिक अवकाश प्रदान कर दिया है।

# जन आकांक्षाओं के अनुरूप नए विकास कार्यों के प्रस्ताव दें जनप्रतिनिधिः योगी

## सांसद-विधायकों के साथ मुख्यमंत्री ने की गोरखपुर मंडल के विकास कार्यों की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सांसदों** विधायकों के साथ विशेष बैठक कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को गोरखपुर मंडल की विकास परियोजनाओं की प्रगति का हाल जाना। उन्होंने सिलसिलेवार गोरखपुर, महराजगंज, देवरिया व कुशीनगर जनपदों से आए सांसदों व विधायकों से उनके क्षेत्र की विकास योजनाओं और समस्याओं की जानकारी ली। सबसे कहा कि क्षेत्र की समस्याओं के समाधान हेतु और क्षेत्रीय जन आकांक्षा के अनुरूप नए विकास कार्यों का प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराएं। इन प्रस्तावों पर त्वरित कार्यवाही होगी।

बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में गोरखपुर मंडल विकास की नई पहचान के साथ आगे बढ़ा है। मंडल को गोरखपुर खाद कारखाना, एम्स, रीजनल मेडिकल रिसर्च सेंटर, बीआरडी मेडिकल कॉलेज में सुपर स्पेशलिटी, पिपराइच चीनी मिल, आयुष विवि, सैनिक स्कूल, कुशीनगर में इंटरनेशनल एयरपोर्ट जैसे अनेक बड़ी परियोजनाओं की सौगात मिली है। देवरिया में मेडिकल कॉलेज संचालित है कुशीनगर में मेडिकल कॉलेज का निर्माण तेजी से हो रहा है। महराजगंज में पीपीपी मॉडल पर मेडिकल कॉलेज बनाने की प्रक्रिया आगे बढ़ चुकी है। उन्होंने कहा कि विकास एक सतत चलने वाली प्रक्रिया है। जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है कि वे जनता के बीच रहकर विकास कार्यों की चर्चा करें, विकास को लेकर उनकी और आकांक्षाओं को जाने तथा उसके अनुरूप प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधि शीतलहर के बीच आम जनमानस के साथ-साथ खेती-किसानी और गोवंश आदि की सुरक्षा के लिए की गई व्यवस्थाओं की जानकारी रखें और सतत निगरानी करते रहें। कहा कि प्रदेश में धान खरीद सुचारु रूप से चल रहा है। जब तक एक भी किसान क्रय केंद्र पर आएगा, खरीद जारी रहेगी। शीतलहर के बीच क्रय केंद्रों की व्यवस्थाओं का जनप्रतिनिधि भी निरीक्षण करते रहें।

बेहतर कानून-व्यवस्था तथा नीतिगत सुधारों के माध्यम से आज देश-दुनिया में निवेश का श्रेष्ठतम गंतव्य बनकर उभरा है। इस छवि का फायदा गोरखपुर मंडल को भी अधिकाधिक मिलना चाहिए। जनप्रतिनिधि के रूप में सांसद विधायक अपने क्षेत्र के ब्रांड एम्बेसेडर हैं। अपने क्षेत्र की खूबियों से देश दुनिया को परिचय कराने के लिए आपको ठोस प्रयास करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों की सुविधाए सुरक्षा और समृद्धि सरकार की नीतियों के मूल में है।

## दिवंगत होमगार्ड के परिजन को सीएम ने सौंपा 34 लाख का चेक

### ● भरण पोषण और बच्चे की शिक्षा में नहीं आने दी जाएगी दिक्कतः योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ, गोरखपुर

**जनता** के प्रति संवेदनशील मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सड़क हादसे में दिवंगत होमगार्ड्स जवान नारदमुनि के परिजन को कुल 34 लाख रुपए की सहायता राशि का चेक सौंपा। उन्होंने सांत्वना देते हुए बेहद आत्मीयता से यह भी कहा कि भरण पोषण और बच्चे की बेहतर शिक्षा में कोई भी दिक्कत नहीं आने दी जाएगी।



शनिवार सुबह सीएम योगी ने गोरखनाथ मंदिर स्थित अपने सभाकक्ष में होमगार्ड्स जवान स्वर्गीय नारदमुनि के परिजन पिता और पुत्र से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सहायता धनराशि के रूप में क्रमशः 30 लाख व 4 लाख रुपये का चेक सौंपा। कैम्पियरगंज थानाक्षेत्र के रामनगर केवटलिया टोला सरूफागंज निवासी नारदमुनि की 18 मार्च 2022 को ड्यूटी से घर जाते वक्त सड़क हादसे में मृत्यु हो गई थी। वह बी कम्पनी नगर क्षेत्र गोरखपुर में तैनात थे। उनकी पत्नी की मृत्यु पहले ही हो चुकी है। उनका एकमात्र नाबालिग पुत्र 11 वर्षीय अजय कुमार है जिसकी देखभाल उसके दादाजी परशुराम द्वारा की जाती है। सहायता राशि का चेक प्रदान करने के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्व. नारदमुनि के पिता परशुराम और बेटे अजय कुमार को सांत्वना देते हुए कहा कि उनके रहते परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। हर परिस्थिति में वह मदद करने को तत्पर मिलेंगे। उन्होंने अजय कुमार आशीर्वाद देते हुए खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया। कोई दिक्कत आए तो मुझे बताओ। हर दिक्कत दूर होगी।

## मुख्यमंत्री ने मकर संक्रांति पर्व पर दी हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं

### ● यह पर्व हमारे देश की समृद्ध विरासत व सांस्कृतिक एकता का प्रतीकः योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने मकर संक्रांति और खिचड़ी पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। शुभकामना संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के विभिन्न भागों में मकर संक्रांति का विशिष्ट पर्व विभिन्न रूपों में मनाया जाता है। यह पर्व हमारे देश की समृद्ध विरासत एवं सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने लोगों से कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत सभी सावधानियां बरतते हुए मकर संक्रांति और खिचड़ी का पर्व मनाने की अपील की है। सम्पूर्ण भारत में मकर संक्रांति विभिन्न रूपों में मनायी जाती है। उत्तर प्रदेश और बिहार सहित विभिन्न राज्यों में इसे खिचड़ी पर्व के रूप में मनाया जाता है। इस दिन सूर्य धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करते हैं और उत्तरायण हो जाते हैं। उत्तरायण को सकारात्मकता का प्रतीक माना गया है। मकर संक्रांति पर सूर्यदेव की राशि में हुआ परिवर्तन अंधकार से प्रकाश की ओर अग्रसर होने का द्योतक है। यह सर्वविदित है कि प्रकाश अधिक होने से प्राणियों की चेतना एवं कार्यशक्ति में वृद्धि होती है। इसलिए पूरे भारतवर्ष में इस अवसर पर लोग विविध रूपों में सूर्यदेव की उपासना करते हैं। मकर संक्रांति के अवसर पर पवित्र नदियों एवं सरोवरों में स्नान, पूजा अर्चना तथा दान का विशेष महत्व है।

## बड़े स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर बांटे जाएंगे नियुक्ति पत्र



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

### ● मुख्य सचिव ने सभी चयन आयोग व बोर्ड के अफसरों को चयन प्रक्रिया में भी तेजी लाने के निर्देश दिए

**मुख्य** सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में प्रदेश स्तर पर विभिन्न चयन आयोगों, बोर्डों द्वारा चयन के उपरान्त संबंधित प्रशासकीय विभागों को प्रेषित संस्तुति के आधार पर राज्य स्तर पर मिशन रोजगार के अन्तर्गत एक वृहद नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किये जाने के संबंध में बैठक आयोजित की गई।

मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य स्तर पर मिशन रोजगार के अन्तर्गत जनवरी, फरवरी व मार्च में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में वृहद नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम प्रस्तावित है। विभिन्न आयोगों, बोर्डों से चयन के उपरान्त संस्तुति प्राप्त होने पर संबंधित प्रशासकीय विभागों द्वारा पुलिस सत्यापन व चिकित्सीय परीक्षण सहित समस्त औपचारिकतायें मिशन मोड में पूरी करायी जाएं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को चयनित अभ्यर्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण जल्द से जल्द कराने के लिए आवश्यकतानुसार माह में कई बार मेडिकल बोर्ड की बैठक कराने का सुझाव दिया। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को भी पुलिस वेरीफिकेशन के कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने सभी चयन आयोग व बोर्ड के अधिकारियों को चयन प्रक्रिया में भी तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि प्रदेश स्तर पर मुख्यमंत्री द्वारा व जनपद स्तर पर जनप्रतिनिधियों द्वारा नियुक्ति पत्र का वितरण किया जायेगा। जनपद स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में डिजिटल माध्यम से मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया जायेगा।

## जी-20 व ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट में होगी मिलेट्स की ब्रांडिंग व मार्केटिंग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में प्रदेश में मिलेट्स के उत्पादन एवं उपयोग पर बैठक आयोजित की गई। मुख्य सचिव ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री के प्रस्ताव पर संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष घोषित किया गया है। इसलिये नियमित कार्यक्रमों की भांति कार्य न करके विशेष ध्यान देकर इसे विश्व पटल पर लाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में ज्वार, बाजरा, सावां, कोदो, काकुन, रागी, कुटकी, चेना, कुट्टू, चौलाई की फसलें की जाती है। इनमें प्रचुर मात्रा में कार्बोहाइड्रेट, कैल्सियम तथा आयरन आदि पोषक तत्व पाये जाते हैं। आज के दौर में लोग मिलेट्स के महत्व को भूलते जा रहे हैं लोगों को जागरूक करने के लिये वृहद स्तर पर जन जागरूकता अभियान चलाया जाये। उन्होंने कहा कि आगामी माह में जी 20 से सम्बन्धित सभी आयोजनों व ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट में मिलेट्स की ब्राण्डिंग व मार्केटिंग करायी जाये। इसके अतिरिक्त सचिवालय स्थित कैन्टीन व आकांक्षा मसाला मठरी केन्द्र को मिलेट्स उत्पाद एवं उससे तैयार होने वाले पकवान उपलब्ध कराने के लिये निर्देशित किया जाये। विभागीय बैठकें व कार्यक्रमों में मिलेट्स से तैयार उत्पाद एवं व्यंजनों को परोसा जाये। उन्होंने कहा कि मिलेट्स से सम्बन्धित स्टार्टअप व एफपीओ को प्रोत्साहित किया जाये। मिलेट्स की पैदावार बढ़ाने के लिये जनपदवार कार्ययोजना तैयार की जाए। मिलेट्स की खेती में सिंचाई के लिए पानी की आवश्यकता कम होती है इसलिये मिलेट्स की खेती के लिए खाली पड़े असिंचित क्षेत्र को भी चिन्हित किया जाये। सामान्य बीज एवं निःशुल्क बीज मिनीकिट वितरण किया जाए। मिलेट्स की खेती एवं मूल्य संवर्धन पर कार्य करने वाले प्रतिष्ठित अनुसंधान संस्थानों में किसानों तथा कर्मचारियों का एक्सपोजर विजिट कराया जाये।

विधान परिषद चुनाव

## हर मतदाता से संपर्क, संवाद भाजपा की चुनावी रणनीति का हिस्सा होना चाहिएः भूपेंद्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** में विधानपरिषद की शिक्षक, स्नातक खंड की पांच सीटो के लिए हो रहे चुनावों में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बीजेपी मुख्यालय पर शनिवार को महत्वपूर्ण बैठक हुई।

प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा प्रदेश में विधान परिषद की शिक्षक, स्नातक खण्ड की सीटों के लिए हो रहे चुनावों की तैयारियां पार्टी ने काफी पहले से ही शुरू कर दी थी। शिक्षक, स्नातक खंड क्षेत्र के चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों की जीत के लिए हर मतदाता से संपर्क, संवाद हर मतदाता का भाजपा को वोट हमारी चुनावी रणनीति का हिस्सा होना चाहिए। पार्टी ने मतदाता जोड़ो अभियान चलाकर बड़ी संख्या में नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने का काम किया था। जिसका सीधा लाभ निश्चित रूप से पार्टी को मिलेगा। उन्होंने कहा कि चुनावों में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के संकल्प के साथ हमें चुनाव लड़ना है। पार्टी की योजनानुसार कार्य करते हुए हमें पार्टी प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करनी है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य की भाजपा सरकार और देश के विकास के लिए किये गये कार्यों की सभी लोग सराहना कर रहे हैं। समाज के प्रत्येक वर्ग और तबके तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है। स्नातक, शिक्षक खण्ड क्षेत्र के मतदाताओं में भी भाजपा के प्रति विश्वास है। ऐसे में हम सब का दायित्व बनता है कि मतदाताओं से संपर्क व संवाद स्थापित कर पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील कर विधानपरिषद चुनावों में भी पार्टी की जीत का परचम लहराने के लिए अपनी अपनी भूमिका का निर्वहन करें।

पार्टी के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने बैठक में विधानपरिषद चुनावों के लिए पार्टी द्वारा तैयार की गई आगामी कार्ययोजना साझा की। शिक्षक, स्नातक खण्ड के विधानपरिषद चुनावों से जुड़े पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि मतदाताओं से संपर्क व संवाद का सघन अभियान चलाएं।

## एक लाख का इनामी बांग्लादेशी डकैत गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**क्राइम** ब्रांच व चिनहट पुलिस की संयुक्त टीम ने एक लाख के इनामी शातिर डकैत को गिरफ्तार किया है। जो बांग्लादेश का रहने वाला है। डकैत का एक संगठित गिरोह है। उसके चार साथी जेल में हैं जबकि नासिर उर्फ नसीर, नूर इस्लाम सुमान व साहीन फरार चल रहे हैं। पुलिस के अनुसार इसी गिरोह ने चिनहट इलाके में डकैती डाली थी जिसके बाद डकैत हमजा को एसटीएफ ने एनकाउंटर में मार गिराया था। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त पर करीब आठ जघन्य अपराधिक मामले दर्ज हैं। डीसीपी पूर्वी हृदेश कुमार ने बताया कि वांछित की गिरफ्तारी के लिए लखनऊ क्राइम ब्रांच व चिनहट पुलिस की एक टीम को लगाय गया था। बताया जा रहा है कि सर्विलांस व मुखबिर तंत्र से सूचना मिली कि एक शातिर डकैत लखनऊ आया है और वह चिनहट इलाके में मौजूद है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर भरोसा किया और ततकाल मौके पर पहुंचकर शातिर को दबोच लिया।

## अनूठे गीत, संगीत व नृत्य का लुत्फ उठाएंगे जी-20 सम्मेलन के अतिथि

### सीएम योगी के निर्देश पर संस्कृति विभाग ने तैयार किया कलाकारों का शेड्यूल

### ● आगरा, वाराणसी लखनऊ में विदेशी मेहमानों के सामने होंगी शास्त्रीय संगीत व पारंपरिक कला की विशेष प्रस्तुतियां

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एक** विश्व, एक परिवार, एक भविष्य के संकल्प और वसुधैव कुटुम्बकम को आत्मसात किए भारत जी-20 देशों की अगुवाई कर रहा है। इसी कड़ी में में जी-20 देशों के अतिथियों की मेजबानी का मौका उत्तर प्रदेश को भी मिला है। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेहमानों के भव्य स्वागत की तैयारी की है। उन्होंने मेहमानों को प्रदेश की संस्कृति के साथ विरासत से रूबरू कराने के लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए हैं। जी-20 देशों के अतिथियों को प्रदेश की नृत्य कला, शास्त्रीय संगीत और अन्य परंपरागत




मनोरंजन से रूबरू कराने के लिए पर्यटन विभाग ने रूपरेखा तैयार कर ली है। इसके अनुसार प्रदेश के दिग्गज कलाकार अपनी कला के माध्यम से विदेशी मेहमानों को मंत्रमुग्ध करेंगे।

प्रदेश में जी-20 देशों के अतिथियों का आगमन फरवरी में होगा जबकि वह फरवरी और अगस्त में कुल मिलाकर पांच दिन प्रवास करेंगे। इस दौरान वह इन शहरों की विभिन्न प्रसिद्ध जगहों की सैर भी करेंगे। आगरा में विदेशी मेहमानों के पहले दो दिवसीय प्रवास के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें लखनऊ की कलाकार अलका ठाकुर सारंगी और बांसुरी की जुगलबंदी से अतिथियों का स्वागत करेंगी। वहीं दूसरे दिन मथुरा के संजय शर्मा ब्रज के पारंपरिक मयूर नृत्य, गीतांजलि शर्मा राधा माधव पर आधारित कथक और वंदना श्री फोक नृत्य व कृष्णा राधा रास की प्रस्तुति देंगी।

अगस्त में तीन दिवसीय दूसरे प्रवास के पहले दिन भातखंडे संस्कृत यूनिवर्सिटी की ओर से बांसुरी, तबला और संतूर की लाइव जुगलबंदी प्रस्तुत की जाएगी जबकि दूसरे दिन मथुरा के विनय कृष्ण गोस्वामी कृष्ण रास लीला और कथक केंद्र लखनऊ की ओर से नामामि रामम की प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं तीसरे दिन ललितपुर की मोहनी पारंपरिक फोक डांस, लखनऊ के मनोज कुमार मिश्र ताल वाद्य और मुंबई के नीरज आर्य कबीर बैंड का लाइव कंसर्ट प्रस्तुत करेंगे।

### पद्मश्री मालिनी अवस्थी प्रस्तुत करेंगी लोकगीत



**नवाबों** की नगरी लखनऊ में तीन दिवसीय प्रवास के दौरान पहले दिन कथक केंद्र की ओर से सेमी क्लासिकल डांस परफॉर्मेंस और लखनऊ के शेख इब्राहिम बांसुरी, तबला और संतूर की लाइव जुगलबंदी से मेहमानों को मंत्रमुग्ध करेंगे जबकि दूसरे दिन प्रयागराज के आनंद किशोर अवध का डांडिया डांस, पद्मश्री मालिनी अवस्थी अवधी लोकगीत होली खेले रघुवीरा को प्रस्तुत करेंगी। वहीं तीसरे दिन यूपीएसएन की ओर से जश्न ए बनारस पर कथक की प्रस्तुति दी जाएगी। सांस्कृतिक विभाग के अनुसार वाराणसी में पं ललित कुमार वाद्य यंत्र, विशाल कृष्ण शिव तांडव और आचार्य राहुल रोहित मिश्र क्लासिकल म्यूजिक परफॉर्मेंस देंगे। इसके साथ ही राजेंद्र प्रसन्य शहनाई और बांसुरी की जुगलबंदी, अमित श्रीवास्तव मां गंगा पर धरोहर गंगा और शोभना नारायण कथक की प्रस्तुति देंगी। वहीं लखनऊ के शेख इब्राहिम तबला, मृदंगम और सारंगी की जुगलबंदी, गौरव सौरभ भगवान श्री कृष्ण की थीम पर आधारित कथक नृत्य की प्रस्तुति देंगे। जी.20 के मेहमानों के वाराणसी के अंतिम प्रवास के दौरान भातखंडे संस्कृत यूनिवर्सिटी की ओर से तबलाए संतूर की जुगलबंदी, पं. बिरजू महाराज कथक संस्थान की ओर से मां गंगा पर आधारित कथक, कथक केंद्र लखनऊ की ओर से कथक पर आधारित सरस्वती वंदना और लखनऊ के अनुज मिश्र सीता स्वयंवर कथक की प्रस्तुति देंगे।

## भाजपा के मंत्री निवेश लाने नहीं विदेश घूमने गए थेः अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार का इन्वेस्टर्स मीट धोखा है। 2024 का चुनाव आ गया है, भाजपा सरकार जनता को धोखा देने के लिए जगह-जगह इसी तरह का आयोजन कर दिखावा करेगी। भाजपा के मंत्री निवेश लाने नहीं, विदेश घूमने गए थे। सिर्फ एमओयू साइन होने का मतलब निवेश आना नहीं है। यादव ने कहा कि भाजपा के लोग दो सरकार में पुराने कारखाने नहीं चला पाए, चलते कारखाने बंद हो गए, ये लोग क्या इन्वेस्टमेंट लाएंगे।

भाजपा सरकार 6 साल में कोई इन्वेस्टमेंट नहीं ला पायी। सरकार बताए कि निवेश किस औद्योगिक नीति से ला रही है। पिछले एमओयू साइन होने पर जो इन्वेस्टमेंट आया है उसमें कितनी इंडस्ट्री को इन्सेन्टिव दिया है। उन्होंने कहा अगर सरकार ने इन्सेंटिव नहीं दिया, बजट से पैसा नहीं दिया, कोई पालिसी नहीं थी



इसका मतलब जमीन पर कुछ नहीं उतरा। अखिलेश यादव ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी चरम सीमा पर है। भाजपा झूठ बोलने में नम्बर एक है। इस सरकार में किसी को भी काम नहीं मिल सकता। जनता भाजपा को जवाब देगी। भाजपा साफ हो जायेगी। भाजपा कानून और संविधान को नहीं मान रही है। जनता इनका सफाया करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार बहुत बढ़ गया है। पुलिस को जो काम करना चाहिए, वह नहीं कर रही है उसके अलावा सब कर रही है। भाजपा सरकार महंगाई और बेरोजगारी पर जवाब नही देती। विपक्ष की आवाज दबाने के लिए भाजपा पुलिस को आगे कर रही है। विधान परिषद, ब्लाक प्रमुख और जिला पंचायत में बूथ लूटे गये, जिसने विरोध किया उन पर मुकदमें लगा दिए गए।

# गौ संरक्षण के लिए गौ सेवकों ने निकाली जागरूकता रैली

संवाददाता। सीतापुर

- सीतापुर के विभिन्न मार्गों पर सैकड़ों गौ सेवकों ने की पद यात्रा
- पद यात्रा के जरिए गौ सेवा करने का आम जनमानस को दिया संदेश
- बैलगाड़ी व बैंड की धुन पर गौ सेवकों ने गौवंशों के संरक्षण का दिया संदेश
- अग्रसेन भवन से नवीन चौक स्थित गौशाला तक निकाली गई पैदल रैली
- गौ माता के लिए हर एक घर से एक रोटी निकालने का दिलाया संकल्प

**सीतापुर** की सड़कों पर शनिवार को एक अलग ही नजारा दिखा। बैलगाड़ी व बैंड बाजे की धुन पर सैकड़ों गौसेवकों ने साथ विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने शहर के प्रमुख मार्गों पर पदयात्रा कर गौ माता की सेवा करने व गौ संरक्षण का संदेश आमजन मानस को दिया। सुरभी गौ अनुष्ठान सेवा समिति महोली और विश्व हिंदू परिषद सीतापुर के संयुक्त तत्वाधान में सैकड़ों गौ सेवकों व कार्यकर्ताओं ने बैलगाड़ी के साथ बैंड बाजे की धुन पर शहर के अग्रसेन अतिथि भवन से लालबाग, जीआईसी चौराहा, चुंगी चौकी होते हुए नवीन चौक स्थित गौशाला तक पदयात्रा की और आमजनमानस को गौसरंक्षण के साथ गौमाता की सेवा करने का संदेश दिया। गौ सेवकों ने हाथों में गौ माता की तस्वीर लगी तख्तियां थामकर जय गौमाता-जय गौपाल के नारे भी लगाए। आनंदी देवी सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं द्वारा बजाई गई बैंड की धुन ने सभी का मन मोह लिया। पदयात्रा के जरिए गौ सेवकों ने लोगों को संदेश दिया कि गौ सेवा करना हमारा कर्तव्य है और आज गौमाता की जो दशा है, उसे सुधारने के लिए हम सभी को आगे आकर गौमाता के लिए हर घर से एक रोटी निकालने का प्रण लेना चाहिए। आरएमपी डिग्री कालेज के एनसीसी कैडेटों ने भी इस पदयात्रा में शामिल होकर अपने कदमताल से यात्रा में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम अध्यक्ष केवल राम अग्रवाल ने आयोजकों को अंगवस्त्र व माला पहनाकर उन्हें सम्मानित किया। आपको बता दें कि सीतापुर के पिसावां ब्लाक का भिठौरा गांव जहां 200 से परिवार रहते है और इस गांव में 70 आवारा गौवंश थे, ग्रामीण रिंकू सिंह की पहल पर सभी परिवारों ने एक-एक गौवंश की जिम्मेदारी ली, जिससे फसलों का नुकसान होना बंद हो गया। पदयात्रा में अजय गुप्ता, राजेश कुमार, अनिल जिंदल, नरेंद्र बंसल, उत्तम सिंह, प्रमोद सिंह, मनोज सिंह, तनमय बंसल, अरूण अग्रवाल, राम कुमार, रिंकू सिंह, रामअवतार गुप्ता, सुजीत गुप्ता, प्रवीण गुप्ता सहित सैकड़ों गौ सेवक मौजूद रहे।

# ...जब केन्द्रीय जांच टीम ने खुदवाई सड़क, अधिकारियों के फूले हाथ-पांव!

संवाददाता। सीतापुर

- सीतापुर आई केन्द्रीय टीम ने सड़क गुणवत्ता की जांच के लिए खुदवाई सड़क
- टीम के अधिकारियों ने मौके पर जाकर सड़क खुदवाकर भरे नमूने

**सीतापुर** में ब्लाक पहला के अधिकारियों और कर्मचारियों के हाथ-पांव उस वक्त फूल गए जब भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार की संयुक्त टीम ने बनाई जा चुकी सड़क की गुणवत्ता को परखने के लिए मशीन से सड़क की गहराई से खुदाई कर नमूने भरे और साथ ही नाप जोख भी की। केन्द्रीय टीम के मौके पर पहुंचते ही अधिकारियों और कर्मचारियों में हलचल सी मची रही।

बता दें कि शुक्रवार को ग्रामीण विकास विभाग भारत सरकार और ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण उत्तर प्रदेश की संयुक्त टीम ने सीतापुर के विकास खण्ड पहला अन्तर्गत सरैंया वाया संसारपुर से सदरपुर मार्ग की गुणवत्ता की जांच की। जांच टीम में सचिव ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार शैलेश कुमार सहित टीम के अन्य अधिकारियों ने मौके पर जाकर सड़क की गहराई से खुदाई करवायी और जांच करने के बाद नमूने भी भरकर साथ ले गई। इसके बाद टीम ने संसारपुर के खेल मैदान और मनरेगा से पटाई हो चुके चकरोड की जानकारी भी ली। जांच टीम द्वारा नमूने भरे जाने से ब्लाक के अधिकारियों में हलचल मच गई। जांच टीम में उप महानिदेशक ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार गया प्रसाद, संयुक्त निदेशक एनआईआरडीए आशीष श्रीवास्तव, उपायुक्त मनरेगा सेल ग्राम्य विकास विभाग उत्तर प्रदेश विनोद राम त्रिपाठी, हरीशचंद, अधिशासी अभियन्ता टीडी सिंह, अभिषेक मिश्रा एवं बीडीओ पहला विवेकमणि त्रिपाठी, जेई सुन्दर लाल, पशु चिकित्साधिकारी पहला डॉ. अतुल बफात, एटीओ मनरेगा तकनीकी सहायक सहित ब्लाक के कर्मचारी व ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

# झोलाछाप को दवा बेचते स्वास्थ्यकर्मी को ग्रामीणों ने पकड़ा

संवाददाता। सीतापुर

- स्वास्थ्यकर्मी के पास से सरकारी दवाएं भी मिली, मचा हड़कंप
- दो दिन पहले का मामला, अभी तक जिम्मेदार साधे हैं चुप्पी
- रेउसा सीएचसी का मामला, घटना का वीडियो भी आया सामने

**मरीजों** को बेहतर स्वास्थ्य देने के लिए किए जाने वाले तमाम दावों की बीच यूपी के सीतापुर में सरकारी दवाओं को बेचने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। जानकार हैरानी होगी कि सरकारी दवाओं को कोई और नहीं, अस्पताल का स्वास्थ्य कर्मचारी ही बेच रहा था। पूरा मामला सीतापुर के रेउसा सीएचसी से जुड़ा है। स्वास्थ्य कर्मी को ग्रामीणों ने दवाएं बेचते पकड़ा था, लेकिन आलम देखिए कि जिम्मेदार इस गंभीर मसले को लेकर अभी तक चुप्पी साधे हैं। आइए, आपको सिलसिलेवार पूरी घटना बताते हैं। इसके साथ ही हम आपको दवाओं बेचने का वीडियो भी दिखाएंगे और ग्रामीणों की बातचीत भी सुनाएंगे, जिसे सुनकर आप भी कहेंगे कि हे भगवान, यहां मरीजों को दवाएं नहीं मिलती हैं और सरकारी कर्मचारी गांधी छाप नोटों की चाहत में दवाओं को झोलाछाप को बेच रहे हैं। दरअसल, रेउसा क्षेत्र के लालपुर गांव में झोलाछाप डॉक्टर को सरकारी अस्पताल की दवाइयां बेचने आये एक स्वास्थ्य कर्मी को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। बातचीत आगे बढ़ी तो पता चला कि दवाएं रेउसा अस्पताल की हैं। इसके बाद ग्रामीणों ने बकायदा रेउसा सीएचसी अधीक्षक डॉ. विकास मिश्रा से लिखित शिकायत की , लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि घटना को दो दिन बीत जाने के बाद भी कोई जांच करने नहीं आया है। मामले की जानकारी देते हुए लालपुर गांव निवासी अर्जुन सिंह बताते हैं कि वह अपने गांव में बैठे थे तभी उनके गांव के झोलाछाप डॉक्टर अनीश के घर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गंगापुरवा में कार्यरत स्वास्थ्य कर्मी रामू बाइक से पहुंचा। पूछने पर वह झोला फेंक कर भागने लगा। ग्रामीणों की मदद से उसे दबोच लिया गया। भले अर्जुन सिंह की शिकायत पर सीएचसी अधीक्षक ने कर्मचारी को कारण बताओ नोटिस भेजा दिया हो, लेकिन जिस तरह से कर्मचारी सरकारी दवाओं को बेच रहा था, वह कितना बड़ा मामला है। यह समझा जा सकता है। सवाल यह भी है कि इस मामले में इस कर्मचारी के अलावा किसी और की भी संलिप्तता है? हालांकि यह जांच के बाद ही साफ होगा, पर जब जांच होगी, तभी न। अधीक्षक ने तो अब तक सिर्फ नोटिस भेजने की बात कही है। नोटिस भेजी भी है या नहीं, यह भी कहना जरा मुश्किल है।

# जनता दरबार लगाकर केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने सुनी समस्याएं

- जिस जमीन पर पौधे नहीं लगे हैं उस जमीन पर पौड़ी नहीं लगेंगे

संवाददाता। निघासन खीरी

**कस्बे** के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस निघासन में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी जनता दरबार में लोगों की समस्याएं सुनी। कुछ समस्याओं का निस्तारण मौके पर ही किया गया और कुछ समस्याओं को विभागीय अधिकारियों को निस्तारण हेतु फोन कर निर्देशित भी किया। जिसमें कुछ प्रार्थना पत्र में खैरहनी प्रधान के खिलाफ प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत आरोप लगाया है कि पात्र लोगों के नाम सूची से हटा कर अपात्रों को आवास देने का काम किया जा रहा है। इसके बाद मूडाबुजुर्ग के गांव तारानगर में राहुल निषाद के आवास पर खिचड़ी भोज कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री का जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम में समाज सेवी रामपाल निषाद ने अपनी क्षेत्रीय समस्या अवगत कराया कि वन विभाग से लोग परेशान हैं। क्षेत्रीय लोग बहुत दिनों से जमीन पर जीवन यापन करते है। वन विभाग निरंतर जमीन खाली करने को कह रहा है जिससे लोग दहशत में हैं। उन्होंने इस विषय का संज्ञान लेते हुए बताया कि जिस जमीन पर पौधे नहीं लगे है उस जमीन पर पौड़ी नहीं लगेंगे। आपकी समस्याओं का निस्तारण जरूर किया जाएगा और कहा कि छुट्टा जानवरों की भी व्यवस्था की जाएगी, इसके बाद एक निषाद निजी स्कूल का शिलान्यास किया जाएगा। इस दौरान, सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय, नागेन्द्र सिंह सेंगर, दीपक तलवार, रतीराम लोधी, वीरेंद्र मिश्रा, संजय गिरी, रमेश लोधी, पूर्व प्रधान, मनोज कुमार निषाद, शंभू दयाल गुप्ता, पीयूष दीक्षित संतोष शुक्ला प्रदीप लोधी कमलेश गुप्ता गुड्डू समेत काफी लोग मौजूद रहे।

# वाहन चलाते समय मोबाइल पर न करें बात, लगाएं सीट बेल्ट

- एआरटीओ ने दिलाया 'सुरक्षित यात्रा- सुरक्षित जीवन' का संकल्प

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**सड़क** दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा यातायात नियमों के प्रति आमजन में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से मुख्य सचिव, उप्र शासन से प्राप्त निर्देशों, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के मार्गदर्शन, निर्देशन में जनपद खीरी में ''सड़क सुरक्षा माह '' मनाया जा रहा है।

शनिवार को 'सड़क सुरक्षा माह' अभियान कार्यक्रमों की श्रृंखला में एआरटीओ (प्रवर्तन) रमेश कुमार चौबे ने यातायात विभाग के टीएसआई जेपी यादव के साथ लखीमपुर-बहराइच मार्ग पर वाहनों को रोककर उनके चालकों, परिचालकों एवं यात्रीगण समीपवर्ती गांव के ग्रामीणों को ट्रैफिक रूल्स की न केवल जानकारी दी, बल्कि उसके फायदे बताए। इस दौरान उन्होंने सभी को सड़क सुरक्षा, 'सुरक्षित यात्रा-सुरक्षित जीवन' का संकल्प दिलाया। चालकों से नियमों के तहत वाहन संचालन की अपील की।

एआरटीओ रमेश कुमार चौबे ने कहा कि हमें इसका विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए कि सड़क पर चलते वक्त ना तो हमें फोन चलाना चाहिए और ना ही फोन पर बात करनी चाहिए। हमेशा हेलमेट पहनकर बाइक चलाना चाहिए औए सीट बेल्ट बांधकर ही कार चलानी चाहिए। नशे की हालत में वाहन न चलाएं।

ओवरस्पीडिंग तथा किसी प्रकार के स्टंट न करें, यातायात नियमों तथा मार्गों पर स्थापित संकेतकों को ध्यान में रखकर सुरक्षित तरीके से वाहन चलाने से आप तथा दूसरे लोग सुरक्षित रहेंगे।

ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर जेपी यादव ने कहा कि जीवन अमूल्य है। सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन कड़ाई से करें। खुद नियमों का पालन करते हुए दूसरों को भी जागरूक करें। चालकों को विशेष सावधानीपूर्वक वाहन चलाने के संबंध में जानकारी दी गई।

### एआरटीओ ने ट्रक व पिकअप को किया सीज

**एआरटीओ** (प्रवर्तन) रमेश कुमार चौबे ने यातायात पुलिस उप निरीक्षक जेपी यादव के साथ प्रवर्तन अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने एक ट्रक एवं एक पिकअप को कर बकाया एवं बिना फिटनेस होने के मद्देनजर सीज कर नजदीकी थाने भिजवाया। इस दौरान उन्होंने कई वाहन चालकों को हेलमेट न लगाने पर चेतावनी देकर छोड़ा।

### होर्डिंग भी दे रही सड़क जागरूकता का पैगाम

**शासन** के निर्देश पर आयोजित सड़क सुरक्षा माह पर पुलिस व जनसंपर्क विभाग, उप्र एवं परिवहन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में जिला मुख्यालय पर पांच प्रमुख स्थलों, तहसील व ब्लॉक मुख्यालय पर दो-दो थानों में एक होल्डिंग लगाई गई है, जो सड़क जागरूकता का संदेश दे रही है, ताकि हर आने जाने वाले को इस होल्डिंग्स के जरिए सड़क जागरूकता के नियमों की जानकारी मिल सके।

# वित्त मंत्री ने सरदार वल्लभभाई पटेल, महाराणा प्रताप की मूर्ति का लोकार्पण सहित सेल्फी प्वाइंट का किया उद्घाटन

संवाददाता। मोहम्मदी खीरी

- प्रदेश की खुशहाली से विपक्ष के लोग दुखी
- प्रदेश का चौमुखी विकास हुआः सुरेश खन्ना

**वित्त** मंत्री एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने मोहम्मदी में लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल, महाराणा प्रताप की मूर्ति का लोकार्पण व सेल्फी प्वाइंट तथा एक मॉल का उद्घाटन फीता काटकर किया, जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं सहित अन्य लोग शामिल हुए, उसके उपरांत नगर पालिका के सभागार में प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल व महाराणा प्रताप जैसे महान क्रांतिकारियों के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता, महाराणा प्रताप ने तमाम कष्ट सहने के बाद भी अकबर के सामने घुटने नहीं टेके और घास की रोटियां खाकर ही अपना जीवन जंगलों में व्यतीत किया, वहीं उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार की नीतियों के बारे में समझाते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की उत्तर प्रदेश सरकार ने अपने क्रियाकलापों से क्षेत्र के लोगों की दृष्टि बदली है, उत्तर प्रदेश प्रोग्रेसिव स्टेट के रूप में जाना जाता है। प्रदेश में जब से भाजपा की सरकार आई है तब से कानून व्यवस्था में काफी सुधार हुआ है, बीजेपी सरकार के आने से सब सुखी हैं, सिवाय विपक्ष के लोगों के, हमारा प्रदेश बेहतर कैसे हो इसके लिए सरकार ने काफी प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि 10 और 11 फरवरी को लखनऊ में इनवेस्टर आ रहे हैं, जिससे प्रदेश में रोजगार और बढ़ेगा तथा प्रदेश तरक्की करेगा। इन्वेस्टर पहले प्रदेश में नहीं आते थे लेकिन अब रोजगार तलाशने के लिए प्रदेश में आ रहे हैं। जिसमें लोगों की व्यक्तिगत आमदनी भी बढ़ेगी, नौजवानों को रोजगार मिलेगा। विपक्ष के लोग दुखी हैं, उनको प्रदेश का विकास रास नहीं आ रहा है , जब सत्ता चली जाती है तब गंगा की याद आती है। वहीं उन्होंने निकाय चुनाव के संबंध में बताया कि मार्च तक रिपोर्ट आने के बाद ही चुनाव होने की संभावना है, इस दौरान क्षेत्रीय विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह, एमएलसी अनूप गुप्ता, नगर अध्यक्ष सौरभ गुप्ता पालिका अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा, पूर्व अध्यक्ष दुर्गा मेहरोत्रा सावधानी अधिशासी अधिकारी पी.एन दीक्षित सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# सफाई व्यवस्था का ईओ ने लिया जायजा

- सफाई में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्तः समीर

**फतेहपुर।** नगर पालिका परिषद के अंतर्गत आने वाले वार्डों में सफाई व्यवस्था की हकीकत जानने के लिए शनिवार को पालिका के अधिशासी अधिकारी समीर कुमार कश्यप ने अधीनस्थों संग भ्रमण किया और महाजरी वार्ड पहुंचकर सफाई व्यवस्था को देखा। उन्होंने कर्मचारियों को हिदायत दिया कि कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। नगर क्षेत्र के वार्ड महाजरी में सफाई कर्मियों द्वारा की जा रही सफाई व्यवस्था का जायजा लेने के लिए ईओ समीर कुमार कश्यप पहुंचे। उन्होंने नालियां गंदगी से जाम होने के कारण कार्यवाहक सफाई नायक मुकेश को जमकर लताड़ लगाई। उन्होंने कहा कि ऐसे काम नहीं चलेगा। सफाई में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। अपने अपने क्षेत्रों में लगे कर्मचारियों को हिदायत दें कि कार्य में सुधार ले आएं। उनके द्वारा हिकमत उल्लाह पार्क का भी निरीक्षण किया गया। जिस पर उन्होंने सहायक अभियंता जगदीश प्रसाद को निर्देश दिया कि जो भी पार्क के अंदर गड्ढे हैं उनकी भराई करा दें और पेड़ों की छंटाई करा दें। जिससे पेड़ देखने में सुंदर लगें। इस मौके पर उनके साथ सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राकेश कुमार गौड़ भी मौजूद रहे।

# गैस सिलेंडर में लगी आग, मेला परिसर में मचा हड़कंप, कल्पवासी बाल बाल बचे

- गैस सिलेंडर पर मिट्टी, पानी, भीगा कपड़ा डालकर लोगों व पुलिस कर्मियों ने आग पर काबू पाया।

**फर्रुखाबाद।** मेला श्रीराम नगरिया में अचानक तेज आवाज के साथ गैस सिलेंडर में आग लग गयी जिससे कल्प वासी बाल-बाल बच गये। जिससे मेला श्रीराम नगरिया परिसर में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी पर पहुंचे मेला प्रभारी मंजेश कुमार सिंह पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। गैस सिलेंडर पर मिट्टी, पानी, भीगा कपड़ा डालकर लोगों व पुलिस कर्मियों ने आग पर काबू पाया। मेला प्रभारी मंजेश कुमार सिंह के साहस की बजय से कोई जनहानि नहीं हई। कल्पवासी बाल-बाल बच गये।

# बुखार और दस्त से हुई है बच्चों की मौत, नहीं मिला है खसरा का कोई लक्षण : सीएमओ

संवाददाता। मोहम्मदी खीरी

- अभी तक 6 बच्चों की जा चुकी जान

**मोहम्मदी** कस्बे में बच्चों की मौत की सूचना के बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेडिकल टीमों को लगाकर जांच शुरू कर दी गई है। इस दौरान एमआर वैक्सीनेशन के लिए भी तीन टीमें लगाई गई हैं। प्रथम दृष्टया इन सभी बच्चों की मृत्यु का कारण बुखार और दस्त सामने आया है। किसी भी बच्चे में खसरा रोग के लक्षण नहीं मिले हैं।

सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि मोहम्मदी कस्बे में बच्चों की मौत की सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा तीन टीमें सीएचसी प्रभारी डॉ. मयंक मिश्रा के नेतृत्व में बनाकर क्षेत्र में जांच शुरू कर दी गई है। प्रथम दृष्टया जांच में जो सामने आया है, उसके अनुसार इन बच्चों की मौत बुखार और दस्त के कारण हुई है। इस मामले में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार गुप्ता द्वारा प्रभावित क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया गया है। वहीं उनके द्वारा क्षेत्र में मौलानाओं सहित तमाम बुद्धिजीवियों से बैठक कर क्षेत्र में वैक्सीनेशन को बढ़ावा देने की अपील की गई है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. मयंक मिश्रा द्वारा जानकारी दी गई है कि मोहम्मदी कस्बे के मोहल्ला सरैय्या में शुक्रवार 13 जनवरी को ढाई वर्ष के अयात पुत्र गुड्डू की मृत्यु की सूचना मिली थी। जिसके बाद इसी मोहल्ले में 14 माह की उमरा पुत्री नूर मोहम्मद की मृत्यु की सूचना मिली। करीब 4 दिन पहले 4 साल के अजान पुत्र उस्मान की मृत्यु भी हुई थी। इन तीनों की मृत्यु के पीछे का कारण बुखार और दस्त के रूप में सामने आया है। इसी के साथ उन्होंने बताया कि दो अन्य बच्चों के मौत की जानकारी भी उन्हें इस भ्रमण के दौरान हुई है। जिनकी मौत करीब 15 दिन पहले हुई थी। जिसके पीछे जब जांच की गई तो यह बात सामने आई है कि मोहल्ले में काफी गंदगी है और कई जगह घरों के सीवर के पाइप टूटे हैं जो पानी के पाइप को दूषित कर रहे हैं। जिसे देखते हुए जल निगम से पानी की सैंपलिंग कराने को कहा गया है। प्रथम दृष्टया किसी भी बच्चे में स्थलीय निरीक्षण में खसरा के लक्षण नहीं मिले हैं परंतु एहतियात के तौर पर 3 टीमें एएनएम के नेतृत्व में लगाई गई हैं जो एमआर वैक्सीनेशन कर रही हैं। करीब दोपहर 2 बजे तक 10 बच्चों की डेंगू, मलेरिया व चिकनगुनिया की सैंपलिंग की जा चुकी थी और टीमें क्षेत्र में लगातार जांच कर रही थी, हालांकि लोग बच्चों की जांच कराने में पीछे हट रहे हैं। मलेरिया की टीम द्वारा भी यहां पर एंटी लारवा का छिड़काव कराया जा रहा है। इसी के साथ-साथ पालिका प्रशासन से यहां की गंदगी को साफ करने के लिए कहा गया है।

# डीएम-एसपी ने थरियांव थाने में सुनीं शिकायतें

**फतेहपुर।** संपूर्ण थाना समाधान दिवस का आयोजन जिले के सभी थानों पर किया गया। जिलाधिकारी श्रुति व पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने थरियांव थाने पहुंचकर पीड़ितों की समस्याएं सुनकर निस्तारण कराने का प्रयास किया। डीएम का कहना रहा कि सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्वक निस्तारण किया जाये। आला अधिकारियों के आने की सूचना पर फरियादियों के बीच आस बंधी कि उनकी शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर होगा। डीएम-एसपी ने एक-एक फरियादी की समस्या स्वयं सुनी। सभी शिकायतों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया। इसी प्रकार जनपद के अन्य थानों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन कर जनसमस्याओं को सुना गया। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 38 प्रार्थना पत्रों में राजस्व संबंधित 22, पुलिस से संबंधित 16 शिकायतें आईं। राजस्व से संबंधित 03 व पुलिस से संबंधित 04 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया।

# थाना समाधान दिवस : डीएम-एएसपी ने सुनी समस्याएं, दिए निस्तारण के निर्देश

**लखीमपुर खीरी।** जिले के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। पुलिस-प्रशासनिक अफसरों ने शिकायत सुनकर निस्तारण कराया। सुनवाई के दौरान सर्वाधिक जमीन से संबंधित मामले पहुंचे। अधिकारियों ने मातहतों को प्राप्त शिकायती पत्रों का निस्तारण करने का निर्देश दिया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह अपर पुलिस अधीक्षक डॉ सुरेंद्र प्रताप सिंह के संग थाना कोतवाली सदर व थाना खीरी में आयोजित थाना समाधान दिवस पर पहुंचे, जहां दोनों अफसरों ने फरियादियों से रूबरू होकर समस्याएं सुनीं। शासन की मंशा है कि गांवों, कस्बों में उत्पन्न विवादों का निस्तारण थानों में ही विभिन्न विभागों के अफसरों व कर्मियों की मौजूदगी में हो जाए। इसलिए, माह के दूसरे व चौथे शनिवार को हर थाने पर थाना समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याओं के निस्तारण किया जाता है। थाना समाधान दिवस कोतवाली सदर में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि राजस्व-पुलिस से सम्बन्धित शिकायतों का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित किया जाये। इसमें किसी भी स्तर पर हीला हवाली क्षम्य नहीं होगी। पीड़ितों की समस्याओं को खुद समझ कर दूर करें। फोर्स के साथ राजस्वकर्मी मौके पर जाकर विवादित मामलों का निस्तारण करें। अगर मामला गंभीर है तो तत्काल एसडीएम व तहसीलदार को अवगत कराएं, ताकि अधिकारी मौके पर जाकर समाधान करें। इसके बाद डीएम एएसपी के साथ थाना खीरी पहुंचे, जहां पर मौजूद फरियादियों की समस्याओं को मौके पर सुनकर यथाशीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीमें मौके पर जाकर कराएं।

# पेज एक का शेष

## चीन में...

आलोचना के जवाब में बृहस्पतिवार को कहा था कि चीन कोविड से संबंधित आंकड़ों को समय पर, स्वतंत्र और पारदर्शी तरीके से कानून के अनुसार साझा कर रहा है।

## भारत जोड़ो...

शरीर उनके आवास ले जाया गया। वाजवा ने कहा, जलंधर से सांसद एवं मेरे प्रिय मित्र चौधरी जी के निधन से बहुत दुखी हूं। हमने एक रत्न खो दिया। उनके जाने से पैदा हुए खालीपन को भरना मुश्किल होगा। मैं उनके पुत्र एवं विधायक विक्रम चौधरी, उनके मित्रों एवं परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। चौधरी फिल्लौर में यात्रा में शामिल हुए थे, लेकिन उन्हें कुछ देर बाद बेचैनी महसूस हुई और वह बेहोश हो गए। कांग्रेस की पंजाब इकाई के प्रमुख अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने कहा, तमिलनाडु से सांसद एवं कांग्रेस नेता ज्योतिमणि ने मुझे बताया कि यात्रा के दौरान चौधरी ने उनका हालचाल पूछा और फिर वह अचानक बेहोश हो गए। वड़िंग ने कहा कि इससे पहले चौधरी राहुल गांधी के स्वागत में जोड़ो, भारत जोड़ो के नारे लगा रहे थे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को सांसद के निधन की जानकारी मिलते ही यात्रा रोक दी गई। वड़िंग ने कहा, आपको सांसद संतोष सिंह चौधरी जी के निधन की जानकारी देते हुए अत्यंत दुख हो रहा है। मैं उनके परिजनों, सहकर्मियों, मित्रों एवं समर्थकों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। मैं सदमे में हूं, लेकिन चौधरी साहब का संकल्प मेरे लिए हमेशा प्रेरणा का स्रोत रहेगा। उन्होंने कहा कि चौधरी अपने इलाके से गुजर रही यात्रा को लेकर बहुत उत्साहित थे। उन्होंने कहा, चौधरी का परिवार कांग्रेस से लंबे समय से जुड़ा रहा है। वड़िंग ने बताया कि चौधरी के परिवार ने उनका अंतिम संस्कार रविवार को पूर्वाह्न 11 बजे करने का फैसला किया है। इस बीच, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट किया, जलंधर से कांग्रेस सांसद संतोष सिंह चौधरी का आज सुबह निधन हो गया। उनके सम्मान में भारत जोड़ो यात्रा 24 घंटे के लिए स्थगित रहेगी। जलंधर के खालसा कॉलेज ग्राउंड से यात्रा कल दोपहर फिर शुरू होगी। रमेश ने एक अन्य ट्वीट में कहा, जलंधर में कल होने वाला राहुल गांधी का संवाददाता सम्मेलन कांग्रेस नेता एवं जलंधर से सांसद संतोख सिंह चौधरी के अचानक और दुखद निधन के कारण अब 17 जनवरी को होशियारपुर में होगा। दलित नेता चौधरी नेताओं के एक परिवार से संबंध रखते थे। उनके पिता मास्टर गुरबंता सिंह एक दलित नेता, शिक्षाविद एवं पंजाब के पूर्व कृषि मंत्री थे। संतोख चौधरी के बड़े भाई चौधरी जगजीत सिंह स्थानीय निकाय मंत्री थे। चौधरी के बेटे विक्रमजीत सिंह फिल्लौर विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक हैं। जलंधर जिले में करतारपुर के पास धालीवाल संतोख चौधरी का पैतृक गांव है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि चौधरी का निधन संगठन के लिए एक बड़ा झटका है। खरगे ने ट्वीट किया, हमारे सांसद श्री संतोख सिंह चौधरी के असामयिक निधन के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ। उनका जाना पार्टी और संगठन के लिए एक बड़ा झटका है। मेरी संवेदनाएं दुख की इस घड़ी में उनके परिजनों, मित्रों और समर्थकों के साथ हैं। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे। इससे पहले, भारत जोड़ो यात्रा अपने पंजाब चरण के तहत शनिवार सुबह लुधियाना के लाढ़ोवाल से आगे बढ़ी थी। चौधरी के निधन पर विपक्षी दलों समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने शोक व्यक्त किया। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया, सांसद संतोख सिंह चौधरी जी के निधन से बहुत दुख हुआ। उन्हें पंजाब के लोगों की सेवा करने के उनके प्रयासों के लिए हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने कहा, सिंह के परिवार और उनके समर्थकों के प्रति संवेदनाएं। ओम शांति। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने ट्वीट किया, जलंधर से कांग्रेस सांसद संतोख सिंह चौधरी के असामयिक निधन पर मुझे गहरा दुख हुआ है। कांग्रेस के पूर्व नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने भी चौधरी के निधन पर शोक जताया। सिंह ने ट्वीट किया, दिल का दौरा पड़ने से सांसद संतोख सिंह चौधरी के आकस्मिक निधन के बारे में सुनकर अत्यंत दुख हुआ। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं। वाहेगुरु जी दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें। आम आदमी पार्टी (आप) नेता एवं सांसद राघव चड्ढा ने भी चौधरी के निधन पर शोक जताया। शिरोमणि अकाली दल के प्रमुख सुखबीर सिंह ने चौधरी के निधन पर शोक प्रकट करते हुए ट्वीट किया, उनके बेटे एवं विधायक विक्रमजीत, परिजनों एवं समर्थकों के प्रति मेरी संवेदनाएं। गुरुसाहब उनकी आत्मा को शांति दें। यात्रा का पंजाब चरण बुधवार को फतेहगढ़ साहिब के सरहिंद से शुरू हुआ था।

## गडकरी को...

से 100 करोड़ रुपए की मांग की। उसने मांग नहीं माने जाने पर बम के जरिए मंत्री को नुकसान पहुंचाने की धमकी दी। उन्होंने बताया कि कॉल करने वाले ने पैसे पहुंचाने के लिए अपना फोन नंबर और कर्नाटक का पता दिया था। अधिकारी ने बताया, पुलिस ने कॉल करने वाले की पहचान कर ली है और उसका आपराधिक इतिहास है। उसके फोन का स्थान कर्नाटक में मिला है और अपराध शाखा को उसके द्वारा साझा किए गए पते की जानकारी दी गई है।

## लक्षद्वीप के...

संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले श्री मोहम्मद फैजल पी. पी. को भारत के संविधान के अनुच्छेद 102 (1) (ई) के प्रावधानों तथा जनप्रतिनिधि कानून, 1951 की धारा आठ के तहत दोषसिद्धि की तारीख यानी कि 11 जनवरी 2023 से लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराया जाता है। लक्षद्वीप में एक अदालत ने बुधवार को हत्या के प्रयास के एक मामले में दोषी पाए जाने के बाद फैजल समेत चार लोगों को 10 साल कैद की सजा सुनाई थी। कवरत्ती की सत्र अदालत ने दिवंगत कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री पी एम सईद के दामाद मोहम्मद सालिह की हत्या की कोशिश के मामले में दोषियों पर एक-एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया। सभी दोषी आपस में रिश्तेदार हैं।

## एसजीपीजीआई ने...

डॉ. सारा इदरीस व डॉ. रीनेल शामिल रहे। साथ ही एनेस्थीसिया में डॉ. सुजीत गौतम और उनकी टीम ने सहयोग किया। संस्थान के निदेशक प्रो. आरके धीमन एवं एन्डोसर्जरी विभाग के अध्यक्ष प्रो. गौरव अग्रवाल के निरंतर मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन से ही यह कठिन सर्जरी संभव हो पाई।

# मकर संक्रांति पर उमड़ा आस्था का सैलाब, लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई गंगा में डुबकी

**फर्रुखाबाद।** हिन्दू धर्म में मकर संक्रांति के अवसर पर गंगा में स्नान और दान को बेहद अहम माना जाता है। इस दिन श्रद्धालु गंगा स्नान के बाद खिचड़ी, तिल, कपड़ों आदि का दान देते हैं। मकर संक्रांति पर्व पर गंगा स्नान व माघ मेला श्रीराम नगरिया को देखते हुए जिला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर खास तैयारियां की है। जिला प्रशासन ने लाखों श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद को ध्यान में रखकर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए हैं। गंगा स्नान व माघ मेला श्रीराम नगरिया में संदिग्ध लोगों पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं। इसके साथ ही भारी पुलिसबल सुरक्षा में तैनात किए गए हैं। श्रद्धालुओं ने सुबह 4 बजे से ही गंगा में स्नान करना शुरु कर दिया। हर हर गंगे के उद्घोषों से पांचाल घाट के घाट गूंज उठे।

# कामदगिरि प्रमुख द्वार के गोलोकवासी महंत प्रेम पुजारी दास के जन्मोत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा

संवाददाता। चित्रकूट

● महंत स्वामी रामस्वरूप आचार्य महाराज के नेतृत्व में हुआ भव्य आयोजन



श्री कामदगिरि ट्रस्ट राम मोहल्ला प्रमुख द्वार के गोलोकवासी कामदगिरि पीठाधीश्वर ट्रस्ट के संस्थापक सिंहस्थ भूषण प्रेम पुजारी दास का 113 वां जन्मोत्सव धर्मनगरी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर राम नाम संकीर्तन और गाजे बाजे के साथ धर्मनगरी के साधु, संतों एवं शिष्यों ने सामूहिक कामदगिरि की परिक्रमा कर भव्य शोभायात्रा निकाली। प्रमुख द्वार के महंत जगदगुरु स्वामी रामस्वरूप आचार्य महाराज एवं व्यवस्थापक संत मदन गोपाल दास महाराज के नेतृत्व में शोभायात्रा एवं व्याख्यानमाला हुए।

शनिवार को कामदगिरि प्रमुख द्वार के व्यवस्थापक मदन गोपाल दास महाराज ने बताया कि सिंहस्थ भूषण महंत प्रेम पुजारी दास के जन्मोत्सव का चित्रकूट में उल्लास है। उनका जन्म 14 जनवरी 1910 को हुआ और वर्ष 1984 में ब्रह्मलीन हो गए थे। उनका आध्यात्मिक जीवन धर्मनगरी चित्रकूट के दीनहीन, निराश्रित लोगों की सेवा करना परमेश्वर की सेवा तुल्य है। इनका पूर्व नाम उमाशंकर मिश्र था जोकि बाद में आश्रम के तत्कालिन महंत पंचम दास ने प्रेम पुजारी दास नाम दिया, क्योंकि उनका प्रेम सभी जीवों के लिए एक समान था। वह पशु और पक्षियों से भी मनुष्यों के भांति ही प्रेम भाव रखते थे। सभी जीवों के साथ प्रेम भाव रखने के चलते ही उनका नाम प्रेम पुजारी पड़ा। रामानंदी संप्रदाय से जुड़े होने के चलते विरक्त भाव का व्यक्ति ही ट्रस्ट का अधिकारी बन सकता है। शिक्षा के क्षेत्र में चित्रकूट उपेक्षित था। उन्होंने उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की स्थापना इसी उद्देश्य को लेकर की। गौशाला, पाठशाला, औषधालय, भंडारा आदि संचालित कराया था। संत मदन गोपालदास ने बताया कि महंत प्रेम पुजारी दास महाराज की जन्मभूमि बाराबंकी उत्तर प्रदेश है। वर्ष 1952 से 1957 तक वह हैदरगढ़ क्षेत्र से विधायक थे।

## एसपी ने दिखाई संवेदनशीलता मनाया महिला सिपाही का जन्मदिन

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला की संवेदनशीलता उस समय देखने को मिली, जब कोतवाली कर्वी में तैनात महिला सिपाही पारुल श्रीवास्तव के जन्मदिन की जानकारी



मिली। उन्होंने महिला सिपाही पारुल को बर्थडे विश कर जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द के सामने केक मंगवाकर जन्मदिन मनाया। जिलाधिकारी समेत सभी अधिकारीगणों व पुलिस कर्मियों ने केक काटकर महिला सिपाही को बधाई दी। इस मौके पर कर्वी कोतवाल अवधेश कुमार मिश्रा, पीआरओ प्रदीप कुमार पाल, चौकी प्रभारी शिवरामपुर रजोल नागर आदि मौजूद रहे।

# पत्थरगढ़ी उखाड़ने वालों पर करें कड़ी कार्रवाई : डीएम

संवाददाता। चित्रकूट

● महिला समस्याओं को प्राथमिकता से करें निस्तारितः एसपी



जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने थाना कोतवाली कर्वी में समाधान दिवस में फरियादियों की समस्यायें सुनकर अधिकारियों को जल्द निस्तारण के निर्देश दिये।

शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस में कोतवाली कर्वी में डीएम-एसपी ने जन-सुनवाई में समस्यायें मिलने पर कहा कि ऐसी समस्याओं के निस्तारण शासन की मंशानुसार किये जायें। लाभार्थी को गुणवत्ता के साथ संतुष्टि मिले। शासन स्तर से समस्याओं के निस्तारण बाबत समस्या ग्रस्त व्यक्ति से फीडबैक भी लिया जा रहा है। इसे ध्यान में रखते हुए निस्तारण गुणवत्तापूर्ण किया जाये। उन्होंने नायब तहसीलदार मंगल सिंह को निर्देश दिये कि चकबन्दी की शिकायतें टीम बनाकर मौके पर जाकर निस्तारित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि पत्थरगढी होने पर पत्थर उखाडने वाले के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाये। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने कर्वी कोतवाल एके मिश्रा से कहा कि महिला समस्याओं को प्राथमिकता से निस्तारित करें।

## क्विक न्यूज

### स्टंटबाजी से न चलायें मोटरबाइकः सीओ यातायात



चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर सीओ यातायात राजकमल की मौजूदगी में टीएसआई योगेश कुमार यादव की टीम ने सड़क सुरक्षा माह अभियान के तहत रोडवेज बस स्टैण्ड पर यात्रियों समेत रोडवेज चालकों आदि को यातायात नियमों का पालन करने के निर्देश दिये। शनिवार को जिला मुख्यालय के रोडवेज बस स्टैण्ड पर यातायात सीओ राजकमल की मौजूदगी में टीएसआई योगेश कुमार यादव की टीम ने रोडवेज बस चालकों, आटो, टैक्सी व अन्य वाहन चालकों के साथ नुक्कड़ बैठक कर यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। टीएसआई ने सभी चालकों से कहा कि यातायात नियमों के प्रति सभी लोग सतर्क रहते हुए हादसों से बचें। उन्होंने सभी को यातायात नियमों का पालन करने को कहा। सीओ यातायात, राजकमल ने वाहन चालकों से कहा कि यातायात नियमों के पालन से ही लोग हादसों से बच सकते हैं। उन्होंने नुक्कड़ बैठक में यातायात संकेतों के भी पालन के निर्देश दिये। कहा कि कोई समस्या होने पर तत्काल यातायात पुलिस को बतायें। दो व चार पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट व सीटबेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। तेज गति से वाहन न चलायें। सीओ यातायात राजकमल ने कहा कि तेजी व लापरवाही या स्टंटबाजी करते हुए मोटरबाइक न चलायें। ज्यादातर देखा गया है कि नवयुवक लापरवाही से या स्टंटबाजी करते हुए दोपहिया वाहन चलाते हैं, जो खतरे से खाली नहीं है। इस मौके पर यातायात प्रभारी मनोज कुमार भी मौजूद रहे।

### मजदूर ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

सुमेरपुर(हमीरपुर)। थाना क्षेत्र के ग्राम सुरौली बुजुर्ग में बीमारी से तंग मजदूर फंदे में झूल गया जिससे उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बगैर पुलिस को सूचित किए उसका अंतिम संस्कार कर दिया। सुरौली बुजुर्ग निवासी लल्लू वर्मा का पुत्र महेश कुमार 26 वर्ष काफी दिनों से बीमार रहता था। पिता लल्लू ने बताया कि शुक्रवार की रात उसने मौका पाकर घर के अंदर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना का पता सुबह परिजनों की नींद खुलने के बाद चल सका। परिजनों ने बगैर पुलिस को सूचित किए सुबह अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक की एक वर्ष पूर्व शादी हुई थी। उसके कोई संतान नहीं हुई है। पत्नी का रो रोकर बुरा हाल हो गया है। थानाध्यक्ष रामआसरे सरोज ने बताया कि घटना की कोई सूचना नहीं मिली है।

### अवैध असलहे व धारदार हथियार से युवक पर किया हमला

मौदहा (हमीरपुर)। क्षेत्र के ग्राम मांचा में बीती रात आधा दर्जन लोगों ने गांव के ही एक व्यक्ति को नाजायज तमंचा कुल्हाड़ी से हमला कर घायल कर दिया, मौदहा कोतवाली में मामला पंजीकृत किया है। कोतवाली क्षेत्र मौदहा के मांचा निवासी जावेद अली ने पुलिस को बताया कि बीती रात वह अपने घर में था तभी गांव के ही सरफराज अली ने आवश्यक कार्य हेतु उसे मजार के पास बुलाया जब उसके बुलाने पर वह मजार के पास पहुंचा तो वहां पहले से मौजूद सरफराज अली के साथ दिलशाद अली, हिमांयू अली पुत्रगण पप्पू व पप्पू पुत्र अहमद अली अपने हाथों में लिए नाजायज तमंचा व कुल्हाड़ी को हमला कर दिया जिससे वह लहूलुहान हालत पर गिर पड़ा।यह देख जब ग्राम वासियों ने ललकारा तो जान से मारने कक ढंकज देते हुए छोड़कर भाग गए। घायल को ग्रामीणों व परिजनों ने मौदहा पहुंचकर कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए न्याय की गुहार लगाई है।उक्त मामले में मौदहा कोतवाली पुलिस ने तहरीर मिलते ही उक्त आरोपियों के खिलाफमामला पंजीकृत कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

### शोर मचाने पर चोर भाग जाने मे सफल,कई चोरियां होने से दहशत

कुरारा(हमीरपुर)। कस्बा कुरारा में बीती रात ई रिक्शा व लोडर की बैटरी चोरी की घटना हुई है। इसके पहले झलोखर गांव में दो दिन पूर्व एक मारुति वैन व लोडर की बैटरी चोरी हुई है। बीती रात ई रिक्शा चोरी कर ले जाते समय गृह स्वामी की नींद खुल जाने से शोर मचाने पर चोर मौके से भाग गया। कस्बा कुरारा निवासी शंकर लाल के ई रिक्शा की बैटरी व नरोत्तम के लोडर की बैटरी चोर चोरी कर ले गए है। बीती रात चोर शंकर का ई रिक्शा चोरी कर ले जा रहे थे तो शंकर की नींद खुल गई तथा आहट मिलने पर शोर मचाने पर रिक्शा को छोड़ कर मौके से भाग निकले। दो दिन पहले झलोखर गांव में लक्ष्मी कांत की मारुति वैन की व कुंअर सिंह के लोडर की भी अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। इस समय कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बैटरी चोर गिरोह सक्रिय हैं। डायल 100 गाडियां भी जाड़े में गश्त नहीं कर रहे है।एक माह से चोरियो की बाढ़ आ गई है। मुकामि पुलिस द्वारा एक भी चोरी का खुलासा नहीं किया जा रहा है।

### मन्दाकिनी में डुबकी लगाकर किया खिचड़ी दान

चित्रकूट। मकरसंक्रान्ति पर्व पर लाखों श्रद्धालुओं ने मन्दाकिनी में डुबकी लगाकर खिचड़ी व तिल का दान किया। श्रद्धालुओं ने कामतानाथ की परिक्रमा लगाई। धूप निकलने के बावजूद शीतलहर से श्रद्धालु कांपते रहे। प्रशासन ने सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किये थे। पहाड़ी व भरतकूप क्षेत्र में लगे पांच दिवसीय मेले का लोगों ने लुत्फ उठाया। शीतलहर के बीच शनिवार को मकरसंक्रान्ति पर्व पर मन्दाकिनी में डुबकी लगाने लाखों श्रद्धालु पहुंचे। पुरोहितों के अनुसार मकरसंक्रान्ति पर्व आज व कल भी होने के चलते उत्साहपूर्वक मनाया गया। तीर्थस्थल में मकरसंक्रान्ति पर्व धूमधाम से मनाया गया। शहर के पुलघाट व मन्दाकिनी रामघाट में लाखों ने डुबकी लगाकर चावल व मूंग की दाल मिलाकर खिचड़ी दान किया। शहर व ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं ने कामदगिरि की परिक्रमा की। घाट किनारे लगी दुकानों में बच्चों ने जमकर खरीद्दारी की। हनुमानधारा, भरतमिलाप, गुप्त गोदावरी, स्फटिक शिला, सूरजकुण्ड, बाल्मीकि आश्रम पर श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर गरीबों को खिचड़ी दान दी। भरतकूप के ऐतिहासिक कुयें के जल से स्नान करने को देर शाम तक हजारों श्रद्धालु जमा रहे। मान्यता है कि भरत जी ने भगवान राम के राज्याभिषेक को लाये गये सभी तीर्थों का जल इसी कुयें में डाला था। इससे कुयें के पानी से स्नान करना पुण्यकारी माना जाता है। बताते हैं कि मकरसंक्रान्ति पर तिल का विशेष महत्व है। तिल के उबटन से नहाने, दीन-दुखियों को तिल के लड्डू दान करने से पुण्य प्राप्त होता है। तिल की आहुति देकर तिलों को खाने से व्यक्ति साल भर स्वस्थ्य व प्रसन्न तथा पापरहित रहता है। मऊ व राजापुर कस्बे के तुलसी घाट पर हजारों महिला-पुरुषों ने यमुना में स्नान कर दान दिया। आसपास सैकड़ों दुकानें सजी रहीं। सांईपुर गांव में हिन्दू-मुस्लिम आस्था के प्रसिद्ध सूफी सन्त सांईबाबा का मेला शुरू हुआ। मेले में हजारों लोगों ने मन्नतें मांगी। दिनभर कड़ी धूप के चलते श्रद्धालुओं को कोई परेशानी नहीं हुई। भरतकूप में लगे मेले में लोगों ने झूला-झूलकर तथा गन्नों की खरीद्दारी कर मेला का लुत्फउठाया।

सोमवार को मनाया जायेगा एकीकृत निक्षय दिवस

### टीबी के साथ फाइलेरिया, कुष्ठ व कालाजार की भी होगी स्क्रीनिंग और जांच

फतेहपुर। जनपद को क्षय रोग मुक्त बनाने की दिशा में विविध प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में हर माह की 15 तारीख को मनाया जाने वाला निक्षय दिवस अब एकीकृत निक्षय दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस दिन टीबी रोगियों के साथ फाइलेरिया, कुष्ठ और कालाजार ग्रस्त रोगियों को चिह्नित कर उसी दिन जांच और उपचार की सुविधा दी जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील भारतीय ने बताया कि शासन के निर्देश पर जनपद के सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, शहरी क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों व जिला चिकित्सालय में एकीकृत निक्षय दिवस पर निक्षय गतिविधियों के साथ कुष्ठ, फाइलेरिया और कालाजार उन्मूलन गतिविधियों पर जोर दिया जाएगा। इन बीमारियों के रोगियों को चिह्नित कर उन्हें उपचार, परामर्श व आवश्यक दवाएं दी जाएंगी। उन्होंने आशा कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया कि दिवस के पूर्व सभी आशा कार्यकर्ता गृह भ्रमण के दौरान टीबी, कुष्ठ, फाइलेरिया, कालाजार उन्मूलन के लिए समुदाय को जागरूक करें। जिससे वह स्वास्थ्य केन्द्रों पर जाकर इन बीमारियों से बचाव व उपचार का लाभ ले सकें। सुविधाओं का प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा। डीटीओ डॉ0 निशात शहाबुददीन ने बताया कि आशा कार्यकर्ता संभावित टीबी, कुष्ठ, फाइलेरिया व कालाजार के संभावित मरीजों की सूची तैयार कर उन्हें हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर तक लाएंगी। सेंटर पर तैनात सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी मरीजों की प्रारम्भिक जांच एचआईवी, डायबिटीज और अन्य जांच करेंगे। इसके साथ ही बलगम का नमूना लेंगे। उसे निक्षय पोर्टल पर आईडी बनाते हुए नजदीकी टीबी जांच केंद्र पर भेजा जाएगा। सीएचओ और आशा के जरिए निक्षय दिवस पर मिलने वाली सुविधाओं का प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा। डीटीओ ने बताया कि पिछले दिवस में 454 लोगों का बलगम परीक्षण किया गया जिसमें 18 टी0बी0 मरीजों की पुष्टि हुई थी।

### पतंग व गुब्बारा उड़ाकर पुरानी पेंशन बहाली की मांग

फतेहपुर। पुरानी पेंशन व पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ की सेवा नियमावली बनाये जाने की मांग को लेकर उप्र पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ ने पतंग व गुब्बारा उड़ाकर पीएम व सीएम से अपनी मांग की। शनिवार को पटेल नगर चौराहा पर उप्र पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ ने पतंग गुबारा उड़ाकर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराते हुए निस्तारण की मांग किया। जिलाध्यक्ष एव प्रांतीय संगठन मंत्री बाबू लाल की अगुवाई में पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के सदस्यों ने एकत्र होकर गुबारा व पतंग उड़ाकर पीएम व सीएम से प्रदेश में पुरानी पेंशन बहाली एव उप्र पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ की सेवा नीयमवली बनाये जाने की मांग की। इस मौके पर प्रवेश कुमार, शिवप्रकाश पाल, नीरज कुमार बाल्मीकि, अतुल पटेल, राकेश कुमार, सुरेंद्र कुमार, अशोक कुमार, जयमोहन, रमेश चन्द्र, इंद्रेश कुमार, रामसूरत कुशवाहा, अजय मिश्रा, राम बहादुर आदि रहे।

# मकर संक्रांति पर भक्तों ने यमुना में श्रद्धा की डुबकी लगाई

● धार्मिक व पौराणिक नगर कालपी के घाटों मे मकर संक्रांति पर यमुना नदी में स्नान करने वालों को मिलता मोक्ष

संवाददाता। पवनदीप निषाद, कालपी (जालौन)



धार्मिक एवं पौराणिक नगर कालपी यमुना नदी के किला घाट, बाकें बिहारी घाट, राधा माधव घाट, पीलाघाट एवं व्यास घाट सहित कई घाटों में स्नानार्थियों ने शनिवार की प्रात: से ही आस्था की डुबकी लगाकर मकर संक्रांति पर्व को बड़े श्रद्धापूर्वक मनाया। जहां सामाजिक संस्थाओं एवं समाजसेवियों ने अपने-अपने पंडाल लगाकर स्नार्थियों को गर्मा गर्म चाय, खिचड़ी, हलुआ, जलेबी, पकौड़ी सहित खिलाकर पुनीत के कार्य करने में जुटे रहे। गौरतलब हो कि मकर संक्रान्ति के पर्व को को कालपी नगर एवं क्षेत्र के भक्तों ने सुबह चार बजे से ही यमुना मईया में श्रद्धा पूर्वक डुबकी लगाकर इस महत्वपूर्ण पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाया।

### इस दिन सूर्य खुद अपने पुत्र के घर जाते

कालपी। पुराणों के अनुसार मकर संक्रांति के दिन सूर्य अपने पुत्र शनि के घर एक महीने के लिए जाते हैं, क्योंकि मकर राशि का स्वामी शनि है। हालांकि ज्योतिषीय दृष्टि से सूर्य और शनि का तालमेल संभव नहीं, लेकिन इस दिन सूर्य खुद अपने पुत्र के घर जाते हैं। इसलिए पुराणों में यह दिन पिता-पुत्र के संबंधों में निकटता की शुरुआत के रूप में देखा जाता है।

### मकर संक्रांति को भगवान विष्णु ने असुरों का युद्ध में किया था अंत

कालपी। मकर संक्रांति के त्यौहार को लेकर भी जनसामान्य में किदवंतियां विद्यमान हैं। हर व्यक्ति जितना जातना है उतना त्यौहार के बार में बताता है। कुछ लोगों का मत है कि मकर संक्रांति के दिन भगवान विष्णु ने असुरों का अंत करके युद्ध समाप्ति की घोषणा की थी। उन्होंने सभी असुरों के सिरों को मंदार पर्वत में दबा दिया था। इसलिए यह दिन बुराइयों और नकारात्मकता को खत्म करने का दिन भी माना जाता है।

### भगीरथ ने पूर्वजों के लिये मकर संक्रांति को किया था तर्पण

कालपी। पूर्वजों एक अन्य कथा के अनुसार गंगा को धरती पर लाने वाले महाराज भगीरथ ने अपने पूर्वजों के लिए इस दिन तर्पण किया था। उनका तर्पण स्वीकार करने के बाद इस दिन गंगा समुद्र में जाकर मिल गई थी। इसलिए मकर संक्रांति पर यमुना व गंगा घाटों में मेला लगता है।

### इस वर्ष रही यमुना घाटों में भीड़ कम

कालपी। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष यमुना नदी में स्नान करने वाले भक्तों की संख्या कम रही भीड़ भाड़ कम होने के कारण समाजसेवियों के पंडाल व खिलौने की दुकानें भी कम रहीं। जिससे आये हुये भक्तों में उत्साह नहीं दिखा।

### पौंकलैंड मशीनें चलने से यमुना नदी की जलधारा छोड़ रही

कालपी। कालपी के उस पार कानपुर देहात दौलतपुर में रात दिन पोकलेंड मशीन द्वारा बालू खनन होने के कारण कालपी की ओर उचाई हो गई जबकी पहले उक्त जलधारा घाटों में रहती थीं। यही प्रमुख कारण रहा है कि घाटों मे स्नान करने वाले भक्तों की संख्याक्तम रही है।

### समाजसेवियों ने पंडाल लगाकर खिचड़ी गर्मागर्म चाय पिलायी

कालपी। नगर के प्रमुख समाजिक संस्थाओं एवं समाजसेवियों ने यमुना मईया में डुबकी लगाकर लौटने वाले स्नार्थियों को रामो बामो क्लब के अध्यक्ष महेन्द्र कुमार गौतम, पं. नरेन्द्र कुमार तिवारी, संतोष गुप्ता आदि ने गर्मागर्म चाय एवं आधा सैंकड़ा गर्म कंबल गरीबों को बितरण किये स्काउट दल के सुरेश वर्मा ने अपना पंडाल लगाकर गर्मागर्म हलुआ, समाजसेवी गुलाब सिंह यादव ने पंडाल लगाकर गर्मागर्म खिचड़ी वितरण की। राधा माधव समिति बड़े विश्नोई, बट्टो महाराज आदि ने गर्मा गर्म जलेबी पकौड़ी आदि स्नार्थियों को वितरण की। इस पुनीत कार्य में कई समाजसेवियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

### नदी की जलधारा ने बिहारी घाट छोड़ने से स्नार्थियों को हुई परेशानी

कालपी। यमुना नदी का स्वरूप बदल जाने एवं घाटों से पानी लगभग 1 किलो मीटर हो जाने से स्नार्थियों को स्नान करने हेतु बिहारी घाट से लगभग 1 किलोमीटर दूर स्नान करने जाना पड़ा जिससे भीड़भाड़ कम रहने का यही प्रमुख कारण रहा है।

# जिलाधिकारी की नवीन पहल, अपनी प्रतिभा सभी के मध्य दिखाने का एक सुनहरा मौका

संवाददाता। कानपुर देहात

● इन्वेस्टर सम्मिट और कानपुर देहात महोत्सव 2023 की तैयारी ने पकड़ा जोर

जिलाधिकारी नेहा जैन की अध्यक्षता में जनपद में आगामी दिनांक 06 फरवरी 2023 से 12 फरवरी 2023 के मध्य जनपद की उपयोगिता को बड़ा उछाल देने एवं उद्यम प्रोत्साहन हेतु नवीन प्रयासों के क्रम में इन्वेस्टर सम्मिट एवं कानपुर देहात महोत्सव 2023 कार्यक्रम के संबंध में मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ विभागों के सामंजस्य स्थापित करने हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने प्रत्येक दिवस दिन व संध्या में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के संबंध में चर्चा कर प्रत्येक दिवस को एक यादगार के रूप में तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश समस्त संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने बताया कि जनपद में प्रत्येक दिन एक नया आयोजन कर इसकी उपयोगिता बढ़ाने हेतु कार्यक्रमों की श्रृंखला में मुख्य रूप से दिन में विभागीय सम्मेलन होंगे जैसे मिलेट महोत्सवए आरोग्य मेलाए अन्नपूर्णा महोत्सव, प्रधान महासम्मेलन, नारी महासम्मेलन, युवा महोत्सव आदि का आयोजन दिन में किया जाएगा एवं रात्रि में मुख्य आकर्षण के रूप में प्रत्येक दिवस लेज़र शो, मालिनी अवस्थी, रामायण, फूलों की होली, अन्नू अवस्थी, सुनील पाल व कैलाश खेर भी देखने को मिलेंगे। उन्होंने समस्त अधिकारियों को अपने अपने स्तर से चिन्हित दिनों में कार्यक्रम आयोजित करने हेतु माइक्रो प्लान तैयार कर सोमवार को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

तदोपरान्त जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा दिनांक 23 से 25 जनवरी के मध्य उत्तर प्रदेश दिवस के आयोजन हेतु जनपद के प्रतिभाओं को उभारने तथा इसको आज़ादी के अमृत महोत्सव व चौरीचौरा की तर्ज पर मनाए जाने के लिए समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारियों तथा समस्त खंड विकास अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में स्थित शहीद स्मारकों की साफ सफाई सुनिश्चित करने तथा शासन द्वारा दिये गए निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने एवं 23 से 25 जानवर 2023 के मध्य भव्यता से आयोजित करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जनपद में छुपी हुई प्रतिभाओं को निखारने हेतु जो भी बच्चे व बड़े अपनी प्रतिभा को सभी के बीच लाना चाहते हैं तो वे 2 से 3 मिनट की अपनी वीडियो क्लिप बनाकर इस कार्य हेतु नामित नोडल अतिरिक्त मजिस्ट्रेट शालिनी के मोबाइल नंबर 9336552053 व ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर तेजस्वी के 9455922739 नंबर पर व्हाट्सऐप के माध्यम से उपलब्ध करा सकते हैं, जिसका चयन निर्णायक समिति द्वारा उक्त तिथियों में ऑडिशन आयोजित कर किया जायेगा।

## धमना प्रधान की शिकायत पर प्रशासन ने सरकारी जमीन से हटाया कब्जा

माधौगढ़ (जालौन)। शनिवार को थाना दिवस में शिकायत लेकर पहुंचे ग्राम प्रधान धमना द्वारा जैसे ही गांव के एक व्यक्ति के विरुद्ध ग्राम पंचायत की जमीन पर जबरन कब्जा करने की शिकायत दर्ज करायी वैसे ही थाना दिवस में मौजूद प्रशासनिक अमले ने तत्परता दिखाते हुये राजस्व विभाग की टीम गांव में पहुंची जहां उसने जमीन की नापजोख करते हुये तत्काल प्रभाव से अवैध कब्जे को हटाने के बाद कब्जा करने वाले व्यक्ति को चेतावनी भी दी कि वह भविष्य में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे का प्रयास करेगा तो कड़ी कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

माधौगढ़ तहसील के धमना गांव का है जहां दबंग व्यक्ति के द्वारा सरकारी जमीन पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर रखा था जिसको लेकर ग्राम प्रधान ने मना किया।

# उद्योग व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने खिचड़ी भंडारे का किया आयोजन

● सीओ सदर ने सहभागिता कर व्यापारियों के कार्य को सराहा



उरई (जालौन)। मकर संक्रांति के अवसर पर नगर में उप्र उद्योग व्यापार मंडल के जिला महामंत्री एवं कार्यक्रम संयोजक विनय सिंह गुर्जर ने साथी व्यापारियों के सहयोग से खिचड़ी भंडारे का आयोजन किया जिसमें बड़ी संख्या में पहले खिचड़ी का स्वाद चखा बाद में उन्हें सर्द मौसम में चाय के साथ बिस्कुट भी खिलाये। इस मौके पर पहुंचे सीओ सदर गिरजा शंकर त्रिपाठी ने कहा कि मकर संक्रांति के त्यौहार पर आदिकाल से दान पुण्य करने की परंपरा चली आ रही है। यही कारण है कि आज भी लोग सनातनी परंपरा का अनुसरण कर मकर संक्रांति पर्व पर खिचड़ी भंडारे का आयोजन जैसे कार्य कर सनातनी परंपरा से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि समय-समय पर लोगों को चाहिये कि त्यौहारों के अवसर पर इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करते रहे इससे समाज में समरसता का भाव आता है। इस दौरान दिलीप कोटरा, अजय सिंह सहित अनेकों व्यापारी बंधु व मित्रगणों ने सहयोग किया।

## बाजार में खाद्य वस्तुओं की गुणवत्ता की जांच के लिये भरे जा रहे है सर्विलांस नमूने

हमीरपुर। बाजार में खाद्य वस्तुओं की गुणवत्ता की जांच कराने के लिये शासन ने सर्विलांस नमूने भरने का अभियान शुरु किये है। जिसे में विभिन्न खाद्य पदार्थों के 120 नमूने भरने का लक्ष्य रखा गया है। जांच के बाद व्यापारियों पर कोई कार्यवाही नही की जायेगी।

जानकारी के मुताबिक शासन हर साल बाजार में खाद्य वस्तुओं के गुणवत्ता की जानकारी करने के लिये सर्विलांस जांच कराने का अभियान चलाता है। पिछले साल खाद्य तेल के नमूने भर कर जांच करायी गयी थी। इस साल शासन ने हरेक खाद्य वस्तुओं के नमूने भरकर प्रायवेट लैब में जांच करायी जायेगी। ताकि शासन को इस बात की जानकारी हो सके कि जो बाजार में वस्तुओं की विक्री हो रही है उनकी गुणवत्ता कैसी है। जिले में चार तहसील है हरेक तहसील में तीस तीस नमूने भरने का लक्ष्य रखा गया है। यह अभियान दो जनवरी से लेकर 16 जनवरी तक चलाया जायेगा। खाद्य सुरक्षा अधिकारी नंदलाल गुप्ता ने बताया कि जांच में अभी तक गुटखा से लेकर हरेक वस्तुओं का नमूना ले लिया गया है दो दिन में और अन्य वस्तुओं के नमूने ले लिये जायेगे। हालाकि खाद्य निरीक्षकों को व्यापारियों का काफी विरोध झेलना पड रहा है,मगर उन्हे समझाबुझाकर नमूने भरे जा रहे है।

# संत पथिक की जयंती पर शक्ति डिग्री कालेज में युवा महोत्सव का आयोजन



घाटमपुर। महान संत पथिक जी की जयंती पर श्रीशक्ति डिग्री कालेज शाखाहारी में दो दिवसीय युवा महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसका शुभारम्भ दीप प्रज्वालित कर महा विद्यालय के प्रबन्धक विनय त्रिवेदी ने किया। इस अवसर पर प्रबन्धक विनय त्रिवेदी ने अपने संबोधन में कहा कि संत पथिक जी ने युवाओं के विकास पर सबसे अधिक ध्यान देते हुए अध्यात्म एंव शिक्षा के माध्यम से अनेक कार्य किये। पथिक जी का मानना था कि आध्यात्मिक एंव भौतिक संसार के लक्ष्य को पाने के लिये युवावस्था से ही अभ्यास किये जाने चाहिये। युवा महोत्सव को संबोधित करते हुए लेफ्टिनेंट विवेक त्रिवेदी युवाओं को खेलकूद में भाग लेने और उनके नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। लेफ्टिनेंट विवेक ने क्षेत्र के अन्य विद्यालयों से आये छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण भी दिया। इसके पहले लेफ्टिनेंट विवेक त्रिवेदी, प्रार्चाय डा प्रभा कांत मिश्रा, वरिष्ठ प्रवक्ता डा जय किशोर सचान, शिव शरण वर्मा ने पथिक जी के चित्र पर माल्यार्पण किया। छात्र-छात्राओं ने भजन गायन और निबंध लेखन प्रतियोगिता में भी सहभागिता की। छात्राओं ने रंगोली भी सजायी।

# हार-जीत के दांव के बीच उड़ती रहीं पतंगें

चित्रकूट। मकरसंक्रान्ति पर्व पर आसमान से खिली धूप का लोगों ने भरपूर आनन्द लिया। इस मौके पर पतंगबाजों में दिनभर खासी होड़ मची रही। एक-दूसरे की पतंग काटने को लोगों ने हार-जीत के दांव भी लगाये।

सवेरे शीतलहर रही। पूर्वान्ह 11 बजे तेज धूप के चलते जहां देखो वहां, लोग पतंग उड़ाते नजर आये। दो दिनी मकरसंक्रान्ति के पहले दिन सवेरे आठ बजे से आसमान से धूप खिली तो लोगों के चेहरे खिल उठे। दिनभर रही धूप का लोगों ने लुत्फ उठाया। हालांकि शाम पांच बजे के बाद फिर गलन ने लोगों को अलाव के नजदीक जाने को मजबूर कर दिया।

इधर, दिनभर खिली धूप में पतंगबाजों में खासी होड़ देखने को मिली। पतंगबाज अपनी पतंग को आसमान की बुलंदियों तक ले जाने को बेताब दिखे, वहीं कुछ अति उत्साही युवाओं ने एक-दूसरे की पतंग काटने को हार-जीत की बाजियां भी लगाईं। कौन-किसकी-कितनी ज्यादा पतंगें काटता है, इसे लेकर देखने वालों में भी खासा रोमांच रहा। ऐसे में पतंग की दुकानों में लोगों की खासी भीड़ देखने को मिली। पतंगबाजों को बुजुर्गों ने पतंग खरीदने को रुपये भी दिये। इसके पीछे बुजुर्गों की ये भावना रही कि पतंग उड़ाने से वायुदान का पुण्य मिलता है। ऐसे में जो बुजुर्ग पतंग उड़ाने में नाकाम रहे, उन लोगों ने बच्चों को पतंग उड़ाने को रुपये दिये।

**पड़ोसियों के जागने पर चोर सामान छोड भागे** :मऊ(चित्रकट)। मऊ थाना क्षेत्र के मडैर रोड में सुनसान घर में अज्ञात चोरों ने बगल की दीवार से रस्सी के सहारे घर में दाखिल होकर सेंधमारी कर दीवार की ईंटें शब्बर से तोडने लगे। पडोसियों के जागने पर चोर रस्सी व अन्य सामान छोडकर भाग गये। ये घटना शुक्रवार की रात हुई। बताया गया कि मडैर रोड के प्रेमचन्द्र पुत्र बाबूलाल अपनी पत्नी सुभद्रा देवी के साथ माघ मेला में कलावास को इलाहाबाद गये थे। सुनसान घर पाकर चोरों ने बगल की दीवार से रस्सी के सहारे घर में घुसकर सेंधमारी कर दीवार की ईंट शब्बर से निकालने लगे। पडोसियों के जागने पर चोर रस्सी व अन्य सामान छोडकर भाग गये। अज्ञात चोरों के चोरी की घटनायें करने से ग्रामीणों में दहशत फैली है। पीडित प्रेमचन्द्र ने थाना प्रभारी से कार्यवाही की मांग की तो थाना प्रभारी ने कहा कि जब चोरी होगी, तब कार्यवाही की जायेगी। वहीं बस स्टैण्ड स्थित थाना के पास मानिकचन्द्र की फल की दुकान में भी ताला तोडकर चोर लगभग बीस हजार रुपये की नकदी व अन्य सामान चुरा ले गये।

**संदिग्ध परिस्थितियों में 20 वर्षीय युवती फांसी पर झूल गयी**

माधौगढ़ (जालौन)। माधौगढ कोतवाली के चितौरा गांव का है। जहां 20 वर्षीय युवती ने फांसी के फंदे से लटकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली, परिजनों ने शव फांसी से लटकता देख दंग रह गए,परिजनों ने पुलिस को दी सूचना इसके बाद एसआई जितेंद्र सिंह व पुलिस स्टाप के साथ पहुंचे जहां शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच पड़ताल में जुट गई। मिली जानकारी के अनुसार अर्चना पुत्री जितेंद्र कुशवाहा उम्र 20 वर्ष निवासी चितौरा है। जो कि अपने माता पिता व भाई के साथ रायपुर रहती है।

# क्वाड को भलाई का काम करने की ताकत बना रहे

## ● अमेरिका और जापान ने साझा किए बयान



**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका और** जापान ने सामरिक रूप से महत्वपूर्ण हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते सैन्य दबदबे के बीच शुक्रवार को कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के साथ मिलकर वे यह सुनिश्चित करेंगे कि क्वाड दूसरों की भलाई के लिए काम करने की एक ताकत बना रहे। व्हाइट हाउस में शुक्रवार को अमेरिका के राष्ट्रपति जो. बाइडन और जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के बीच बैठक के बाद दोनों देशों ने एक संयुक्त बयान में यह बात कही। बयान में कहा गया, हमारी नींव के रूप में अटूट द्विपक्षीय संबंध के साथ हम हिंद-प्रशांत तथा दुनिया के फायदे के लिए क्षेत्र में तथा उसके बाहर अन्य पक्षों के साथ भी साझेदारी करेंगे। इसमें कहा गया, ऑस्ट्रेलिया और भारत के साथ मिलकर हम यह सुनिश्चित करेंगे कि क्वाड दूसरों की भलाई के लिए काम करने की ताकत, वैश्विक स्वास्थ्य, साइबर सुरक्षा, जलवायु, अहम और उभरती प्रौद्योगिकियों तथा समुद्री क्षेत्र की जागरूकता पर परिणाम देने समेत क्षेत्र के लिए ठोस लाभ लाने के लिए प्रतिबद्ध बना रहे। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते सैन्य दबदबे के बीच बनाए गए चतुर्भुज सुरक्षा संवाद (क्वाड) में भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं। चीन विवादित दक्षिण चीन सागर के लगभग सभी हिस्सों पर अपना दावा जताता है। ताइवान, फिलीपीन, ब्रूनेई, मलेशिया और वियतनाम भी इसके हिस्सों पर अपना दावा जताते हैं। बीजिंग ने दक्षिण चीन सागर में कृत्रिम द्वीप और सैन्य प्रतिष्ठान बनाए हैं। उसका पूर्वी चीन सागर में जापान के साथ भी समुद्री विवाद है। संयुक्त बयान के अनुसार, जापान और अमेरिका आसियान केंद्रीयता और एकता के साथ ही हिंद-प्रशांत पर आसियान दृष्टिकोण का समर्थन करते रहेंगे। बाइडन और किशिदा ने संयुक्त बयान में कहा, आज हमारा सहयोग अभूतपूर्व है जो मुक्त एवं खुले हिंद-प्रशांत और शांतिपूर्ण एवं समृद्ध दुनिया के हमारे साझा दृष्टिकोण में निहित है जो कानून के शासन समेत हमारे साझा मूल्यों से निर्देशित है। इससे पहले ओवल ऑफिस में संयुक्त मीडिया सम्मेलन में बाइडन ने कहा कि पहले कभी अमेरिका, जापान के इतना करीब नहीं रहा। उन्होंने कहा, पिछले साल जापान में आपने मुझसे कहा था और मैं कहता हूं, हम दो राष्ट्र हैं जो मूलभूत मूल्य साझा करते हैं। ए साझा लोकतांत्रिक मूल्य हमारी ताकत, हमारे गठबंधन का स्रोत हैं और सभी लोगों के लिए काम करने में सक्षम होने का आधार हैं। बाइडन ने कहा, हम रक्षा खर्च में जापान की ऐतिहासिक वृद्धि और नई राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति के निर्माण पर अपने सैन्य गठबंधन का आधुनिकीकरण कर रहे हैं। मुझे स्पष्ट रहने दीजिए, अमेरिका पूरी तरह इस गठबंधन और सबसे महत्वपूर्ण जापान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, हम हिंद-प्रशांत आर्थिक रूपरेखा समेत तकनीकी और आर्थिक मुद्दों पर निकटता से काम कर रहे हैं। वाशिंगटन की पहली आधिकारिक यात्रा पर पहुंचे प्रधानमंत्री किशिदा ने कहा कि जापान और अमेरिका हाल के इतिहास में सबसे चुनौतीपूर्ण और जटिल सुरक्षा माहौल का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति एवं समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए जापान ने पिछले साल एक नई राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति बनाई। राष्ट्रपति बाइडन ने जापान का संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का दो साल का कार्यकाल शुरू होने तथा जनवरी महीने के लिए अध्यक्षता पर भी उसे बधाई दी।

# ब्राजील की शीर्ष अदालत ने दंगों को लेकर बोल्सोनारो के खिलाफ जांच को मंजूरी दी

**भाषा।** रियो डी जिनेरियो



**ब्राजील के** सुप्रीम कोर्ट ने देश की राजधानी में आठ जनवरी को हुए दंगों को लेकर व्यापक कार्वाई के तहत पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो को भी जांच के दायरे में लाने की मंजूरी दे दी है। इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार, जस्टिस एलेक्जांद्रे डी मोरेस ने बोल्सोनारो के खिलाफ जांच के महाभियोजक कार्यालय के अनुरोध को स्वीकार कर लिया। इस कार्यालय ने अपने अनुरोध में दंगों के दो दिन बाद बोल्सोनारो द्वारा फेसबुक पर पोस्ट किए गए वीडियो का जिक्र किया। वीडियो में दावा किया गया था कि लुइज़ इनासियो लूला डा सिल्वा मतों के आधार पर राष्ट्रपति नहीं बने, बल्कि उन्हें सुप्रीम कोर्ट और ब्राजील के निर्वाचन प्राधिकरण ने चुना है। हाल में गठित अभियोजकों के समूह ने शुक्रवार को तर्क दिया था कि भले ही बोल्सोनारो ने यह वीडियो दंगों के बाद साझा किया था, लेकिन इसकी सामग्री उनके पहले के आचरण की जांच को उचित ठहराने के लिए पर्याप्त है। बोल्सोनारो ने इस वीडियो को अगले दिन सुबह हटा दिया था। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद बोल्सोनारो के वकील फ्रेडरिक वासेफ ने एक बयान में कहा कि पूर्व राष्ट्रपति आठ जनवरी को हुई तोड़फोड़ की कड़ी निंदा करते हैं, लेकिन उन्होंने इन इसके लिए प्रदर्शनकारियों के बीच घुसे बाहरी तत्वों को जिम्मेदार ठहराया। अभी तक यह जांच बोल्सोनारो के कार्यकाल में न्याय मंत्री रहे एंडरसन टोरेस पर केंद्रित थी, जो दो जनवरी को संघीय जिला सुरक्षा प्रमुख बने थे और दंगे के दिन अमेरिका में थे। डी मोरेस ने टोरेस की इस सप्ताह गिरफ्तारी का आदेश दिया और उनके कार्यों को लापरवाही एवं सांठगांठ करार देते हुए जांच का आदेश दिया। डी मोरेस ने कहा कि टोरेस ने अपने अधीनस्थों को बर्खास्त कर दिया और दंगे से पहले देश छोड़ दिया जो इस बात का संकेत है कि वह अशांति पैदा करने के लिए जानबूझकर आधार तैयार कर रहे थे। न्याय मंत्री फ्लेवियो डिनो ने शुक्रवार को कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व सुरक्षा प्रमुख की गिरफ्तारी का वारंट भी जारी किया है और उन्हें तीन दिन के भीतर वापस आना होगा, अन्यथा ब्राजील उनके प्रत्यर्पण का अनुरोध करेगा। टोरेस ने स्वयं पर लगे आरोपों का खंडन किया है। उल्लेखनीय है कि बोल्सोनारो के समर्थकों ने आठ जनवरी को राजधानी में सुप्रीम कोर्ट, राष्ट्रपति भवन और अन्य संस्थानों पर धावा बोला दिया था।

### सीनेट का चुनाव लड़ने की रो की योजना से राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ने को लेकर अटकलें शुरू

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के अमेरिकी कांग्रेस सदस्य रो खन्ना ने कहा है कि वह कैलिफोर्निया से सीनेट के लिए चुनाव लड़ने की संभावनाएं तलाश रहे हैं। खन्ना के इस बयान के बाद अमेरिका के कई प्रांतों के डेमोक्रेटिक पार्टी सदस्यों के बीच यह अटकलें शुरू हो गई हैं कि हो सकता है कि उनकी नजर भविष्य में देश के राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ने पर हो। अर्लिंग्टन काउंटी स्थित एक समाचार पत्र पोलिटिको के अनुसार 46 वर्षीय खन्ना के करीबियों का कहना है कि वह 2028 या उसके बाद होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए अपने विकल्प खुले रख रहे हैं। हालांकि कुछ अन्य लोगों का मानना है कि उनकी नजर 2024 में राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ने पर टिकी हो सकती हैं, अगर राष्ट्रपति जो बिडेन (80) चुनाव नहीं लड़ने का फैसला करते हैं। डेमोक्रेटिक पार्टी के रणनीतिकार मार्क लोंगबॉघ ने कहा, मुझे लगता है कि वह अमेरिका के एक महान सीनेटर होंगे। लोंगबॉघ की कंपनी ने पिछले साल खन्ना के लिए मीडिया परामर्श का काम किया था। हालांकि मुझे यह भी लगता है, यदि बाइडन चुनाव नहीं लड़ने का फैसला करते हैं तो वह अमेरिका के राष्ट्रपति पद के लिए एक बहुत ही अच्छे उम्मीदवार हो सकते हैं।

### नेपाल में मोबाइल तस्करी के आरोप में भारतीय नागरिक गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल में अवैध रूप से 41 मोबाइल फोन ले जाने के आरोप में काठमांडू में एक भारतीय नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि 37 वर्षीय दिलीप पवार को शुक्रवार देर रात काठमांडू से 20 किलोमीटर दक्षिण में स्थित दक्षिणकाली नगर पालिका के फारपिंग इलाके से गिरफ्तार किया गया। अधिकारी के मुताबिक, पवार बिना सीमा शुल्क भरे मोबाइल फोन लेकर टैक्सी से काठमांडू की तरफ जा रहा था और उसे नियमित सुरक्षा जांच के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### बाजवा कर जानकारी लीक मामला : अदालत ने पत्रकार को हिरासत में भेजा

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की एक अदालत ने पूर्व सेना प्रमुख जनरल (सेवानिवृत्त) कमर जावेद बाजवा के व्यक्तिगत कर की जानकारी लीक करने में संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार वरिष्ठ पत्रकार को शनिवार को दो दिन की संघीय जांच एजेंसी की हिरासत में भेज दिया। बोल न्यूज़ के पत्रकार शाहीद असलम को संघीय जांच एजेंसी ने लाहौर से गिरफ्तार किया था और उन्हें इस्लामाबाद की अदालत में पेश किया गया। अभियोजन पक्ष और बचाव पक्ष के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद जिला एवं सत्र अदालत के न्यायिक मजिस्ट्रेट उमर शब्बीर ने असलम को दो दिनों के लिए एफआईए की हिरासत में भेज दिया। अदालत में असलम ने अपने खिलाफ लगे सभी आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि ऐसा कोई सबूत नहीं है।

# रूस ने कीव पर मिसाइल हमला किया : यूक्रेनी अधिकारी

**भाषा।** कीव

**कीव शनिवार सुबह** धमाकों से दहल उठा और कुछ ही मिनट बाद हवाई हमले के सायरन बजने लगे जो परोक्ष तौर पर इसका संकेत था कि यूक्रेन की राजधानी पर मिसाइल हमला किया जा रहा है। यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय के उप प्रमुख किरिलो ताइमोशेन्को ने टेलीग्राम पर कहा कि राजधानी में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया गया। कीव शहर के सैन्य प्रशासन ने कहा कि शहर में एक महत्वपूर्ण ढांचे को निशाना बनाया गया और आपातकालीन सेवा के कर्मी हमले की जगह पर काम कर रहे हैं। कीव के मेयर विताली क्लित्स्को ने कहा कि धमाकों की आवाज कीव के निप्रोवस्की जिले में सुनी गई। क्लित्स्को ने यह भी कहा कि मिसाइल के टुकड़े होलोसिव्स्की जिले में एक गैर-आवासीय क्षेत्र पर गिरे और वहां एक इमारत में आग लग गई। उन्होंने बताया कि अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। यह तत्काल स्पष्ट नहीं हो सका कि कीव में कई स्थलों को निशाना बनाया गया था या सिर्फ एक को जिसके बारे में जानकारी मुहैया कराई गई है। यूक्रेन की राजधानी कीव पर नए साल की रात के बाद से मिसाइलों से हमला नहीं किया गया है। ताइमोशेन्को ने कहा कि कीव के बाहरी क्षेत्र में, कोप्पिलिव गांव में एक आवासीय इमारत को निशाना बनाया गया और आसपास के घरों की खिड़कियां टूट गईं। क्षेत्रीय गवर्नर ओलेक्सी कुलेबा के अनुसार, क्षेत्र में कुल 18 मकानों को नुकसान पहुंचा है। कुलेबा ने एक टेलीग्राम पोस्ट में कहा, छतें और खिड़कियां क्षतिग्रस्त हुई हैं। लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ है।

## ब्रिटेन यूक्रेन को टैंक की आपूर्ति करेगा: सुनक

**भाषा।** कीव



**रूस द्वारा** यूक्रेन की राजधानी और अन्य शहरों को निशाना बनाकर नए सिरे से किए गए मिसाइल हमलों के बीच ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने यूक्रेन को टैंक और तोपखाना (आर्टिलरी) प्रणाली प्रदान करने का शनिवार को वादा किया। ब्रिटिश प्रधानमंत्री के कार्यालय डाउनिंग स्ट्रीट ने एक बयान में कहा कि सुनक ने शनिवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से बात करने के बाद यह प्रतिबद्धता जाहिर की। इसमें यह नहीं बताया गया है कि कब और कितने टैंकों की आपूर्ति की जाएगी। ब्रिटिश मीडिया ने बताया है कि चार ब्रिटिश आर्मी चैलेंजर 2 टैंक तुरंत पूर्वी यूरोप भेजे जाएंगे जबकि आठ इसके बाद भेजे जाएंगे। कीव में शनिवार सुबह सिलसिलेवार विस्फोटों के कई घंटे बाद यह घोषणा की गई। यूक्रेनी अधिकारियों ने कहा कि एक मिसाइल हमले में एक बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा था। कीव के मेयर विटाली क्लिट्सको ने कहा कि नीपर नदी के बाएं किनारे पर एक रिहायशी इलाके नीपरोवस्की जिले में धमाकों की आवाज सुनी गई। हालांकि अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। यह तुरंत स्पष्ट नहीं है कि कीव में कई परिसरों को निशाना बनाया गया था या सिर्फ एक को निशाना बनाया गया था। यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय के उप प्रमुख किरिलो ताइमोशेन्को ने कहा कि कीव के बाहरी क्षेत्र में, कोप्पिलिव गांव में एक आवासीय इमारत को निशाना बनाया गया और आसपास के घरों की खिड़कियां टूट गईं। क्षेत्रीय गवर्नर ओलेक्सी कुलेबा के अनुसार, क्षेत्र में कुल 18 मकानों को नुकसान पहुंचा है। कुलेबा ने एक टेलीग्राम पोस्ट में कहा, छतें और खिड़कियां क्षतिग्रस्त हुई हैं। लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ है।

### जो बाइडन के घर से वकीलों को अधिक संख्या में गोपनीय दस्तावेज़ मिले

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के वकीलों को डेलावेयर के विलमिंगटन में स्थित उनके घर से पहले बताई गई संख्या से ज्यादा गोपनीय दस्तावेज़ मिले हैं। व्हाइट हाउस ने शनिवार को यह जानकारी दी। व्हाइट हाउस के वकील रिचर्ड सॉबर ने एक बयान में कहा कि बाइडन के निजी पुस्तकालय की तलाशी के दौरान गोपनीय दस्तावेज़ों के कुल छह पन्ने मिले। व्हाइट हाउस ने पहला बताया था कि वहां से सिर्फ एक पन्ना बरामद हुआ है। इसके अलावा, दिसंबर में बाइडन के गैराज और नवंबर में वाशिंगटन स्थित उनके पूर्व दफ्तर पेन बाइडन सेंटर से भी दस्तावेज़ मिले थे, जो उनके उपराष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान के थे। सॉबर ने शनिवार को बयान में कहा कि बाइडन के निजी वकीलों ने सुरक्षा अनुमति न होने के कारण बुधवार शाम को एक पन्ना मिलने के बाद उनकी तलाशी को रुकवा दिया था। सॉबर को शेष सामग्री बृहस्पतिवार को मिली, जब वह न्याय विभाग के अधिकारियों को साथ लेकर पहुंचे थे।

## श्रीलंका आने वाले भारतीयों को कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने की सलाह

**भाषा। कोलंबो**



**श्रीलंका** की यात्रा करने वाले सभी भारतीय नागरिकों को यहां के संशोधित कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करने की सलाह दी गई है। श्रीलंका स्थित भारतीय उच्चायोग ने शनिवार को यह जानकारी दी। श्रीलंका के नए कोविड-19 दिशानिर्देश के मुताबिक, द्वीप देश आने वाले सभी पर्यटकों को टीकाकरण का प्रमाण पत्र लेकर आना होगा और टीकाकरण नहीं करवाने वाले यात्रियों को देश में दाखिल होने से पहले पीसीआर जांच रिपोर्ट दिखानी होगी, जिसमें संक्रमण नहीं होने की जानकारी होनी चाहिए और जांच रिपोर्ट 72 घंटे से अधिक पुरानी नहीं होनी चाहिए। इससे पहले, सात दिसंबर 2022 को श्रीलंका ने अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए टीकाकरण प्रमाण पत्र साथ रखने की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया था। श्रीलंका के लिए विमान पर सवार होने से पहले या हवाई अड्डे पर आने से पहले कोविड जांच संबंधी रिपोर्ट पेश करने की भी अनिवार्यता खत्म कर दी गई थी। श्रीलंका सरकार द्वारा जारी संशोधित कोविड-19 दिशा-निर्देश शुक्रवार को प्रभावी हुआ। भारतीय उच्चायोग ने कहा, श्रीलंका आ रहे भारतीय नागरिकों से आग्रह है कि वे नवीनतम कोविड-19 दिशानिर्देशों का पालन करें। गौरतलब है कि पिछले साल करीब 7,19,000 विदेशी श्रीलंका आए थे, जिनमें से 1,23,000 भारतीय नागरिक थे।

### म्यांमा में सेना के हवाई हमले में पांच लोगों की मौत

**बैंकॉक।** म्यांमा की सेना ने दो गांवों पर हवाई हमले किए, जिसमें एक महिला और उसकी दो साल की बेटी समेत पांच लोगों की मौत हो गई। इन हमलों में दो चर्च भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं। आपदा एवं राहत समूहों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मारे गए लोगों में अधिकतर करेन जनजातीय समूह के हैं। करेन महिला संगठन और फ्री बर्मा रेंजर्स नामक संगठन के अनुसार बृहस्पतिवार को हुए हवाई हमले में मारे गए लोगों में बैपटिस्ट चर्च के पादरी, एक कैथोलिक उप पादरी और चर्च का एक अन्य व्यक्ति भी शामिल है। उन्होंने कहा कि दूसरे गांव में किए गए हवाई हमले में एक अन्य महिला और उसका बच्चा घायल हो गए। करेन जनजातीय समूह के लोग थाईलैंड की सीमा से सटे म्यांमा के पूर्वी हिस्से में बड़ी संख्या में रहते हैं। करेन सबसे स्थापित जनजातीय अल्पसंख्यक विद्रोही बलों में से एक हैं और दशकों से म्यांमा की केंद्र सरकार से अधिक स्वायत्तता की मांग को लेकर लड़ रहा है। फरवरी 2021 के बाद लड़ाई बढ़ गई, जब सेना ने आंग सान सू की के नेतृत्व वाली चुनी हुई सरकार से सत्ता हथिया ली थी।

### सीमा विवाद सुलझाने के लिए वार्ता में तेजी लाने पर सहमत हुए चीन और भूटान

**बीजिंग।** चीन और भूटान समझौता ज्ञापन के कार्यान्वयन को आगे बढ़ाने को लेकर सकारात्मक रूप से सहमत हो गए हैं ताकि दोनों देशों के बीच सीमा विवाद को तीन चरण वाली रूपरेखा के माध्यम से सुलझाने के लिए वार्ता में तेजी लाई जा सके। दोनों देशों द्वारा जारी एक संयुक्त बयान के अनुसार, चीन-भूटान सीमा मुद्दे पर 11वीं विशेषज्ञ समूह की बैठक (ईजीएम) चीन के कुनमिंग शहर में 10 से 13 जनवरी तक हुई। भूटान, चीन के साथ 477 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है और दोनों देशों ने सीमा विवाद को सुलझाने के लिए 24 दौर की सीमा वार्ता की है। चीन और भूटान के बीच राजनयिक संबंध नहीं हैं, लेकिन दोनों देश अधिकारियों की समय-समय पर यात्राओं के माध्यम से आपस में संपर्क रखते हैं। भारत और भूटान ऐसे दो देश हैं जिनके साथ चीन ने अभी तक सीमा समझौते को अंतिम रूप नहीं दिया है, जबकि बीजिंग ने 12 अन्य पड़ोसियों के साथ सीमा विवाद सुलझा लिया है।

# इजराइली बलों के हमले में दो फलस्तीनियों की मौत

**भाषा।** रामल्ला (वेस्ट बैंक)



**वेस्ट बैंक में** शनिवार तड़के इजराइली बलों के हमले में दो फलस्तीनी मारे गए, जबकि करीब दो सप्ताह पहले एक इजराइली सैन्य हमले में गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति की मौत हो गई। फलस्तीनी चिकित्सा अधिकारियों ने यह जानकारी दी।सेना ने बताया कि जाबा गांव में उसके जवानों के पास से गुजर रहे एक वाहन में सवार बंदूकधारियों ने उन पर हमला किया, जिसके बाद जवानों ने गोलियां चलाईं। उन्होंने बताया कि जवानों ने बाद में वाहन से एम-16 राइफल भी बरामद की। फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने मृतकों की पहचान एज्जेद्दीन हमामराह (24) और अमजद खलेलेयाह (23) के रूप में की है। मंत्रालय ने बताया कि दो जनवरी को हुए हमले में घायल समेर अल-जाबरी (19) की भी मौत हो गई। इजराइली सैन्य बलों ने दो फलस्तीनी बंदूकधारियों के घरों को ध्वस्त करने के लिए कफर दान गांव पर हमला किया था, जिसमें एक बंदूकधारी समेत दो फलस्तीनी मारे गए थे और अल जाबरी घायल हो गया था। इन दो फलस्तीनी बंदूकधारियों ने पिछले साल सितंबर में मुठभेड़ के दौरान एक इजराइली सैनिक को गोली मारी थी, जिससे उसकी मौत हो गई थी। इजराइल के एक मानवाधिकार समूह ने कहा कि 2022 में वेस्ट बैंक और पूर्वी यरुशलम में इजराइल की गोलीबारी में लगभग 150 फलस्तीनी मारे गए।

## स्टीवन स्पीलबर्ग से मिलकर बहुद खुश हैं एसएस राजमौली

**भाषा।** लॉस एंजिलिस



**आरआरआर के** निर्देशक एस. एस. राजमौली ब्लॉकबस्टर फिल्मों के गॉड कहे जाने वाले स्टीवन स्पीलबर्ग से मिलने के बाद अपनी खुशियों को रोक नहीं पा रहे हैं। आरआरआर के गीत नाटु नाटु को हाल ही में गोल्डन ग्लोब पुरस्कार मिलने के बाद राजमौली और संगीतकार एमएम कीरावाणी फूले नहीं समा रहे हैं, ऐसे में स्पीलबर्ग से उनकी मुलाकात सोने पर सुहागा की तरह है। राजमौली ने स्पीलबर्ग के साथ अपनी मुलाकात की तस्वीरें ट्विटर पर साझा की हैं। तस्वीरों के साथ बाहुबली के निर्देशक ने लिखा है मैं अभी अभी गॉड से मिला हूं। आरआरआर के गीत नाटु नाट के लिए 80वें गोल्डन ग्लोब में मोशन पिक्चर के सर्वश्रेष्ठ गीत का पुरस्कार पाने वाले कीरावानी ने भी स्पीलबर्ग के साथ तस्वीरें साझा की हैं। संगीतकार ने ट्वीट किया है, फिल्मों के गॉड (भगवान) से मिलने का मौका मिला और मैंने धीरे से उनसे कहा कि मुझे डुएल सहित आपकी सारी फिल्में पसंद हैं। एक अन्य ट्वीट में कीरावानी ने लिखा है कि जब स्पीलबर्ग ने उनसे कहा कि उन्हें नाटु नाटु पसंद आया, वह आश्चर्यचकित रह गए। आरआरआर फिल्म में यह गीत जूनियर एनटीआर और राम चरण पर फिल्माया गया है। उन्होंने ट्वीट किया है, मुझे यकीन नहीं हुआ, जब उन्होंने बताया कि उन्हें नाटु नाटु पसंद है।

# पीएमएल-एन प्रमुख नवाज शरीफ, बेटी मरियम जल्द ही पाकिस्तान लौट सकते हैं : रिपोर्ट



**भाषा।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के प्रमुख नवाज शरीफ और उनकी बेटी मरियम नवाज जल्द ही लंदन से स्वदेश लौटने पर विचार कर रहे हैं। मीडिया में शनिवार को आई खबर में यह जानकारी दी गई। राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण पंजाब प्रांत में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पैंतरेबाजी से पार्टी को लगे झटके के कुछ दिनों बाद यह बात सामने आई है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की खबर के मुताबिक, पीएमएल-एन के नेतृत्व वाली संघीय सरकार खान के सहयोगी और पंजाब प्रांत के मुख्यमंत्री परवेज इलाही को विधानसभा में विश्वास मत हासिल करने से रोकने में नाकाम रही है।

इलाही ने बृहस्पतिवार को प्रांतीय विधानसभा भंग करने के आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए। पाकिस्तान के सबसे अधिक आबादी वाले प्रांत में कई हफ्तों की राजनीतिक उथल-पुथल के बाद इलाही ने बृहस्पतिवार को विश्वास मत जीतकर प्रांतीय विधानसभा में अपना बहुमत साबित कर दिया था। खबर के मुताबिक, पहले फरवरी मध्य में पाकिस्तान लौटने की योजना बना रहे शरीफ और मरियम अब अपनी योजना पर पुनर्विचार कर रहे हैं और जल्द से जल्द देश लौट सकते हैं। शरीफ परिवार के करीबी एक सूत्र ने जियो टीवी को बताया कि पिता-पुत्री 10 दिनों के भीतर लंदन से वापस लौट आएंगे।

# पाक में आतंकवादियों ने थाने पर किया हमला, तीन की मौत

**भाषा।** पेशावर

**पाकिस्तान में** पेशावर के उपनगरीय इलाके में भारी हथियारों से लैस तालिबानी आतंकवादियों ने शनिवार को पुलिस थाने पर हमला कर एक वरिष्ठ अधिकारी समेत तीन पुलिसकर्मियों की हत्या कर दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पेशावर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक काशिफ अब्बासी ने कहा कि करीब छह से सात आतंकवादियों ने खैबर कबायली जिले की सीमा से लगे सरबंद पुलिस थाने पर हथगोले, स्वचालित हथियारों और स्नाइपर बंदूकों से हमला किया। पुलिसकर्मियों ने जवाबी कार्वाई की। इस हमले में तीन पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) आतंकी समूह ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। हमले में मारे गए तीन पुलिसकर्मियों में पुलिस उपाधीक्षक सरदार हुसैन और दो कांस्टेबल शामिल हैं। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के पुलिस प्रमुख मोअज्जम अंसारी ने कहा कि पुलिसकर्मियों ने थाने पर हुए आतंकवादी हमले को सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया और आतंकवादियों का बहादुरी से मुकाबला किया। पुलिस थाने की इमारत में घुसने के दौरान हुई गोलीबारी में पुलिस उपाधीक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद उन्होंने अस्पताल में दम तोड़ दिया। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मुख्यमंत्री महमूद खान ने निंदा करते हुए कहा कि आतंकवाद के खिलाफ युद्ध में पुलिस का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। हमलावरों का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान जारी है। प्रवक्ता मुहम्मद खुरासानी ने एक बयान में कहा कि उनके मुजाहिदीन ने कल रात पेशावर में दो पुलिस चौकियों पर लेजर बंदूक से हमला किया। टीटीपी ने हमले में एक डीएसपी रैंक के पुलिस अधिकारी समेत चार पुलिसकर्मियों की हत्या करने और तीन अन्य को घायल करने का दावा किया। उसने दो कलाशनिकोव, दो मैगजीन और 47000 रुपए भी जब्त करने का दावा किया। दक्षिणी पंजाब के डेरा गाजी खान जिले की तुंसा शरीफ तहसील में पुलिस और सीटीडी की संयुक्त सुरक्षा चौकी पर हमला करने की भी जिम्मेदारी ली।

**सार्वजनिक सूचना**

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती रेखा गुप्ता पत्नी श्री किशोर कुमार गुप्ता, Residential Built-up Second Floor, without Roof/Terrace Rights, area measuring 62.707 Sq. Mtrs., i.e., 75 Sq. Yds., bearing the Property No. 280-A, out of Khasra No. 1595/624, situated at Village Chandrawali Alias Shahdara, in the Abadi of Bhola Nath Nagar, Gali No. 14, Illaqa Shahdara, Delhi-110032, को श्रीमति सोमवती को बेच रही है ! उपरोक्त संपत्ति पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा बंधक प्रस्तावित है ! उपरोक्त संपत्ति के स्वामित्व सम्बंधित मूल दस्तावेज़ त्याग विलेख दिनांक 29.04.2017 क्रमांक संख्या 2457 कही खो गए है ! इस सन्दर्भ में दिल्ली पुलिस को सुचना दिनांक 14.01.2023 को LR एप्लीकेशन नंबर 45098/2023 में दर्ज करवाई गई है। यदि मूल त्याग विलेख किसी भी व्यक्ति के कब्जे में पाया जाता है तो कृपया मूल संपत्ति दस्तावेजों के साथ हमे इस नोटिस की तारीख से 7 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें ! ऐसा न करने पर, उपरोक्त त्याग विलेख के अनुसार विषय संपत्ति के संबंध में दावा अमान्य माना जाएगा। **राघव तिवारी, अधिवक्ता**
**830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001**
**Mob.:+91-8076188328**

**PUBLIC NOTICE**

NOTICE is hereby given that **Girish Chander Bhardwaj, Vaibhav Bhardwaj and Vikas Bhardwaj** claims to be owner and in possession of **Flat No. 507 (SU), Type IV, Sector-37, Noida, UP (hereinafter called the said property)** after the death of said Sadhna Bhardwaj, being the only surviving legal heirs of late Sadhna Bhardwaj. Said late Sadhna Bhardwaj died on 05.11.2020 and **said Girish Chander Bhardwaj, Vaibhav Bhardwaj and Vikas Bhardwaj** has agreed to create a mortgage in favour of our clients, **IDFC FIRST BANK LTD , ITO Branch , New Delhi** All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, lien or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 10 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned and our client shall proceed with the disbursement of loan against the said property and subsequent creation of mortgage in respect thereof. **Vishal Diwan (Advocate)**
For Diwan and Company LLP (Advocates and Solicitors)
House No.2 (LGF), NRI Complex New Delhi – 19
Mobile No. 9818399999

# आगामी लोस चुनाव में क्षेत्रीय दलों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी : सेन

**भाषा।** कोलकाता

**नोबेल** पुरस्कार से सम्मानित अमर्त्य सेन ने कहा कि यह सोचना भूल होगी कि 2024 का लोकसभा चुनाव एकतरफा तरीके से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पक्ष में होगा। उन्होंने कहा कि आगामी आम चुनाव में क्षेत्रीय दलों की भूमिका साफ तौर पर महत्वपूर्ण होगी।

प्रसिद्ध अर्थशास्त्री ने यह भी कहा कि तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी में भारत का अगला प्रधानमंत्री बनने का माद्दा है, लेकिन अभी यह स्थापित नहीं हुआ है कि क्या पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री में भाजपा के प्रति जनता की निराशा की ताकतों को खींचने की क्षमता है। सेन (90) ने यहां पीटीआई-भाषा को दिए विशेष साक्षात्कार में कहा, मुझे लगता है कि क्षेत्रीय दलों की भूमिका स्पष्ट रूप से महत्वपूर्ण है। मुझे लगता है कि द्रमुक एक महत्वपूर्ण दल है, टीएमसी निश्चित तौर पर महत्वपूर्ण है और समाजवादी पार्टी का भी कुछ प्रभाव है, लेकिन क्या इसे बढ़ाया जा सकता है, यह मुझे नहीं मालूम। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह मानने से इनकार करना एक भूल होगी कि कोई अन्य पार्टी भाजपा का स्थान नहीं ले सकती है, क्योंकि उसने खुद को ऐसी पार्टी के रूप में स्थापित किया है, जिसका शेष देश के मुकाबले हिंदुओं के प्रति झुकाव है।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और जनता दल (यूनाइटेड) समेत कई दलों के नेताओं ने 2024 में लोकसभा चुनावों के लिए कांग्रेस को शामिल करते हुए नया गठबंधन बनाने का आह्वान किया है। उन्होंने जोर दिया है कि द्विध्रुवीय मुकाबले से भाजपा की हार सुनिश्चित होगी। सेन ने कहा, भाजपा ने भारत के दृष्टिकोण को काफी हद तक कम किया है। उसने महज हिंदू भारत और हिंदी भाषी भारत की विचारधारा को काफी मजबूती से उठाकर भारत की समझ को संकीर्ण कर दिया है। अगर आज भारत में भाजपा का कोई विकल्प नहीं पेश किया जाता है, तो यह दुख की बात होगी। उन्होंने कहा, अगर भाजपा मजबूत और शक्तिशाली लगती है, तो उसकी कमजोरियां भी हैं। मुझे लगता



है कि अन्य राजनीतिक दल अगर वाकई कोशिश करें, तो एक चर्चा शुरू कर सकते हैं। यह पूछने पर कि क्या बनर्जी देश की अगली प्रधानमंत्री हो सकती हैं, इस पर सेन ने कहा कि उनमें क्षमता है। उन्होंने कहा, ऐसा नहीं है कि उनमें ऐसा करने की क्षमता नहीं है। उनमें साफ तौर पर क्षमता है। दूसरी तरफ, अभी तक यह स्थापित नहीं हुआ है कि ममता एकीकृत तरीके से भाजपा के खिलाफ जनता की निराशा की ताकतों को खींच सकती हैं। सेन ने 2024 का लोकसभा चुनाव जीतने की कांग्रेस की क्षमता पर संदेह जताया। उन्हें लगता है कि कांग्रेस कमजोर हो गई है। हालांकि, उन्होंने कहा कि वह इकलौती पार्टी है, जो अखिल भारतीय दृष्टिकोण दे सकती है। उन्होंने कहा, ऐसा लगता है कि कांग्रेस काफी कमजोर हो गई है और मुझे नहीं पता कि कोई कांग्रेस पर कितना निर्भर रह सकता है। वहीं, दूसरी ओर कांग्रेस निश्चित तौर पर अखिल भारतीय दृष्टिकोण देती है, जो कोई दूसरी पार्टी नहीं कर सकती। लेकिन, कांग्रेस के भीतर विभाजन है।

## जद (एस) आगामी कर्नाटक विधानसभा चुनाव में बहुमत हासिल करेगी: कुमारस्वामी

**भाषा।** बेंगलुरु

**आगामी** कर्नाटक विधानसभा चुनाव में खंडित जनादेश की आशंकाओं को खारिज करते हुए जनता दल -सेक्युलर नेता एच डी कुमारस्वामी ने शनिवार को भरोसा जताया कि चुनाव में उनकी पार्टी पारंपरिक रूप से गढ़ रहे पुराने मैसुरु से परे विस्तार करेगी और अपने बूते राज्य में सरकार बनाएगी।

पूर्व मुख्यमंत्री ने यह भी दावा किया कि राज्य में उनकी पार्टी के पक्ष में लहर है, खासतौर पर ग्रामीण इलाकों में और लोग कह रहे हैं कि इस बार कुमार अन्ना। उल्लेखनीय है कि कुमारस्वामी के समर्थक उन्हें कुमार अन्ना के रूप में जानते हैं। उन्होंने कहा कि संभावित तौर पर इस साल मई महीने में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए उनकी पार्टी ने पहले ही 93 प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी है और 50-60 प्रत्याशियों की दूसरी सूची करीब 10 दिनों में जारी कर दी जाएगी। कुमारस्वामी ने कहा, मेरा विचार है कि इस बार स्पष्ट बहुमत से सरकार बनेगी। मुझे इसका भरोसा है। मैं ऐसा कह रहा हूं क्योंकि मैं लोगों की नब्ज समझने में सक्षम हूं। पहले कहा जाता था कि जद(एस) पुराने



मैसुरु इलाके की कुछ सीटों तक सीमित है। आज वह उन सीमाओं से परे बढ़ रही है। मुझे भरोसा है कि हम उस लक्ष्य तक पहुंचेंगे जिसे हमने तय किया है। बेंगलुरु प्रेस क्लब में मीडिया से संवाद करते हुए कुमारस्वामी ने कहा कि खंडित जनादेश का सवाल ही नहीं है और उनकी पार्टी 224 सदस्यीय विधानसभा में 123 सीटों पर जीत दर्ज करने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है और हम इसको (लक्ष्य को) हासिल करेंगे। उन्होंने कहा, लोगों की भावना राष्ट्रीय पार्टियों के खिलाफ है और वे क्षेत्रीय पार्टी को मौका देना चाहते हैं। भले (प्रधानमंत्री नरेंद्र) मोदी और (केंद्रीय गृहमंत्री अमित) शाह सौ बार आ जाए कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए राह मुश्किल होगी क्योंकि उसकी सरकार ने यहां खराब प्रदर्शन किया है। कुमारस्वामी ने कहा कि भाजपा प्रधानमंत्री मोदी के नाम पर मत चाहती है जबकि कांग्रेस भारत जोड़ो यात्रा का हवाला दे रही है लेकिन जद(एस) एकमात्र पार्टी है जो अपने कार्यक्रमों के आधार पर जनसमर्थन मांग रही है। फिलहाल किसी दल से गठबंधन करने से इनकार करते हुए कुमारस्वामी ने कहा कि आने वाले दिनों में अगर समान विचार वाली पार्टियां आगे आती हैं तो उनकी पार्टी उसपर विचार करने को तैयार है। कांग्रेस और भाजपा द्वारा उनकी पार्टी को एक दूसरे की बी टीम कहे जाने पर पलटवार करते हुए कुमारस्वामी ने कहा कि जद(एस) राज्य के साढ़े छह करोड़ लोगों की टीम है। उन्होंने दोनों विरोधी दलों से सवाल किया कि वे किसकी टीम हैं। कुमारस्वामी ने कहा, इस बार उनके (भाजपा और कांग्रेस) दुष्प्रचार अभियान के बावजूद लोगों ने उनपर गौर नहीं करने का फैसला कर लिया है। गांवों में इस बार कुमार अन्ना की लहर है। उन्होंने चुनाव से पहले जद(एस) की ओर से की जा रही पंचरत्न रथ यात्रा को भी रेखांकित किया। इस यात्रा के दौरान राज्य के लोगों को जद(एस) के पांच कार्यक्रमों की जानकारी दी जा रही है।

## पहले हम आंदोलन करते थे, अब हम रोजगार मेले आयोजित करते हैं: आदित्य

**भाषा।** ठाणे

**शिवसेना** (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता आदित्य ठाकरे ने शनिवार को कहा कि किसी समय धरती पुत्र के तौर पर अपनी आक्रामक राजनीति के लिए जानी जाने वाली उनकी पार्टी में महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे ने यहां अपने पिता उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले धड़े द्वारा आयोजित रोजगार मेले में कहा, धरती पुत्रों के अधिकारों के लिए आंदोलन करने वाली शिवसेना में बड़ा बदलाव आया है... अब हम धरती पुत्रों, खासकर युवाओं की



समस्याओं, के समाधान के लिए रोजगार मेले आयोजित करते हैं। वरली से विधायक आदित्य (32) ने कहा कि एक नई एवं मजबूत शिवसेना का निर्माण हो रहा है, क्योंकि युवा इसके साथ जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली बालासाहेबांची शिवसेना की गठबंधन सरकार ने महाराष्ट्र के लिए कुछ नहीं किया और इसने केवल लोगों को बांटने का काम किया है।

आदित्य ठाकरे ने दावा किया कि गद्दारों की सरकार आगामी दो महीने में गिर जाएगी। उन्होंने कहा, जिन्होंने हमें छोड़ा, वे गद्दार हैं और जो हमारे साथ बने रहे, वे असली शिव सैनिक हैं। शिंदे की बगावत के कारण जून 2022 में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास आघाड़ी सरकार गिर गई थी। इसके बाद शिंदे ने भाजपा के साथ गठबंधन करके सरकार का गठन किया था। उन्होंने कहा कि राज्य से बाहर जा रहे उद्योगों और बढ़ती बेरोजगारी पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय सरकार राजनीतिक हिसाब चुकता करने में लगी है। विपक्ष ने मेगा औद्योगिक परियोजनाएं वेदांता-फॉक्सकॉन और टाटा-एयरबस पिछले साल महाराष्ट्र के बजाय गुजरात को मिलने पर शिंदे सरकार की आलोचना की थी। आदित्य ठाकरे ने कहा कि विधानमंडल के दो सत्रों के बाद भी शिंदे मंत्रिमंडल में एक भी महिला को शामिल नहीं किया गया है।



हैदराबाद में 'भोगी' उत्सव समारोह के दौरान अलाव के आसपास नृत्य करते लोग

## सुरक्षा एजेंसियों ने जम्मू-कश्मीर में प्रभावी ढंग से हिंसा को नियंत्रित किया: कमांडर

**जम्मू (भाषा)।** सुरक्षा एजेंसियों ने जम्मू-कश्मीर में हिंसा को प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया है और छद्म युद्ध के जरिए अपने राजनीतिक लक्ष्यों को पूरा करने की कोशिश करने वालों को करारा जवाब दे रही हैं। सेना के एक शीर्ष कमांडर ने शनिवार को यह जानकारी दी। राजौरी में पूर्व सैनिक दिवस के मौके पर आयोजित एक रैली में उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ , लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने यह भी घोषणा की कि सेना कल्याण आवास संगठन (एडब्ल्यूएचओ) के शासी मंडल ने पूर्व सैनिकों के लिए एक आवास परियोजना को मंजूरी दे दी है और उनसे इसे सफल बनाने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा, राजौरी वीरों की भूमि है और उसने पड़ोसी देश की साजिशों और नापाक मंसूबों को कभी सफल नहीं होने दिया। सुरक्षा एजेंसियों ने प्रभावी ढंग से हिंसा को नियंत्रित किया है और उन लोगों को करारा जवाब दिया जा रहा है, जो इस छद्म युद्ध के सहारे अपने राजनीतिक लक्ष्यों को पूरा करने की कोशिश कर रहे हैं। लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी ने राजौरी में पूर्व सैनिक दिवस रैली के लिए प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य केंद्र शासित प्रदेश में रह रहे पूर्व सैनिकों की समस्याओं का पता लगाना और प्रशासन की मदद से जल्द से जल्द उनका समाधान करना है।

## कोई कुछ भी कहे, मैं अपना काम जारी रखूंगा: थरूर

**भाषा।** कन्नूर (केरल)

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने शनिवार को कहा कि कोई कुछ भी कहे लेकिन वह पहले की तरह अपना काम जारी रखेंगे और लोगों से मुलाकात करते रहेंगे। थरूर की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब कांग्रेस के कई नेताओं ने एक दिन पहले उन पर राज्य की राजनीति की ओर ध्यान केंद्रित करने के उनके कदम को लेकर निशाना साधा था।

तिरुवनंतपुरम से सांसद थरूर ने कहा कि वह राज्य भर के कार्यक्रमों में भाग लेते हैं क्योंकि उन्हें विभिन्न हलकों से बहुत सारे निमंत्रण मिलते हैं और इसमें कुछ भी खास नहीं है क्योंकि अन्य नेता भी ऐसा ही कर रहे हैं। कांग्रेस के कुछ नेताओं द्वारा उनका नाम लिए बिना दिए बयानों के बारे में पूछे जाने पर थरूर ने यहां संवाददाताओं से कहा, कोई कुछ भी कहता रहे...मैं अपना काम कर रहा हूं...कोई कुछ भी कहे, मुझे कोई दिक्कत नहीं है। उन्होंने कहा कि वह अभी वही कर रहे हैं जो वह पिछले 14 वर्षों से कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब भी उन्हें लोगों से निमंत्रण मिलता है, तो वह कार्यक्रमों का चयन करते हैं और अपनी सुविधा के अनुसार उनमें शामिल होते हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रमेश चेन्निथला उन व्यक्तियों में शामिल थे, जिन्होंने शुक्रवार को तिरुवनंतपुरम में



पार्टी के एक कार्यक्रम में भाग लेने के दौरान थरूर पर परोक्ष रूप से निशाना साधा था। वर्ष 2026 में होने वाले अगले राज्य विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के मुख्यमंत्री पद की उम्मीदवारी के संबंध में थरूर के कथित बयान पर कटाक्ष करते हुए, चेन्निथला ने कहा था, यदि किसी ने मुख्यमंत्री पद के लिए एक कोट सिलवा लिया है, तो उन्हें इसे पीछे छोड़कर आगामी संसदीय चुनावों में पार्टी की सफलता के लिए काम करने को लेकर तैयार रहना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि किसी को भी यह दावा नहीं करना चाहिए कि वे अगले चार वर्षों में किस पद पर रहेंगे। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने पार्टी नेताओं द्वारा अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं का सार्वजनिक रूप से खुलासा करने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा था कि हर चीज पर चर्चा पार्टी के मंचों पर की जानी चाहिए।

# गुजरात में उत्साह से मना उत्तरायण त्योहार

### ● अमित शाह, मुख्यमंत्री पटेल ने भी उड़ाई पतंग

**भाषा।** अहमदाबाद

**गुजरात** में शनिवार को उत्तरायण उत्सव के मौके पर पतंग उड़ाने के लिए बड़ी संख्या में लोग अपने घर की छतों और खुले मैदानों में उमड़ पड़े। केंद्रीय मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी अपने परिवार के साथ इस उत्सव में शामिल हुए।

इस मौके पर आसमान रंग-बिरंगी पतंगों से भर गया और लोगों ने संगीत सुनते हुए फाफड़ा-जलेबी, उंधियू और चिक्की जैसे व्यंजनों का आनंद लिया। दो साल कोविड-19 महामारी के कारण उत्सव नहीं मनाया गया था, लेकिन इस बार यह उत्सव कोरोना की वजह से प्रभावित नहीं हुआ है। इस बीच, मांझे से घायल होने या पतंग उड़ाते समय उंचाई से गिरने की कई घटनाएं भी सामने आई हैं। पुलिस ने बताया कि मेहसाणा



जिले के विसनगर शहर में तीन साल की बच्ची की तथाकथित चीनी मांझे से गला कटने से मौत हो गई।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने अहमदाबाद के वेजलपुर इलाके में अपने परिवार, मित्रों तथा पार्टी नेताओं के साथ यह त्योहार मनाया। उन्होंने अपने परिवार के सदस्यों के साथ यहां जगन्नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। बाद में वह और उनकी पत्नी वेजलपुर की एक आवासीय सोसाइटी गए जहां उन्होंने स्थानीय भाजपा नेताओं और समर्थकों के साथ एक इमारत की छत पर पतंग उड़ाई। मुख्यमंत्री पटेल दरियापुर इलाके में गए और अपने पुराने दोस्तों तथा भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। उन्होंने वहां एक इमारत की छत से पतंग भी उड़ाई। गुजरात के गृह राज्यमंत्री हर्ष सांघवी ने अपने गृहनगर सूरत में परिवार और दोस्तों के साथ पतंग उड़ाते हुए यह त्योहार मनाया। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, शाह, मुख्यमंत्री पटेल और गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने लोगों को बधाई दी।

## राजस्थान में कड़ाके की ठंड, फतेहपुर में तापमान शून्य से 3.5 डिग्री नीचे पहुंचा

**जयपुर (भाषा)।** मकर संक्रांति पर राजस्थान कड़ाके की ठंड की चपेट में है, जहां शुक्रवार रात को फतेहपुर में न्यूनतम तापमान शून्य से 3.5 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग के अनुसार बीते चौबीस घंटे में राज्य में तापमान में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। इस दौरान फतेहपुर सीकर में न्यूनतम तापमान शून्य से 3.5 डिग्री सेल्सियस नीचे, चूरू में शून्य से 0.7 डिग्री सेल्सियस नीचे और बीकानेर में 1.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। इसी तरह, संगरिया में 2.5 डिग्री, पिलानी में 2.9 डिग्री, सीकर में 3.5 डिग्री, जैसलमेर में 3.9 डिग्री एवं गंगानगर में 4.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तरी हवाओं के प्रभाव से शनिवार से राज्य के अधिकतर इलाकों में एक बार फिर न्यूनतम तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होगी व शीतलहर का दौर शुरू होगा। रविवार से शीतलहर की तीव्रता में बढ़ोतरी होने की संभावना है। 15 से 17 जनवरी के दौरान बीकानेर, जयपुर, अजमेर, जोधपुर व भरतपुर संभाग के अधिकतर इलाकों में कहीं शीतलहर तो कहीं तीव्र शीतलहर चलने की प्रबल संभावना है।

## बर्फ से ढके शिमला में पर्यटकों की संख्या बढ़ी

### ● होटलों के 70 प्रतिशत कमरे भरे

**शिमला (भाषा)।** हिमाचल प्रदेश में हुए ताजा हिमपात के बाद शिमला, मनाली और कुफ्री में आने वाले पर्यटकों की संख्या बढ़ गई है और होटलों के कम से कम 70 प्रतिशत कमरे भर चुके हैं। शुक्रवार को रात आठ बजे समाप्त हुए 12 घंटे की अवधि के दौरान 7,164 वाहन शोघी सीमा के रास्ते शिमला में दाखिल हुए। शिमला होटल और रेस्त्रा संघ के उपाध्यक्ष प्रिंस कुकरेजा ने बताया कि शाम तक होटलों के कमरों की बुकिंग में 10 प्रतिशत और वृद्धि की संभावना है। पुलिस ने पर्यटकों को शिमला आने की योजना बनाने से पहले भारी यातायात को ध्यान में रखने, फिसलने वाले स्थानों पर सावधानीपूर्वक वाहन चलाने और आपात स्थिति में 0177-2812344 या 112 पर संपर्क करने की सलाह दी है।

पुलिस ने कहा कि बारिश के बाद सड़कों पर जमा मलबे की वजह से पैदल चलने वालों को परेशानी हो सकती है और लोग बर्फ हटाने के बाद ही बाहर निकले। उल्लेखनीय है कि मनाली में 23 सेंटीमीटर हिमपात हुआ है जबकि खाद्राला में 16 सेमी, शिल्लारु में 16 सेमी, कुफरी में 12 सेमी, भरमौर में 10 सेमी, शिमला और गोंडाला में छह-छह सेंटीमीटर,डलहौजी और कल्पा में चार-चार सेंटीमीटर और हंसा-केयलान्ग में तीन-तीन सेंटीमीटर हिमपात हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र का पूर्वानुमान है कि अगले चार दिनों तक शुष्क मौसम रह सकता है और निचले पहाड़ी इलाके 14 से 17 जनवरी के बीच घने कोहरे और शीतलहर की चपेट में रह सकते हैं। दिल्ली से आए पर्यटक शेखर ने बताया कि आज सुबह हिमपात देखकर हम उत्साहित हैं और कुफ्री की ओर जा रहे हैं। हिमपात की वजह से लाहौल स्पीति की 177, शिमला की 21, चंबा की 14, किन्नौर की 11, मंडी-मनाली की 10-10, कांगड़ा की दो और चार राष्ट्रीय राजमार्ग सहित करीब 250 सड़के वाहनों के लिए बंद हैं और करीब 623 बिजली ट्रांसफार्मर से आपूर्ति बाधित हो गई है। लाहौल स्पीति का आदिवासी बहुल केयलान्ग राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा जहां पर शुक्रवार की रात तापमान शून्य से 7.9 डिग्री नीचे दर्ज किया गया जबकि कल्पा दूसरा ठंडा स्थान रहा जहां पर तापमान शून्य से 2.6 डिग्री कम रहा। इस बीच पर्यटकों स्थलों नरकंडा में तापमान शून्य से 2.5 डिग्री नीचे दर्ज किया गया। कुफरी और मनाली में भी न्यूनतमत तापमान शून्य से क्रमश: 0.8 डिग्री और 0.2 डिग्री कम दर्ज किया गया। कृषि विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि हिमपात और बारिश के साथ ही शुष्क दौर का समापन हुआ है और जनवरी महीने में बारिश की कमी घटकर 68 प्रतिशत रह गई है। उन्होंने बताया कि बारिश जारी रहने से गेंहू और सब्जियों का नुकसान घटकर क्रमश: 20 से 25 प्रतिशत और 10 से 15 प्रतिशत क्षेत्रों में रह जाएगा।

## राजनाथ सिंह ने शौर्य स्थल का किया उद्घाटन



**देहरादून (भाषा)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को यहां चीर बाग में उत्तराखंड के शहीद जवानों को समर्पित युद्ध स्मारक शौर्य स्थल का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान के साथ रक्षा मंत्री ने राष्ट्र की सेवा में शहीद हुए राज्य के वीर सैनिकों को युद्ध स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर परियोजना की शुरुआत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले पूर्व राज्यसभा सदस्य तरुण विजय, और टिहरी से सांसद राज्य लक्ष्मी शाह तथा कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी भी उपस्थित थे। युद्ध स्मारक में सात स्तंभ हैं जिन पर उत्तराखंड के 1,400 शहीदों के नाम अंकित हैं।

भूतपूर्व सैनिक दिवस के अवसर पर सशस्त्र बलों, पूर्व सैनिकों और युद्ध विधवाओं को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि देश की सीमाएं सुरक्षित हैं तथा राष्ट्र आज उनकी वजह से गर्व के साथ खड़ा हो सकता है। सिंह ने कहा, "देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में आपका योगदान बहुत बड़ा है। हम आज आपकी वजह से गर्व के साथ खड़े हो सकते हैं। आपकी वीरता की प्रशंसा के लिए शब्द पर्याप्त नहीं हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि वह उनके कल्याण के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में बात नहीं करना चाहते क्योंकि यह सरकार का सबसे महत्वपूर्ण कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि पूरा देश युद्ध नायकों के प्रति आभार व्यक्त करता है।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद यादव का मप्र में गांव में अंतिम संस्कार

**भोपाल (भाषा)।** वरिष्ठ समाजवादी नेता और जनता दल (यूनाइटेड) के पूर्व अध्यक्ष शरद यादव का शनिवार को मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम जिले के उनके पैतृक गांव में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। पूर्व केंद्रीय मंत्री का अंतिम संस्कार शाम करीब पांच बजे पुत्र शांतनु बुंदेला और पुत्री सुभाषिनी ने उनके पैतृक गांव अंखमऊ में किया। यादव का बृहस्पतिवार को 75 साल की उम्र में गुरुग्राम के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया था। इससे पहले दिन में यादव का पार्थिव शरीर चार्टर्ड विमान से दिल्ली से भोपाल पहुंचा। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा और अन्य ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। यादव के पार्थिव शरीर को भोपाल से सड़क मार्ग से लगभग 100 किलोमीटर दूर अंखमऊले जाया गया। दिग्विजय सिंह पार्थिव शरीर के साथ भोपाल हवाई अड्डे से अंखमऊ गांव गए। दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि देने के लिए आसपास के इलाकों से बड़ी संख्या में लोग अंखमऊ गांव पहुंचे। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री चौहान ने भोपाल हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि यादव उनके पड़ोसी थे क्योंकि उनके गांव नर्मदा नदी के दोनों ओर स्थित थे। चौहान ने कहा, यादव जयप्रकाश आंदोलन के प्रमुख स्तंभ थे। वे बचपन से ही अन्याय के खिलाफ लड़ते रहे। विद्यार्थी जीवन में ही राष्ट्रीय आन्दोलन से जुड़ गए।

## भारतीय सशस्त्र बल दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बलों में से एक हैं: सेना प्रमुख

### ● भूतपूर्व दिवंगत सैनिकों को दी गई श्रद्धांजलि

**भाषा।** नई दिल्ली

**सेना** प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने शनिवार को कहा कि भारतीय सशस्त्र बल अत्यधिक पेशेवर हैं और दुनिया में उनकी गिनती सर्वश्रेष्ठ बलों में की जाती है। जनरल मनोज पांडे ने कहा कि भूतपूर्व सैनिकों के अदम्य साहस और उनके बलिदान के कारण भारतीय सशस्त्र बल दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बलों में शुमार हैं।

जनरल मनोज पांडे ने यहां सातवें सशस्त्र बल भूतपूर्व सैनिक दिवस कार्यक्रम के अवसर पर भूतपूर्व सैनिकों को संबोधित करते हुए कहा कि भूतपूर्व सैनिकों के योगदान से प्रेरित होकर, सशस्त्र बलों के तीनों अंग किसी भी चुनौती का मजबूती से सामना करने के लिए तैयार हैं। यहां मानेकशॉ सेंटर में आयोजित समारोह के दौरान सेना प्रमुख के साथ वायुसेना



प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी और नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने भी मंच साझा किया। समारोह स्थल पर सेना के तीनों अंगों के बड़ी संख्या में भूतपूर्व सैनिक भी मौजूद थे। जनरल पांडे ने कहा, आज हमारे सशस्त्र बलों की गिनती दुनिया के सर्वश्रेष्ठ और अत्यधिक पेशेवर बलों में होती है। यह पहचान (सेनाओं की) आपके बलिदान, अदम्य साहस और कठिन परिश्रम का परिणाम है। इससे प्रेरित होकर, सशस्त्र सेना के तीनों अंग किसी भी चुनौती का मजबूती से सामना करने के लिए तैयार हैं। नौसेना प्रमुख ने अपने संबोधन में कहा, आज के सशस्त्र बल हमारे प्रत्एक भूतपूर्व सैनिक के प्रयासों, दूरदर्शी नेतृत्व, आकांक्षाओं और नि:स्वार्थ प्रयासों का परिणाम हैं। एडमिरल कुमार ने कहा, यहां उपस्थित होना और आप सभी के साथ बातचीत करना मेरे लिए सम्मान की बात है। आज का दिन हमारे उन बहादुर योद्धाओं को याद करने और उन्हें श्रद्धांजलि देने का भी अवसर है, जिन्होंने अपना जीवन राष्ट्र के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि नौसेना सभी को आश्वस्त करना चाहती है कि वह भूतपूर्व सैनिकों की विरासत को आगे बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। नौसेना प्रमुख ने कहा कि भारत के पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत, विध्वंसक आईएनएस मोरमुगाओ और कई अन्य उन्नत प्लेटफॉर्म को सेवा में शामिल करना उस दिशा में एक छोटा सा कदम है। उन्होंने कहा, हमने अग्निवीरों के पहले बैच को भी शामिल किया है, जिसमें महिलाएं भी शामिल हैं और यह एक साहसिक, परिवर्तनकारी कदम है और जो नौसेना को भविष्य के लिहाज से तैयार करने योगदान देगा। वायुसेना प्रमुख ने इस अवसर पर भूतपूर्व सैनिकों को बधाई भी दी। उन्होंने कहा, भारतीय वायुसेना ने आज इस क्षेत्र में एक अजेय हवाई ताकत होने की प्रतिष्ठा बनाई है। यह हमारे भूतपूर्व सैनिकों की दृष्टि, कड़ी मेहनत और नि:स्वार्थ

# दूसरी जीत के इरादे से उतरेगा भारत

## ● हॉकी विश्व कप का मुकाबला आज, इंग्लैंड को देगा चुनौती

**भाषा।** राउरकेला




**स्पेन पर** दबदबे भरी जीत से बेहतरीन तरीके से अपना अभियान शुरू करने वाली भारतीय टीम के सामने रविवार को यहां एफआईएच पुरूष हॉकी विश्व कप के दूसरे पूल मैच में इंग्लैंड की चुनौती होगी और वह इस कड़ी परीक्षा में खरा उतरने के लिए आत्मविश्वास से भरी होगी। भारत ने नए बिरसा मुंडा स्टेडियम में पूल डी के शुरूआती मैच में शुक्रवार को शानदार प्रदर्शन दिखाते हुए स्पेन को 2-0 से हरा दिया लेकिन इंग्लैंड की टीम भी उतनी ही चुनौतीपूर्ण होगी।

पहले दो क्वार्टर में भारत ने शानदार आक्रामक हॉकी खेली और स्थानीय खिलाड़ी अमित रोहिदास की मदद से पेनल्टी कॉर्नर में किए गोल से बढ़त बनाई और फिर हार्दिक सिंह की बदौलत इसे दोगुना किया। कप्तान हरमनप्रीत सिंह और उप कप्तान रोहिदास ने फिर बेहतरीन रक्षात्मक खेल दिखाया जिससे मुख्य कोच ग्राहम रीड काफी प्रभावित दिखे। हरमनप्रीत एंड कंपनी इंग्लैंड के खिलाफ एक और मजबूत रक्षात्मक प्रदर्शन करना चाहेगी। इंग्लैंड ने वेल्स के खिलाफ जीत में सभी चार क्वार्टर में गोल किए हैं। रीड ने कहा, पहला मैच जीतना अच्छा है। लेकिन डिफेंसिव प्रयास देखना सुखद था और हमने गेंद पर कब्जा बनाए रखा। बमुश्किल से कुछेक ही लोग थे जो अच्छा नहीं खेले। आपको विश्व कप में जीतने के लिए इसी चीज की जरूरत होती है। हम इसे अगले मैच में भी जारी रखेंगे। अनुभवी पीआर श्रीजेश और कृष्ण बहादुर पाठक भी भारतीय गोल के आगे बेहतरीन थे लेकिन इंग्लैंड के गोलकीपर ओलिवर पेने ने भी वेल्स के खिलाफ काफी प्रयासों को विफल किया, विशेषकर अंतिम क्वार्टर में। भारतीयों की एकमात्र कमजोरी पेनल्टी कॉर्नर थी क्योंकि स्पेन के खिलाफ पांच में से वे किसी एक को भी सीधे गोल में तब्दील नहीं कर सके। हाल के वर्षों में लगभग प्रत्एक टूर्नामेंट में टीम के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और शीर्ष स्कोरर रहे हरमनप्रीत हालांकि पेनल्टी स्ट्रोक चूकने के अलावा पेनल्टी कॉर्नर से भी गेंद को लक्ष्य तक नहीं पहुंचा सके। उन्होंने इसे स्वीकार किया और वह इंग्लैंड के खिलाफ इस प्रदर्शन की भरपाई करना चाहेंगे। इंग्लैंड के खिलाफ पेनल्टी कॉर्नर को गोल में नहीं बदल पाना भारत को भारी पड़ सकता है। भारतीय खिलाड़ियों को साथ ही सतर्क रहना होगा कि उन्हें रैफरी कोई कार्ड नहीं दिखा दे क्योंकि उन्हें स्पेन के खिलाफ अंतिम क्वार्टर में अभिषेक के बिना ही खेलना पड़ा था जिन्हें फाउल के लिए पीला कार्ड दिखाया गया था। इंग्लैंड के खिलाफ जीत महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे भारत क्वार्टरफाइनल के एक कदम करीब पहुंच जाएगा। मेजबान टीम अपने पूल में शीर्ष पर रहना चाहेगी और ग्रुप की निचली रैंकिंग की टीम वेल्स के खिलाफ निश्चित रूप से दबदबा बनाए रखेगी। इंग्लैंड विश्व रैंकिंग में भारत से एक स्थान ऊपर पांचवें स्थान पर है लेकिन दोनों टीमों के बीच प्रदर्शन में बीते वर्षों में ज्यादा अंतर नहीं रहा है। पिछले साल दोनों टीमों ने एक दूसरे के खिलाफ तीन मैच खेले थे। राष्ट्रमंडल खेलों में दोनों के बीच मैच 4-4 से ड्रा रहा था। एफआईएच प्रो लीग के पहले चरण में मैच 3-3 से ड्रा रहा और इसके बाद दूसरे मैच में भारत ने 4-3 से जीत दर्ज की। राष्ट्रमंडल खेल 2002 में 11 गोल से शीर्ष स्कोरर रहे निक बांडुराक ने वेल्स के खिलाफ गोल किया और बर्मिंघम में शानदार प्रदर्शन करने वाले फिल रोपर भी शानदार रहे। इंग्लैंड ने तीन मैदानी गोल किए जिसमें से तीसरा निकोस पार्क ने दागा। लियाम एंसेल ने पेनल्टी कॉर्नर से दो गोल किए। भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ 10 मैच जीते हैं जबकि इंग्लैंड की टीम सात मुकाबले ही जीत पाई है और चार मुकाबले ड्रा रहे हैं। स्पेन रविवार को पूल डी के एक अन्य मैच में वेल्स से भिड़ेगा। मैच भारतीय समयानुसार शाम सात बजे शुरू होगा।

### स्पेन से मुश्किल होगी इंग्लैंड की टीम : रीड

**राउरकेला।** मुख्य कोच ग्राहम रीड ने कहा कि इंग्लैंड की टीम स्पेन की तुलना में मुश्किल प्रतिद्वंद्वी होगी जिसे भारत ने एफआईएच विश्व कप के शुरूआती मैच में 2-0 से हराया था और घरेलू टीम रविवार को दूसरे ग्रुप मैच में कोई कमी नही छोड़ सकती। शुक्रवार को भारत की जीत में स्थानीय खिलाड़ी अमित रोहिदास और मिडफील्डर हार्दिक सिंह ने गोल दागे। पांचवी रैंकिंग की इंग्लैंड के खिलाफ जीत से भारत क्वार्टरफाइनल के एक कदम करीब पहुंच जाएगा क्योंकि पूल डी के अंतिम मैच में वेल्स को हराना मुश्किल नही होगा। रीड ने कहा, हम अगले मैच में इंग्लैंड के खिलाफ होंगे और यह मुकाबला मुश्किल होगा क्योंकि उनकी टीम हमसे ऊंची रैंकिंग पर है। हम जानते है कि राष्ट्रमंडल खेलों में इंग्लैंड की टीम कितनी मुश्किल होती है। रीड ने कहा, इसलिए हम (स्पेन के मैच के) इसी प्रदर्शन को जारी रखने की कोशिश करेंगे। हमने स्पेन के खिलाफ डिफेंस में काफी अच्छा प्रदर्शन किया, हमें इसे जारी रखना होगा। कप्तान हरमनप्रीत सिंह भी इससे सहमत थे कि इंग्लैंड की टीम काफी मजबूत होगी और घरेलू टीम को उन्हें हराने के लिए अपनी सर्वश्रेष्ठ हॉकी खेलनी होगी। हम एकबार में एक मैच पर ही ध्यान लगा रहे है। स्पेन के खिलाफ मैच हो चुका है और हमारा ध्यान इंग्लैंड पर है और हम इसके लिए योजना बना रहे है। हरमनप्रीत ने कहा, पेनल्टी कॉर्नर हासिल करना बहुत महत्वपूर्ण है और हम पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील कर बेहतर कर सकते है। हम इसमें बेहतर करने की उम्मीद लगाए है।

# गत चैंपियन बेल्जियम ने की जीत से शुरुआत, कोरिया हारा

## ● कोरिया को 5-0 से हराया : जर्मनी ने जापान को हराया

**भाषा।** भुवनेश्वर

**गत चैम्पियन** बेल्जियम ने एफआईएच पुरूष हॉकी विश्व कप के मैच में कोरिया को 5-0 से हराया जबकि दो बार की चैम्पियन जर्मनी ने एशियाई खेल चैम्पियन जापान को 3-0 से मात दी। कोरिया ने हाफटाइम तक बेल्जियम को गोल नहीं करने दिया लेकिन तीसरे क्वार्टर में बेल्जियम ने दो और चौथे क्वार्टर में तीन गोल किए। उसके लिए पांच अलग अलग खिलाड़ियों ने गोल किए। हेनड्रिक्स अलेक्जेंडर ने तीसरे क्वार्टर के पहले मिनट में गोल दागा जबकि कोसिंस टैंगाय ने 42वें मिनट में गोल किया। आखिरी क्वार्टर में वान ओबेल फ्लोरेंट ने 49वें, डॉकिएर सेबेस्टियन ने 51वें और डे स्लूवेर आर्थर ने 57 वें मिनट में गोल दागे। दूसरे मैच में जर्मनी के लिए ग्रामबुश मैट्स ने 35वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किया जबकि रूर क्रिस्टोफर ने पांच मिनट बाद फील्ड गोल दागा। प्रिंज थीस ने 48वें मिनट में तीसरा गोल किया।



### विश्व कप हॉकी : नीदरलैंड, न्यूजीलैंड की पूल सी में जीत के साथ शुरुआत



**राउरकेला।** तीन बार की चैम्पियन नीदरलैंड ने एफआईएच पुरूष हॉकी विश्व कप में अपने अभियान का जीत के साथ आगाज करते हुए शनिवार को मलेशिया को 3-0 से हराया जबकि न्यूजीलैंड ने चिली पर 3- से जीत दर्ज की। पूल सी के पहले मैच में न्यूजीलैंड के लिए सैम हिहा ने पहले दो क्वार्टर में दो फील्ड गोल (11वां और 18वां मिनट) दागे जबकि सैम लेन ने नौवे मिनट में पहला गोल किया था। चिली के लिए एकमात्र गोल इग्नासियो कोंटार्डो ने 49वें मिनट में किया। दूसरे मैच में टी वान डैम ने 19वें मिनट में गोल करके दुनिया की तीसरे नंबर की टीम नीदरलैंड को बढत दिलाई। तीन बार की विश्व कप विजेता नीदरलैंड के लिए जिप जांसेन ने चार मिनट बार पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल किया। तेउन बेंस ने 46वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके स्कोर 3-0 कर दिया। नीदरलैंड बेहतर गोल औसत के आधार पर पूल में शीर्ष पर है जबकि न्यूजीलैंड दूसरे स्थान पर है। अगले पूल मैच में सोमवार को नीदरलैंड का सामना न्यूजीलैंड से और मलेशिया का चिली से होगा।

### बेंचिच ने फाइनल में कासात्किना को हराया

**एडीलेड।** बेलिंडा बेंचिच ने एडीलेड इंटरनेशनल फाइनल में डारिया कासात्किना को 6-0, 6-2 से हराकर डब्ल्यूटीए टूर पर अपना छठा खिताब जीता। 13वीं रैंकिंग वाली बेंचिच को यह मुकाबला जीतने में एक घंटा भी नही लगा। नए कोच दमित्रि तुर्सुनोव के साथ यह उनका पहला खिताब है। पुरूष फाइनल में दक्षिण कोरिया के सूनवू वोन ने रॉबर्टो बतिस्ता एगुट को 6-4, 3-6, 7-6 से मात दी।

### राउंडग्लास पंजाब एफसी ने केंकरे एफसी को रौंदा

**पंचकूला।** राउंडग्लास पंजाब ने आई लीग फुटबॉल के मैच में केंकरे एफसी को शनिवार को 3-0 से हरा दिया। पंजाब की टीम के लिए जुआन मेरा ने दो और लुका मासेन ने एक गोल किया। इस जीत से पंजाब की टीम तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है और घरेलू मैदान पर उसका अपराजेय रिकॉर्ड बरकरार रहा।

### चीमा, पलक ने अंतिम दिन ग्रुप ए ट्रायल जीते

**नई दिल्ली।** पंजाब के अर्जुन सिंह चीमा और हरियाणा की पलक शनिवार को यहां डा. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में ग्रुप ए निशानेबाजों के लिए राष्ट्रीय निशानेबाजी ट्रायल्स के अंतिम दिन विजेता रहे। अर्जुन ने सेना के निशानेबाज धर्मेंद्र सिंह गहरवार को पुरूषों की 10 मीटर एयर पिस्टर टी2 स्पर्धा के फाइनल में 16-6 से पराजित किया। वहीं इसी स्पर्धा के महिला वर्ग में पलक ने अपने ही राज्य की रिदम सांगवान को करीबी स्वर्ण पदक मैच में 16-12 से शिकस्त दी।

### कोर्नेजो ने जीता डकार रैली 2023 का 12वां चरण

**रियाद।** मोंस्टर एनर्जी होंडा टीम के राइडर जोसे इग्नासियो कोर्नेजो यहां डकार रैली 2023 के 12वें चरण के विजेता रहे। चिली के कोर्नेजो 12वें चरण में डेनियल सैंडर्स से 49 सेकेंड आगे रहे। वह 185 किमी लंबी रैली में टोबी प्राइस से एक मिनट 48 सेकेंड आगे रहे। पाब्लो क्विंटानिला उनसे तीन मिनट छह सेकेंड पीछे सातवें स्थान पर रहे। हीरो मोटरस्पोर्ट्स टीम के इवान ब्रांच रॉस 10वें स्थान पर रहे। अब 13वां चरण 520 किमी का होगा।

### सर्फिंग खेलों के लिए पहले भारतीय दल का ऐलान

**मेंगलुरू।** भारतीय सर्फिंग महासंघ ने ऐलान किया है कि अल सल्वाडोर में 30 मई से सात जून तक होने वाले आईएसए विश्व सर्फिंग खेल 2023 में पहली बार भारतीय सर्फ टीम भाग लेगी। तीन चरण की ट्रायल प्रक्रिया के बाद तमिलनाडु के अजीश अली, संजय सेल्वामणि और शिवराज बाबू और कर्नाटक के रमेश बुदिहाल को भारतीय टीम में चुना गया है। महासंघ द्वारा यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार यह टूर्नामेंट पेरिस ओलंपिक 2024 का क्वालीफायर भी है जिसमें सर्फिंग दूसरी बार खेलों का हिस्सा होगा।

### टेस्ट करियर पर फैसला करने का विचार कर रहे जंपा

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर एडम जंपा अगले महीने भारत में शुरू हो रही चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए अनदेखी किए जाने के बाद काफी निराश है और उन्हें लगता है कि उन्हें लाल गेंद के करियर में सुधार के बजाय अन्य प्रारूपों पर ध्यान लगाना चाहिए। जंपा ने क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से कहा, मैं बहुत निराश हूं, मैं इस दौरे के लिए टीम में होना पसंद करता। मुझे लगा कि मैं जिस तरह से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बढ़ रहा हूं, यह (विशेषकर) मेरे लिए टेस्ट क्रिकेट का शानदार मौका होता।

# गेंदबाजी विकल्प आजमा सकती है भारतीय टीम

## ● अंतिम वनडे आज :श्रृंखला जीत चुका है भारत, श्रीलंका भी तैयार

**भाषा।** तिरूवनंतपुरम




**भारतीय टीम** की निगाहें रविवार को यहां श्रीलंका के खिलाफ तीसरे और अंतिम वनडे में जीत से श्रृंखला क्लीन स्वीप करने पर लगी है जिससे कप्तान रोहित शर्मा बल्लेबाजी लाइन-अप में कोई छेड़छाड़ नहीं करना चाहेंगे लेकिन वह गेंदबाजी विकल्पों को आजमाने की कोशिश कर सकते हैं। भारत ने गुवाहाटी में आसान जीत के बाद कोलकाता में शीर्ष क्रम के चरमराने के बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए जीत दर्ज कर श्रृंखला में अजेय बढ़त बनाई। अब खिलाड़ी दौरे के अंतिम मैच में भी इसी प्रदर्शन को जारी रखना चाहेंगे। टीम इस मैच के बाद 72 घंटे से भी कम समय में बेहतर प्रतिद्वंद्वी न्यूजीलैंड से भिड़ेगी और श्रीलंका के खिलाफ इस श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप से खिलाड़ी आगामी सीरीज के लिए आत्मविश्वास से भरे होंगे। कार्यभार प्रबंधन के भले ही अपने फायदे हो लेकिन इसकी कुछ खामियां भी हैं जैसे खिलाड़ी को बीच बीच में आराम देने से वह लय नहीं हासिल कर पाता। हो सकता है यही कारण हो कि भारतीय कप्तान अंतिम मैच में शीर्ष क्रम में ईशान किशन या मध्यक्रम में सूर्यकुमार यादव को नहीं खिलाना चाहें। सभी शीर्ष पांच बल्लेबाज गेंदबाजों के मुफीद ग्रीनफील्ड्स स्टेडियम में श्रीलंकाई आक्रमण के खिलाफ और अधिक बल्लेबाजी करना चाहेंगे जिसमें आल राउंडर हार्दिक पंड्या भी शमिल हैं। इसलिए हो सकता है कि गेंदबाजी लाइन-अप में कुछ बदलाव हो। भारत 14 दिन के अंदर ही छह 50 ओवर के मैच (तीन श्रीलंका और इतने ही न्यूजीलैंड के खिलाफ) खेलेगा तो मोहम्मद शमी का कार्यभार निश्चित रूप से भारतीय टीम प्रबंधन के लिए चिंता का मुख्य विषय होगा। जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में उम्मीद है कि शमी बॉर्डर-गावस्कर ट्राफी के दौरान भारतीय आक्रमण की जिम्मेदारी संभालें इसलिए उनका कार्यभार को सबसे ज्यादा ध्यान में रखा जाएगा। अगर वह फिट रहेंगे तो उनके इन चार टेस्ट में 125 से 130 ओवर के करीब गेंदबाजी करने की उम्मीद है। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को विविधता के लिए आजमाया जा सकता है क्योंकि उन्हें भी कुछ गेम टाइम की जरूरत है। अगर विकेट अनुकूल रहता है तो अर्शदीप काफी फायदेमंद हो सकते हैं। कुलदीप यादव फिर से प्लेयर ऑफ द मैच बने थे जिन्हें चोटिल युजवेंद्र चहल (कंधे की चोट) की जगह उतारा गया था। यह देखना दिलचस्प होगा कि अगर वह फिट हो जाते हैं तो कप्तान और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ क्या करेंगे। अक्षर पटेल न्यूजीलैंड श्रृंखला के दौरान निजी कारणों से ब्रेक लेंगे। अगर टीम इस श्रृखंला से पहले वाशिंगटन सुंदर को आजमाना चाहती है तो तीसरा वनडे आदर्श मंच होगा।

### भारतीय क्रिकेटरों ने पद्मनाभस्वामी मंदिर में प्रार्थना की

**तिरूवनंतपुरम।** श्रीलंका के खिलाफ यहां तीसरा वनडे खेलने आए भारतीय क्रिकेट टीम के कुछ सदस्यों ने शनिवार को यहां श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर में प्रार्थना की। सूत्रों ने बताया कि कुछ क्रिकेटर और बीसीसीआई के अन्य अधिकारी सुबह दस बजे मंदिर पहुंचे। इनमें युजवेंद्र चहल, सूर्यकुमार यादव, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, श्रेयस अय्यर और गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे शामिल थे। बीसीसीआई अधिकारियों और मंदिर के अधिकारियों के साथ क्रिकेटरों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की गई। तीसरा वनडे यहां रविवार को खेला जाएगा।

# शास्त्री ने कोहली से कहा था कि सही समय आने पर धोनी उन्हें देंगे कप्तानी

## नई किताब में जिक्र

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व क्षेत्ररक्षण कोच आर श्रीधर ने अपनी नई किताब में खुलासा किया है कि विराट कोहली 2016 में वनडे कप्तानी के लिए बेचैन थे और तब तत्कालीन कोच रवि शास्त्री ने उनसे एम एस धोनी के फैसले का सम्मान करके अपनी बारी आने का इंतजार करने के लिए कहा था। अनुभवी पत्रकार आर कौशिक के साथ लिखी अपनी किताब कोचिंग बियोंड : माय डेज विद इंडियन क्रिकेट टीम में श्रीधर ने भारतीय टीम के साथ अपने अनुभवों का जिक्र किया है।



श्रीधर ने किताब में लिखा , जहां तक कोचिंग ग्रुप का सवाल है तो ऐसा माहौल बनाया गया था जिसमें आप हर खिलाड़ी की आंख में आंख डालकर सच कह सकते चाहे वह कितना ही कड़वा क्यो ना हो। इसमें उन्होंने कोहली के शुरूआती दिनों के एक वाकए का जिक्र किया जब कोहली टेस्ट टीम के कप्तान थे लेकिन सीमित ओवरों में अभी कप्तानी के लिए इंतजार कर रहे थे। 2016 में ऐसा समय था जब विराट सीमित ओवरों की कप्तानी के लिए भी व्याकुल थे। उन्होंने कुछ ऐसी बातें कहीं कि लगा कि वह कप्तानी के लिए बेचैन हैं। एक शाम को रवि ने उसे बुलाया और कहा , देखो विराट, एम एस ने तुम्हे टेस्ट टीम की कप्तानी दी है। तुम्हे उसका सम्मान करना चाहिए। वह सीमित ओवरों की कप्तानी भी तुम्हे देगा लेकिन सही समय आने पर।

# ईशान व सूर्य कुमार समझते हैं कि उन्हें इंतजार करना होगा: राठौड़

**भाषा।** तिरूवनंतपुरम



**भारत के बल्लेबाजी** कोच विक्रम राठौड़ ने शनिवार को कहा कि फॉर्म में चल रहे ईशान किशन और सूर्यकुमार यादव इस बात को समझते हैं कि उन्हें वनडे प्रारूप में अपनी बारी का इंतजार करना होगा। हाल के वर्षों में टी20 अंतरराष्ट्रीय में उनके शानदार प्रदर्शन के बावजूद दोनों खिलाड़ियों को श्रीलंका के खिलाफ चल रही तीन मैचों की श्रृंखला के पहले दो वनडे में शामिल नहीं किया गया जिससे खेल प्रेमी और कुछ पूर्व खिलाड़ी काफी हैरान थे। राठौड़ ने कहा, उन्हें बाहर बैठने के लिए बाध्य नहीं किया गया है, मेरा मतलब है कि अन्य खिलाड़ी भी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। बतौर खिलाड़ी वे भी इस बात को समझते हैं और उन्हें भी अपने मौके का इंतजार करना होगा और वे भी इसकी तैयारी कर रहे हैं, वे कड़ी मेहनत करते हैं और जब भी मौका मिलता है, वे अच्छा करते हैं और अपनी जगह पर डटे रहते हैं। सूर्यकुमार जहां टी20 में दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज हैं और खेल के छोटे प्रारूप में अपनी शानदार लय का लुत्फ उठा रहे हैं तो वहीं ईशान ने श्रीलंका श्रृंखला से पहले बांग्लादेश में अपना वनडे दोहरा शतक जमाया। यह पूछने पर कि ईशान को मध्यक्रम में बल्लेबाजी के लिए कहा जा सकता है तो राठौड़ ने कहा, इस समय, उसे बतौर सलामी बल्लेबाज चुना जा रहा है लेकिन बल्लेबाजी इकाई के तौर पर हम काफी लचीले हैं और अगर किसी को जैसे ईशान को मध्यक्रम में आजमाने की जरूरत होती है तो हमें ऐसा करना पड़ेगा। हालांकि इस समय उसे सलामी बल्लेबाज के तौर पर ही देखा जा रहा है। जब सूर्यकुमार पर चर्चा होने लगी तो राठौड़ ने कहा, उसमें काफी शानदार काबिलियत है, वह अच्छी फॉर्म में रहा है, उसे रिजर्व में रखना शानदार रहा है और उम्मीद है कि जब समय आएगा तो वह यह जिम्मेदारी लेगा और टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करेगा। टीम में इतने बेहतरीन खिलाड़ी का होना शानदार है। इस साल होने वाले वनडे विश्व कप के संबंध में बल्लेबाजी कोच ने कहा, कि खिलाड़ियों के कोर ग्रुप को तय करने के लिए 20 मैच काफी हैं। मुझे लगता है कि हम जिस कोर ग्रुप को चाहते हैं, उसकी छंटनी करने के लिए 20 मैच काफी हैं। बतौर टीम प्रबंधन हम समझते हैं कि हमें किस खिलाड़ी को चुनना है। अगर इस बारे में स्पष्टता है तो मुझे लगता है कि इन निश्चित चीजों पर काम करने के लिए 20 मैच काफी हैं।




### राहुल बेहतरीन कप्तान साबित होंगे : फ्लावर

**अबुधाबी।** इंडियन प्रीमियर लीग की टीम लखनऊ सुपरजायंट्स के कोच एंडी फ्लावर का मानना है कि लोकेश राहुल भारतीय क्रिकेट टीम के बेहतरीन कप्तान हो सकते हैं। राहुल ने सात वनडे, 3 टेस्ट और एक टी20 में भारतीय टीम का नेतृत्व किया है। कुछ समय पहले तक उन्हें तीनों प्रारूप में टीम का नेतृत्व करने के मामले में रोहित शर्मा का उत्तराधिकारी समझा जा रहा था। लेकिन सीमित ओवरों के क्रिकेट में पुरानी शैली की बल्लेबाजी के कारण वह भारतीय टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम से बाहर है। इसके साथ ही आईपीएल में चैंपियन बनने के बाद हार्दिक पांड्या सीमित ओवरों के प्रारूप में भारत के कप्तान बनने के सबसे मजबूत दावेदार है। वह रोहित शर्मा और विराट कोहली और राहुल के गैरमौजूदगी वाली भारतीय टी20 टीम का पहले से ही नेतृत्व कर रहे है। फ्लावर वर्तमान में गल्फ जायंट्स टीम को अपनी सेवाएं दे रहे है। इंटरनेशनल लीग टी20 में अडानी स्पोर्ट लाइन की इस फ्रेंचाइजी टीम के कोच को अपने आईपीएल कप्तान से काफी उम्मीदें है। फ्लावर ने शनिवार को यहां कहा कि राहुल के पास शानदार बल्लेबाजी कौशल है और वह बेहतरीन तरीके से टीम का नेतृत्व कर सकते हैं। केएल (राहुल) एक शानदार बल्लेबाज है। मुझे उसे बल्लेबाजी करते हुए देखना अच्छा लगता है। मै पहली बार उससे तब मिला जब मैं इंग्लैंड लायंस को कोचिंग दे रहा था, हम त्रिवेंद्रम में भारत ए के खिलाफ खेल रहे थे। मै उसी समय से राहुल पर नजर रख रहा हूं।

# मलेशिया ओपन : सात्विक-चिराग सेमीफाइनल में हारे




**भाषा।** कुआलालंपुर

**राष्ट्रमंडल खेलों के** चैम्पियन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी का शानदार सफर शनिवार को यहां मलेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में थम गया। भारतीय जोड़ी को तीन गेम तक चले मैच में चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग की जोड़ी से हार मिली। दुनिया की पांचवें नंबर की भारतीय जोड़ी ने साहसिक प्रयास किया लेकिन लियांग और वांग (17वीं रैंकिंग) ने अंत में बेहतर संयम दिखाते हुए एक घंटे चार मिनट में 21-16 11-21 21-15 से जीत दर्ज की और अपने पहले सुपर 1000 फाइनल में पहुंचे। सातवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी सुपर 1000 टूर्नामेंट में तीसरी बार सेमीफाइनल में पहुंची है। मैच उम्मीद के अनुरूप कड़ी टक्कर वाला रहा जिसमें दोनों जोड़ियां एक दूसरे को परास्त करने के लिए तेज रैलियां खेल रही थीं। पर बाजी मारी चीन की जोड़ी ने। विश्व चैम्पियनशिप के कांस्य पदक विजेता सात्विक और चिराग अब अगले हफ्ते नई दिल्ली में इंडिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में खेलेंगे।

# महिला अंडर 19 टी20 विश्वकप : भारत ने दक्षिण अफ्रीका को हराया

**भाषा।** बेनोनी




**सलामी बल्लेबाज** श्वेता सेहरावत के नाबाद 92 रन और कप्तान शेफाली वर्मा के 16 गेंद में 45 रन की मदद से भारत ने अंडर 19 टी20 विश्व कप के पहले मैच में शनिवार को दक्षिण अफ्रीका को सात विकेट से हरा दिया। दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए जीत के लिए 167 रन का लक्ष्य रखा। भारत के लिए शेफाली और सेहरावत ने सात ओवर में 77 रन की साझेदारी की। भारत के लिए 51 टी20 , दो टेस्ट और 21 वनडे खेल चुकी शेफाली शानदार फॉर्म में दिखी। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों को मनचाहे शॉट खेले। अपनी पारी में उन्होंने नौ चौके और एक छक्का लगाया। वह आठवें ओवर में स्पिनर मियाने स्मिट की गेंद पर आउट हुई। वहीं सेहरावत ने 57 गेंद की अपनी पारी में 20 चौके लगाए। उन्होंने 21 गेंद बाकी रहते भारत को जीत तक पहुंचाया। शेफाली ने गेंदबाजी में भी कमाल करते हुए दो विकेट लिए। दक्षिण अफ्रीका के लिए सिमोन लौरेंस ने 44 गेंद में 61 और इलांढ्री जांसे वान रेंसबर्ग ने 13 गेंद में 23 रन बनाए। बाएं हाथ की स्पिनर सोनम यादव ने रेंसबर्ग को विकेट के पीछे रिचा घोष के हाथों लपकवाकर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद शेफाली ने ओलुहले सियो को पवेलियन भेजा। लौरेंस के 17वें ओवर में रन आउट होने के बाद मेजबान टीम की रनगति पर अंकुश लग गया। टीम ने पांच विकेट पर 166 रन बनाए।

## भारतीय महिला हॉकी टीम नीदरलैंड और दक्षिण अफ्रीका से भिड़ने के लिए सात मैचों के दौरे पर

**भाषा।** बेंगलुरू

भारतीय महिला हॉकी टीम 16 जनवरी से शुरू होने वाले सात मैचों के अभ्यास दौरे पर दक्षिण अफ्रीका जाएगी जिसमें दुनिया की नंबर एक टीम नीदरलैंड के खिलाफ भी तीन मैच शामिल हैं। सविता पूनिया की अगुआई वाली टीम मेजबान दक्षिण अफ्रीका से केप टाउन में चार मैच खेलेगी। इसके बाद 23 जनवरी से तीन मुकाबलों में नीदरलैंड के सामने होगी। सविता ने कहा, हम वार्षिक कैलेंडर में काफी अभ्यास मैच आयोजित कराने के लिए हॉकी इंडिया के आभारी हैं क्योंकि इस साल हम एशियाई खेलों के लिए अच्छी तैयारी करने और पेरिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करने पर ध्यान लगा रहे हैं। भारतीय कप्तान को लगता है कि इस दौरे से टीम को एशियाई खेलों से पहले अपने कमजोर पक्ष को जानने और इन पर काम करने में मदद मिलेगी।

# युकी-साकेत की जोड़ी ने बैंकॉक ओपन चैलेंजर खिताब जीता



**नॉन्थाबुरी (थाईलैंड)।** युकी भांबरी और साकेत मायनेनी की शीर्ष वरीय भारतीय जोड़ी ने शनिवार को यहां पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए बैंकॉक ओपन चैलेंजर खिताब अपने नाम किया। यह एटीपी चैलेंजर टूर में इस जोड़ी की छठी ट्राफी है। युकी-साकेत का यह सातवां फाइनल था। इस भारतीय जोड़ी ने क्रिस्टोफर रूंगकाट और अकीरा सैंटिलान को रोमांचक फाइनल में एक घंटे और 50 मिनट में शिकस्त दी। पिछले साल जोड़ी बनाने वाले युकी-साकेत ने इंडोनेशियाई-आस्ट्रेलियाई जोड़ी को 2-6 7-6(7) 14-12 से हराया। युकी-साकेत ने पिछले साल अप्रैल से अक्टूबर के बीच छह चैलेंजर फाइनल में जगह बनाई जिसमें से पांच में खिताब जीते। शनिवार को मिली इस जीत से 28 वर्षीय युकी एटीपी युगल रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ 90 स्थान पर पहुंच जाएंगे जबकि 35 साल के साकेत को भी अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 74वें स्थान पर पहुंचना चाहिए। अब यह भारतीय जोड़ी सत्र के पहले ग्रैंडस्लैम आस्ट्रेलियाई ओपन में खेलेगी जिसमे उन्हें वाइल्डकार्ड से प्रवेश दिया गया है।

### बाडोसा और टॉमलजानोविच आस्ट्रेलियाई ओपन से बाहर

**मेलबर्न।** अजला टॉमलजानोविच और पौला बाडोसा ने चोटों के कारण शनिवार को आस्ट्रेलियाई ओपन से हटने का फैसला किया। पिछले साल अमेरिकी ओपन में सेरेना विलियम्स को उनके अंतिम मैच में हराने वाली 35वीं रैंकिंग की टॉमलजानोविच घुटने की चोट से जूझ रही हैं जिसके कारण उन्हें इस महीने यूनाईटेड कप से भी हटना पड़ा था। मेलबर्न पार्क में बाडोसा को 11वीं वरीयता मिली थी लेकिन उनकी जांघ में चोट लगी है जिससे वह आस्ट्रेलियाई ओपन में नहीं खेल पाएंगी। इन दोनों के बाहर होने से लियोलिया जीनजीन और लौरा पिगोसी को सोमवार से शुरू होने वाले साल के पहले ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के मुख्य ड्रा में जगह मिली।